धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार
13.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

फाल्गुन , कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 213



## न्यूज डायरी

### प्लोंजा घाटी में वाहन पलटा 8 जवान घायल

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ थाना क्षेत्र के लोंजो घाटी में बुधवार को सीआरपीएफ जवानों को नक्सल विरोधी अभियान से लेकर लौट रहा एक पिकअप वाहन पलट गया। इस दुर्घटना में सीआरपीएफ 60 बटालियन के 8 जवान गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। इनमें छह की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायल जवानों का इलाज चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल में चल रहा है। दो जवानों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घायल जवानों में श्वेत बिरुवा, आरसी दास, निरंजन बिनजोग, आर हेंब्रम, सारण गणेश, एके टोप्पो समेत अन्य शामिल हैं। सीआरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार करीब साढ़े बारह बजे सीआरपीएफ 60 बटालियन के करीब 12 जवान अभियान से लौट रहे थे। इस क्रम में वाहन असंतुलित होकर घाटी में पलट गया। सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट अंबुज मुथल ने रेलवे अस्पताल पहुंचकर इलाजरत घायल जवानों का हाल जाना और चिकित्सकों से जानकारी ली।

### ममता को बड़ा झटका अभिजीत कांग्रेस में गये

**कोलकाता।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पुत्र अभिजीत मुखर्जी कांग्रेस में शामिल हो गये। उन्होंने सीएम ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी का दामन बुधवार को छोड़ दिया। वह 2021 में टीएमसी में शामिल हुए थे। औपचारिक रूप से कांग्रेस पार्टी में लौटने के बाद अभिजीत ने दूसरी पार्टी में शामिल होने को एक बड़ी गलती बताया। कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर ने कहा, अभिजीत के आने से बंगाल में पार्टी और मजबूत होगी।

### भारत ने 16 बांग्लादेशियों को वापस भेजा

**अहमदाबाद।** गुजरात की अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने 16 बांग्लादेशी प्रवासियों को निर्वासित कर दिया है। इतना ही नहीं मार्च के अंत तक 36 और लोगों को निर्वासित करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जुलाई 2024 से अब तक गुजरात में दो नाबालिगों समेत कम से कम 52 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है।

### आचार्य सत्येंद्र महाराज नहीं रहे, शोक की लहर

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र कुमार दास महाराज का निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर राष्ट्रपति, पीएम, यूपी के सीएम समेत देश भर के नेताओं और संत समाज ने शोक जताया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सहित अयोध्या धाम के संत-धमार्चायों ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया।

## शहीद कैप्टन करमजीत को राज्यपाल समेत सभी ने एयरपोर्ट पर दी श्रद्धांजलि

# आज हजारीबाग में अंत्येष्टि

**5 अप्रैल को होनी थी शादी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जम्मू कश्मीर में शहीद हुए हजारीबाग (झारखंड) के वीर सपूत कैप्टन करमजीत का पार्थिव शरीर बुधवार की शाम विशेष विमान से रांची लाया गया। रांची एयरपोर्ट पर शहीद कैप्टन को राज्यपाल, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि दी। शहीद की एक झलक पाने को एयरपोर्ट पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर के पास मंगलवार को आइइडी धमाके में कैप्टन करमजीत वीरगति को प्राप्त हो हो गये थे। शहीद कैप्टन करमजीत 5 अप्रैल को वह विवाह के बंधन में बनने वाले थे। शादी की तैयारी के लिए वे 10 दिन पहले हजारीबाग में थे। बाद में वे ड्यूटी पर कश्मीर चले गये। 29 मार्च को हजारीबाग में शादी से जुड़ी रस्में निभाई जानी थीं। अप्रैल में जम्मू में ही शादी तय थी। शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी उर्फ पुनीत हजारीबाग के झूलू पार्क के रहने वाले थे। वे अजिंदर सिंह बक्शी और नीलू बक्शी के इकलौते बेटे थे। रांची एयरपोर्ट पर सेना के अधिकारियों ने भी शहाद को नमन किया और पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ झारखंड के हजारीबाग जिले स्थित उनके पैतृक आवास पर भेज दिया गया। शहीद कैप्टन करमजीत का अंतिम संस्कार गुरुवार को हजारीबाग में ही किया गायेगा। शहीद कैप्टन का पूरा परिवार हजारीबाग में रहता है। पिता राजेंद्र सिंह हजारीबाग में टेंट हाउस का कारोबार करते हैं।

### सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुख

वहीं कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की शहादत पर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। उन्होंने मरांग बुरु से शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान करने और परिवारजनों को यह पीड़ा सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। सीएम ने कहा, मरांग बुरु शहीद जवानों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### पिता को शहादत पर गर्व

जैसे ही झारखंड के लाल की शहादत की खबर आम लोगों तक पहुंची, उनके घर लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। पूरा इलाका भारत माता की जय से गूंज रहा है। शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के पिता अजिंदर सिंह बक्शी ने अपने बेटे की शहादत पर गर्व करते हुए बताया कि करमजीत सिंह बचपन से ही सेना में जाना चाहते थे। परिवार वाले दुखी है, लेकिन उन्हें इस बात पर गर्व भी है कि उनके बेटे ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी।

## महाकुंभ : उमड़े श्रद्धालु, 10 लाख कल्पवासी विदा

# माघी पूर्णिमा पर दो करोड़ लोगों ने संगम में लगायी पवित्र डुबकी



**एजेंसी**

प्रयागराज। महाकुंभ के पांचवे अमृत स्नान स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया। सुबह के 10 बजे तक 1.30 करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगा ली थी। तड़के से ही महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी रहा। देर रात तक आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता रहा। अब तक 47.45 करोड़ से अधिक लोग यहां स्नान कर चुके हैं। सभी कल्पवासी माघी स्ना के बाद विदा हो गये। फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी पवित्र स्नान के हाद कहा, मैंने भी गंगा नहा लिया। सीएम योगी आदित्यनाथ सुबह चार बजे से ही लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में स्थापित वॉर रूम से मेला क्षेत्र की निगरानी करते रहे।

## मुफ्तखोरी की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट विफरा, कहा

# फ्रीबीज से लोग काम नहीं करना चाहते

**केंद्र से कहा- परजीवियों की जमात खड़ी कर रहे हैं**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव से पहले मुफ्त में दिये जाने वाले योजनाओं (फ्रीबीज)की घोषणा करने की प्रथा की कड़ी निंदा की। कोर्ट ने कहा, 'लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि आप उन्हें मुफ्त राशन दे रहे हैं। बिना कुछ किये उन्हें पैसे दे रहे हैं। लोग काम करने को तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने केंद्र से कहा- ऐसा करके आप परजीवियों की जमात खड़ी कर रहे हैं। यह टिप्पणी जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने की। मामले की अगली सुनवाइ छह सप्ताह बाद होगी। पीठ शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि हम उनके लिए आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाये। उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान करने की अनुमति दी जाये। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जिसमें शहरी बेघरों के लिए आश्रय के प्रावधान सहित विभिन्न मुद्दों का समाधान किया जायेगा।

# भारत ने किया इंग्लैंड का सफाया

**एजेंसी**



**अहमदाबाद।** गिल (112) और श्रेयस अय्यर (78) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के कातिलाना अंदाज की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां श्रृखंला के तीसरे और अंतिम एक दिवसीय मैच में इंग्लैंड को 142 रन से रौंद कर 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्राफी के लिये अपने मजबूत इरादों का इजहार किया। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर भारत ने पहले खेलते हुये 356 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में इंग्लैंड की पारी 34.2 ओवर में 214 रन बना कर सिमट गयी। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की श्रृखंला 3-0 से अपने नाम कर ली। चैंपियंस ट्राफी से पहले अपने अंतिम मैच में विराट कोहली (52) ने अपनी खोई फार्म को हासिल कर लिया,जिससे कोच गौतम गंभीर समेत समूचे भारतीय खेमे में संतोष का भाव नजर आया। कोहली को हालांकि आज भाग्य का सहारा भी मिला और कुछ मौकों पर वह अपना विकेट बचाने में सफल रहे।

## मैक्रों से विदा ले कर वाशिंगटन पहुंचे मोदी

# भारत से पिनाक रॉकेट लांचर खरीदेगा फ्रांस

**एजेंसी**

**पेरिस, नयी दिल्ली।** फ्रांस की अपनी यात्रा पूरी कर पीएम मोदी वाशिंगटन पहुंच गये। बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों खुद उन्हें छोड़ने के लिए एयरपोर्ट तक आये। राष्ट्रपति ने गले लगाकर पीएम मोदी को विदा किया। इससे पूर्व भारत और फ्रांस के बीच 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। इनमें प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग शामिल है। फांस ने भारत से पिनाक रॉकेट लॉन्चर खरीदने पर सहमति दी है। पीएम मोदी ने कहा कि फ्रांस की ओर से भारत के पिनाक रॉकेट लॉन्चर की खरीद से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में मजबूती आयेगी। फ्रांसीसी सेना को पिनाक रॉकेट लांचर को करीब से देखने के लिए आमंत्रित भी किया है। उन्होंने कहा, यह भारत-फ्रांस रक्षा संबंधों में एक और मील का पत्थर होगा। फ्रांस से विदा होने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, धन्यवाद फ्रांस ! एक सार्थक यात्रा समाप्त हुई, जहां मैंने एआई, वाणिज्य, ऊर्जा और सांस्कृतिक संबंधों से लेकर कई कार्यक्रमों में भाग लिया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और फ्रांस के लोगों का आभार। दोनों नेताओं ने मुलाकात के दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विभिन्न वैश्विक मंचों एक दूसरे की मदद और आपसी भागीदारी को और मजबूत करने पर भरोसा जताया। बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ खास वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों को शामिल किया गया। राष्ट्रपति ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए फ्रांस के दृढ़ समर्थन को दोहराया।

नौवीं पुण्यतिथि



स्व. वेद प्रकाश भाटिया जी

(10.12.1937-13.02.2016)

। न जायते म्रियते कदाचिअयं भूत्वा भविता वा न भूयः ।
।। अजोनित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे ।।

भावपूर्ण/भावभीनी श्रद्धांजलि

समस्त भाटिया परिवार व समस्त कर्मचारीगण

PUNJAB SWEET HOUSE
kaveri RESTAURANT
CAPITOL HOTELS
Kaveri

## खूंटी कस्तूरबा स्कूल की बेटियों ने रचा इतिहास

# 17 छात्राओं ने पास की जेइइ मेन परीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी से सटे खूंटी जिले की 17 आदिवासी बच्चियों ने जेइइ मेन 2025 परीक्षा पास कर इतिहास रच दिया है। यह पहला मौका है, जब एक साथ एक स्कूल में पढ़ने वाली इतनी बच्चियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेन पास की है। जिला प्रशासन खूंटी द्वारा संचालित 'सम्पूर्ण शिक्षा कवच' अभियान के तहत शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जिला प्रशासन ने सभी बच्चियों को शुभकामनाएं दी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद इन बच्चियों ने यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। (शेष 11 पर)

### डीसी लोकेश मिश्रा ने कहा- गर्व की बात



इस उपलब्धि पर खूंटी डीसी लोकेश मिश्रा ने सभी छात्राओं को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन 17 छात्राओं ने यह साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाओं के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत शिक्षकों और जिला प्रशासन द्वारा किए गए सतत प्रयासों की भी पुष्टि करती है। हम आगे भी इसी तरह छात्रों के समग्र सहयोग हेतु प्रयासरत रहेंगे।

## भ्रष्टाचार पर नकेल कसने को तैयार है राज्य की हेमंत सरकार

# राप्रसे के तीन अफसरों पर विभागीय कार्यवाही, एक को निंदन की सजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के तीन अफसरों पर बीते दो माह के भीतर गाज गिरी है। इन पर टेंडर में अनियमितता, मनरेगा में गड़बड़ी, और स्ट्रीट लाइट खरीद में अनियमितता के आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने इन अफसरों पर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश दिया है। वहीं एक अफसर को निंदन की सजा दी गयी है।

**अड़की की तत्कालीन बीडीओ पर चलेगी विभागीय कार्यवाही**

अड़की की तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मेरी मड़की पर मनरेगा योजना के तहत मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना में अनियमितता बरतने, बिना कार्य किये राशि भुगतान कर वित्तीय अनियमितता करने, फर्जी मस्टर रोल बनाने, अभिलेखों को सही तरीके से संधारित न करने और योजनाओं के पर्यवेक्षण में लापरवाही करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है।

### नामकुम के तत्कालीन सीओ को निंदन की सजा

नामकुम के तत्कालीन सीओ मनोज कुमार के खिलाफ जन सूचता पदाधिकारी के रूप में आवेदक को शपथ पत्र उपलब्ध नहीं करवाने और आयोग के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखने के आरोप में निंदन की सजा दी गयी है। बता दें कि निंदन की सजा के तहत, कर्मचारी की प्रोन्नति रोक दी जाती है। यह सजा, कर्मचारी की सर्विस बुक में दर्ज की जाती है।

### तत्कालीन संयुक्त सचिव पर टेंडर में गड़बड़ी का आरोप

राज्य सरकार ने पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार संजय कुमार प्रसाद के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। उन पर रांची में पदस्थापन के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग संहिता, 2012 के नियम 183(अ) का उल्लंघन करने का आरोप है। यह भी आरोप है कि संजय कुमार प्रसाद ने विभागीय निविदा समिति के सदस्य के रूप में निविदित दर से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे तक कोट किए गए निविदाओं को एल वन मानते हुए निविदा आबंटित किया। यह मामला प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाया गया है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

### अंडर सेक्रेट्री पर बिना अनुमति के ही अनुपस्थित रहने का आरोप

कृषि विभाग के तत्कालीन अंडर सेक्रेट्री अनिल कुमार सिंह पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप है। सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। वंशीधर नगर पंचायत गढ़वा के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के खिलाफ सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है। इनके खिलाफ बंशीधरनगर नगर पंचायत में सोलर लाइट अधिष्ठापन और फोर्निंग मशीन क्रय में अनियमितता का आरोप है।

## एयरो इंडिया में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया नौसेना के सेमिनार का उदघाटन

# रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने लगायी एक बड़ी छलांग : संजय सेठ

■ मित्र देशों के साथ साझेदारी से और सशक्त हो रही नौसेना



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया में बुधवार को तीसरे दिन भारतीय नौसेना के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार का उदघाटन रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया। इस सेमिनार का आयोजन आत्मनिर्भर भारतीय नौसेना विमानन 2047 प्रौद्योगिकी रोडमैप विषय पर किया गया। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए नौसेना द्वारा रक्षा निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य और इनकी प्रतिबद्धताएं प्रशंसनीय हैं। यह बहुत ही सुखद है कि भारतीय शिपयार्ड में 60 जहाज निर्माणाधीन हैं। यह भारतीय नौसेना की बड़ी उपलब्धि है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मेक इन इंडिया में अग्रणी रहने व आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा उत्पादों को बढ़ाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय का हर कार्य और प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विमानवाहक पोत, छोटे गश्ती जहाज, पनडुब्बियों के साथ अन्य रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने एक बड़ी छलांग लगाई है। यह रक्षा क्षेत्र में भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत के आर्थिक पुनरुत्थान, सरकार की पहल और रक्षा उत्पादों को बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण विगत एक दशक में नौसेना ने किया है। भारत दुनिया के साथ अनुसंधान, विकास और रक्षा उत्पादन में संयुक्त साझेदारी के साथ काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया के साथ रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एडमिरल जेबी सिंह सहित नौसेना के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में भ्रष्टाचार का खेल

■ बड़े पैमाने पर उच्च पदों का सृजन कर अपने चहेतों को उन पर प्रोन्नति देने का हो रहा खेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां व्यक्तिगत मनमानी अपने चरम पर है। इस पर राज्य सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एक ऐसा संस्थान है जो करोड़ों रुपए प्रतिमाह नुकसान में रहने के बावजूद नियमों के आड़ में अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने में लगा हुआ है। निगम द्वारा अपने अनुषंगी कंपनियों में बड़े पैमाने पर उच्च पदों का सृजन करते हुए अपने चहेतों को उच्च पदों पर प्रोन्नति प्रदान किए जाने का खेल धड़ल्ले से अभी चल रहा है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी तकनीकी विभाग के लिए उच्च स्तर जैसे कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक के पद इसलिए स्वीकृत किए जा रहे हैं कि इससे उनके चहेतों को पद पर प्रोन्नति प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचना के अनुसार निगम में नीचे के स्तर के पदों पर कर्मियों की भारी से भारी कमी है। लगभग 15% नियमित कर्मचारी (लाइनमैन, एस।बी।ओ, कंप्यूटर ऑपरेटर आदेशपाल, ड्राइवर, मैसेंजर इत्यादि) 15% कनीय विद्युत अभियंता, 20% सहायक विद्युत अभियंता और इसी प्रकार लेखा विभाग में 10% कनीय प्रबंधक एवं लगभग 17% के आसपास प्रधान प्रबंधक ही उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि विद्युत अनुरक्षण, बिल विपत्रीकरण राजस्व संग्रहण एवं उपभोक्ताओं के समस्याओं का निराकरण इत्यादि सभी कार्य इन्हीं के स्तर पर किए जाते हैं परंतु निगम द्वारा इन रिक्त पदों पर नियुक्ति करनी चाहिए थी, ताकि निगम का राजस्व संसाधन एवं सर्वांगीण विकास होता परंतु निम्न स्तर के पदों पर नियुक्ति न कर उच्च पदों की स्वीकृति दी गई है, ताकि उनके चहेतों को उक्त पदों पर प्रोन्नति पैसे लेकर दी जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ राज्य सरकार से मांग करता है कि वे इस मामले की जांच कराएं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें। अजय राय ने बताया कि जल्दी इस मुद्दे पर कानूनी सलाह लेकर वह कोर्ट जाएंगे।

## कई देशों के रक्षा प्रतिनिधियों से मिले संजय सेठ, कहा

# एयरो इंडिया कार्यक्रम रक्षा क्षेत्र में दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का परिचायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** एरो इंडिया 2025 में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 सचिव, 17 सेवा प्रमुखों ने अपनी सशक्त भागीदारी निभाई है। बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आर्मेनिया के उप रक्षा मंत्री, चाड के सेवा प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के निदेशक, श्रीलंका के रक्षा सचिव, फ्रांस के रक्षा प्रतिनिधि, वेनेजुएला के उप मंत्री सहित कई देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि एयरो इंडिया 2025 कार्यक्रम रक्षा के क्षेत्र में दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का परिचायक है। भारत की कई देशों के साथ रक्षा क्षेत्र में साझेदारी बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कुशल नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में नित्य नये आयाम स्थापित कर रहा है।

### एनएलयू को फंड देने के मामले में सुनवाई कल



**रांची।** झारखंड नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को फंड देने के मामले में सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए बुधवार को हाईकोर्ट से समय मांगा। सरकार की ओर से बताया गया कि जवाब तैयार हो गया है, उसे जल्द दाखिल कर दिया जाएगा। इस पर चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सरकार को एक दिन का समय देते हुए सुनवाई शुक्रवार को निर्धारित की। एनएलयू ने विश्वविद्यालय के सुगम संचालन के लिए सरकार से फंड देने का आग्रह किया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# बोकारो मुठभेड़ केस की जांच को सीआईडी ने किया टेकओवर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सीआईडी ने बोकारो के पेंक नारायणपुर में भाकपा माओवादियों के साथ मुठभेड़ के केस की जांच शुरू कर दी है। बोकारो के पेंक नारायणपुर में 22 जनवरी को सुरक्षाबलों के साथ माओवादी रणविजय महतो के दस्ते का मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान 15 लाख के ईनामी रणविजय को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान हुए मुठभेड़ में रणविजय की पत्नी व एरिया कमांडर भांति देवी और मनोज नाम के माओवादी मारे गए थे। पूरे मामले में प्रारंभिक जांच बोकारो पुलिस के द्वारा की गई थी। वहीं, इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय ने सीआईडी को जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद सीआईडी ने केस को टेकओवर कर लिया है।

**अब भी झुमरा-लुगू इलाके में कैंप कर रहा विवेक :** झारखंड पुलिस के मुताबिक, 22 जनवरी को एक करोड़ का ईनामी सेंट्रल कमेटी सदस्य विवेक का दस्ता बोकारो के झुमरा व लुगू पहाड़ के इलाके में कैंप कर रहा था। इस दौरान पारसनाथ की तरफ से रणविजय का दस्ता उससे मिलने के लिए ही रवाना हुआ था, लेकिन संयुक्त बलों के अभियान के दौरान रणविजय के दस्ते को नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, विवेक का दस्ता अब भी उसी इलाके में कैंप कर रहा है।

# आयुष्मान योजना को लेकर राज्य सरकार ले रही अव्यावहारिक फैसला : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड से विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत की शुरूआत की थी लेकिन, अब झारखंड सरकार की एक अव्यवहारिक फैसले ने आमजनों के लिए समस्यायें उत्पन्न कर दी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत झारखंड सरकार ने नया नियम जारी किया है। इसमें केवल 50 बेड शहरी और 30 बेड ग्रामीण वाले निजी अस्पताल की योजना में शामिल होंगे। इससे सैकड़ों छोटे अस्पताल बाहर हो जायेंगे। इससे गरीब मरीजों को इलाज में दिक्कत होगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां छोटे अस्पतालों पर निर्भरता ज्यादा है। मरीजों को महंगे और दूर के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ेगा। इससे स्वास्थ्य सेवायें गरीबों के लिये और सीमित हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करे। ताकि कोई भी व्यक्ति आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि अगर कहीं गड़बड़ी हो रही है, तो उसकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें।

# राज्य के 66 लाख से अधिक परिवारों को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ

66 लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा

झारखंड में आयुष्मान भारत योजना की नई बीमा अवधि शुरू

### क्या है योजना की खासियत

- नई बीमा अवधि में 534 नए पैकेज शामिल किए गए हैं।
- पुराने पैकेजों के रेट रिवाइज किए गए हैं।
- उच्च अंत प्रक्रियाएं, उच्च अंत दवा, और उच्च अंत निदान की प्रक्रियाएं शामिल की गई हैं।
- टीएमएस 2.0 वर्जन को लागू किया गया है, जिससे अस्पतालों को काम करने में सुविधा होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य में आयुष्मान भारत योजना की नई बीमा अवधि शुरू हो गई है। इस योजना के तहत, राज्य के 66 लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। योजना के तहत, सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके अंतर्गत 534 नये पैकेज भी शामिल किये गये हैं एवं पुराने पैकजों के रेट रिवाईज किये गये हैं। नये पैकेज के आने से अस्पताल नये रोगों का इलाज योजनान्तर्गत कर सकेंगे।

### वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को मिले दो आप्त सचिव



**रांची।** राज्य सरकार ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के लिए दो आप्त सचिवों की नियुक्ति की है। विशेष अंचल रांची के राज्य कर सहायक आयुक्त नरेंद्र कुमार और धनबाद अंचल के राज्य कर पदाधिकारी अनिरबान आइच को वित्त मंत्री का आप्त सचिव बनाया गया है। मंत्रिमंडल विभाग के अपर सचिव राजीव रंजन के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के आप्त सचिव की नियुक्ति अस्थायी रहेगी और किसी भी वक्त बिना किसी सूचना के इन्हें हटाया भी जा सकता है।


## AFFIDAVIT

JOGENDAR YADAV, S/O-GOBARDHAN YADAV, Resident of Gram+Post-Bariyatu, Balumath, Latehar, Jharkhand- 829202. do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
That I am a permanent resident of the above address and I am an Indian citizen.
That My Name JOGENDAR YADAV and my father's name GOBARDHAN YADAV is true and correct and my correct D.O.B. is 01.05.1998 which is printed in my Pan Card and Aadhar card. (Pan Card No: BFBPY2885J, Aadhar card No. 2747 0932 5969) So, for Some Reason my Name Becomes YOGENDAR YADAV and my father's name Becomes DAHARA YADAV and my D.O.B. Becomes 05.07.1999 in LIC Policy. (Policy no-00931551) Both JOGENDAR YADAV and YOGENDAR YADAV and Both GOBARDHAN YADAV and DAHARA YADAV are the same person.
All the above things are true and correct to my knowledge, if found to be wrong, I will be solely responsible for it.


### बाल संरक्षण संस्था और दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की होगी नियुक्ति, आदेश जारी

**रांची।** केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य योजना के तहत झारखंड में बच्चों की देखरेख और संरक्षण के लिए कुछ नयी नियुक्तियां होंगी। झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था में संविदा पर तीन कार्यक्रम पदाधिकारी की नियुक्ति होगी, इसमें एसटी, एससी और बीसी वन के एक-एक पद हैं। इसके अलावा, लेखा अधिकारी, लेखापाल और लेखा सहायक के लिए एक-एक पद पर नियुक्तियां की जायेंगी, जो सभी जनरल श्रेणी के होंगे। राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण में दो पदों पर भी नियुक्ति होगी।

# स्वाथ्य उपकेंद्रों को मिला क्वालिटी सर्टिफाइड का दर्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी जिले के तीन सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान एएएम एसएचसी जरियागढ़, एएएम एसएचएस और एएएम एसएचएस बुरजू को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत क्वालिटी सर्टिफाइड का दर्जा प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर द्वारा किया गया, जो भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत कार्यरत है। जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को बताया गया कि ये तीनों स्वास्थ्य संस्थान जनवरी में संपन्न राष्ट्रीय स्तर के बाह्य मूल्यांकन में शामिल हुए थे, जहां इनकी गुणवत्ता, सेवाओं और आवश्यक मापदंडों की जांच की गई। मूल्यांकन में इन संस्थानों ने जो स्कोर प्राप्त किये इनमें एएएम एसएचएस जरियागढ़ 90.18 प्रतिशत, एएएम एसएचएस बिरदा 88.66 % और एएएम एसएचएस बुरजू 88.26 % शामिल हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन यह सुनिश्चित करता है कि इन स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा कर्मियों के समर्पण का परिणाम है।

उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रमाणन जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और नागरिकों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि वे आगे भी सेवा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहें। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य देशभर के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं को एक निर्धारित मानक के अनुरूप बनाना है, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्या मिल सके।


## शपथ पत्र

नोटरी पब्लिक हुसैनाबाद



मुलुकुला देवी उम्र - 74 वर्ष पति फगुनी सिंह यादव मोहम्मदगंज, पोस्ट +थाना मोहम्मदगंज जिला-पलामू, राज्य - झारखंड :-


1. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या- 8966 3787 9726 में मेरा नाम मुलुकुला देवी दर्ज है।
2. यह कि मेरे पति के सर्विस बुक में मेरी नाम मुला देवी दर्ज है।
3. यह कि मुलुकुला देवी एवं मुला देवी दोनों नाम की मैं ही एक महिला हूं।
4. यह कि मैं अपना आधार कार्ड में मुलुकुला देवी के स्थान पर सुधार कर सही नाम मुला देवी अंकित कर सुधार करवाने हेतु यह शपथ पत्र समर्पित कर रही हूं।



## भाजपा विधायक दल के नेता की दौड़ में बाबूलाल मरांडी सबसे आगे


# बजट सत्र से पहले झारखंड को मिलेगा नेता प्रतिपक्ष

■ संभवतः 22 फरवरी को केंद्रीय पर्यवेक्षक की मौजूदगी में होगी भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव

**उदय चौहान**







**रांची।** विधानसभा में 24 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले झारखंड को नेता प्रतिपक्ष मिल जायेगा। इसके लिए भाजपा के अंदर कवायद जारी है। संभवतः 22 फरवरी को भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव हो जायेगा। दरअसल, 28 नवंबर को हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और 5 दिसंबर को कैबिनेट का पूर्ण विस्तार हो गया था। बावजूद इसके प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने अब तक विधायक दल का नेता नहीं चुना है। अच्छा खासा वक्त गुजर चुका है। फिर भी अभी तक सदन को नेता प्रतिपक्ष नहीं मिला है। नेता प्रतिपक्ष का मनोनयन नहीं होने से मुख्य सूचना आयुक्त समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति लंबित है। इसी मामले में 7 जनवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि दो सप्ताह के भीतर नेता का चयन कर सूचित करें। फिर भी मामला अटका हुआ है।

सूत्रों के अनुसार फिलहाल भाजपा का आंतरिक चुनाव व संगठन महापर्व की प्रक्रिया चल रही है।बाबूलाल मरांडी के स्थान पर मार्च से पहले नया प्रदेश अध्यक्ष का चयन भी होना है। चर्चा है कि बाबूलाल मरांडी विधायक दल के नेता पद के दौड़ में सबसे आगे हैं। इसके अलावा वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन के नाम पर भी चर्चा हो रही है। हालांकि, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व संभवतः 22 फरवरी को विधायक दल के नेता का चयन कर सकता है। इसके लिये केंद्रीय नेतृत्व को तमाम जानकारी दी गयी है। भाजपा को अगले पांच साल तक विपक्ष की भूमिका में रहना है। इसके मद्देनजर नेताओं की नई पौध तैयार करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

इधर, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष का चयन करना भाजपा का दायित्व है। इसपर टिप्पणी करना उचित नहीं है। लेकिन आश्चर्य है कि कई मामलों में त्वरित निर्णय लेने वाली भाजपा इस मामले में विलंब क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के अभाव में कई संवैधानिक पदों पर चयन नहीं हो पा रहा है। सरकार गठन के दो माह हो चुके हैं। भाजपा विधायक सीपी सिंह का कहना है कि यह फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व को करना है। उचित समय पर उचित निर्णय आ जायेगा। उन्होंने बताया कि बजट सत्र शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा हो सकती है।

## झारखंड के बच्चे वेदों व शास्त्रों की करेंगे पढ़ाई

# रांची और देवघर में वैदिक स्कूल खोलने की योजना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के बच्चे अब वेदों और शास्त्रों की पढ़ाई करेंगे। उनके लिए रांची और देवघर में वैदिक स्कूल खोलने की योजना है। इस पर काम शुरू कर दिया गया है। बताते चलें कि कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी विजयेंद्र सरस्वती ने झारखंड में वैदिक स्कूल संचालित करने के लिए हामी भर दी है। इसके लिए कांची पीठ ने झारखंड के धार्मिक न्यास बोर्ड को पत्र भेजा है। वैदिक स्कूलों की स्थापना से झारखंड के बच्चों को वेदों और शास्त्रों की जानकारी मिलेगी, जिससे वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को गहराई से समझ पाएंगे।

### वैदिक स्कूलों की स्थापना को सरकार से अपेक्षा

धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने कहा कि झारखंड में वैदिक स्कूल खोलने के लिए राज्य सरकार से सहयोग मांगा जा रहा है। इसके लिए रांची और देवघर में दो वैदिक स्कूल खोले जाएंगे।

**वैदिक स्कूलों के लिए जमीन की व्यवस्था :** कांची पीठ ने स्कूल के लिए दो से तीन एकड़ जमीन उपलब्ध कराने को कहा है। न्यास बोर्ड ने रांची और देवघर में बंद पड़े संस्कृत विद्यालय को चिह्नित किया है। बोर्ड की ओर से सरकार से आग्रह किया जाएगा कि यह जमीन न्यास बोर्ड को लीज पर दी जाये।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



मुगलों के दांत खट्टे करने वाले महाराणा प्रताप सिसोदिया की यह शानदार प्रतिमा जमशेदपुर पुराना कोर्ट से आगे मरीन ड्राइव गोलचक्कर पर लगी हुई है। उनका जन्म 9 मई, 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था। वे मेवाड़ के 13वें राजपूत राजा थे। उनके पिता का नाम महाराणा उदय सिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जयवंता बाई था। वे अपने पच्चीस भाइयों में सबसे बड़े थे। वे एक महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। उन्होंने मुगलों के बार-बार हुए हमलों से मेवाड़ की रक्षा की। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

# आदिवासी परंपरा रूढ़िवादी व्यवस्था को कायम रखने के लिए पेसा कानून 1996 बहुत ही जरूरी : जेवी तुबीद

■ सलगाझुड़ी में आदिवासी महापंचायत सलगाझुड़ी में संपन्न, विभिन्न क्षेत्रों से हुआ प्रतिनिधित्व

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आदिवासी सुरक्षा परिषद जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष राम सिंह मुंडा की अध्यक्षता में आदिवासी महापंचायत का आयोजन आदिवासी कला -संस्कृति मैदान, सलगाझुड़ी (जमशेदपुर) किया गया, जिसमें पेसा कानून 1996 को आधार मानकर नियमावली बनाकर लागू करने हेतु एवं अन्य आदिवासी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के में पूर्व आई ए एस जे बी तुबिद, मुख्य अतिथि जबकि मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष रमेश हांसदा और महासचिव जयपाल मुर्मू मौजूद थे।

**इस अवसर पर निम्नलिखित प्रताव पारित किया गया –**

1, केंद्रीय कानून पेसा 1996 के आधार पर नियमावली बनाकर झारखंड के अनुसूचित क्षेत्रों में लागू किया जाए।

2 नया पेसा नियमावली बनाने के उपरांत आम लोगों के लिए सार्वजनिक किया जाए ।

3. टाटा लीजा नवीकरण से पहले आदिवासियों के हित में आदिवासी युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए शहर के अंदर आदिवासी बाजार की व्यवस्था किया जाए, और युवा आदिवासियों को दुकान आवंटन किया जाए, और टाटा स्टील द्वारा आदिवासी विश्वविद्यालय का निर्माण किया जाए,



महापंचायत में भाग लेते पूर्व आइएएस एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबीद व अन्य वक्ता।

झारखंड सरकार के आने वाले विधानसभा सत्र के प्रथम दिन को जमशेदपुर डीसी मुख्यालय के समक्ष पेसा कानून लागू करने के लिए एकदिवसीय भूख हड़ताल किया जाएगा । जमशेदपुर प्रखंड कमेटी का अध्यक्ष गुलशन टुडू को बनाया गया ।जल्द ही जमशेदपुर प्रखंड में धरना के माध्यम से पेसा कानून लागू करने की मांग की जाएगी । इस सभा को संबोधित करते हुए पूर्व आईएएस जेबी तुबिद ने कहा कि राज्य सरकार जानबूझकर पेसा कानून को लागू नहीं करना चाहती है। पेसा कानून लागू होने से आदिवासियों का स्वशासन व्यवस्था मजबूत होगा ।जल जंगल जमीन पर आदिवासियों का अधिकार होगा।

4. इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष रमेश हांसदा ने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी नौजवान एक बड़ी आंदोलन के लिए तैयार हो जाएं । यदि इस बार नौजवान चूक जाएंगे रोजगार का युवाओं को मौका नहीं मिलेगा , पेसा कानून का लागू होने से रोजगार के नए माध्यम शुरू होंगे। हम अपनी खोई हुई जमीन को वापस पा सकेंगे ।जयपाल मुर्मू ने कहा कि हमारी परंपरा और हमारी विरासत को जीवित रखने के लिए पेसा लगाना जरूरी है। राम सिंह मुंडा ने कहा कि पेसा कानून को लागू करने के लिए जन जागरण कार्यक्रम चलता रहेगा, रामसिंह मुंडा ने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठान में आदिवासियों को लिए भी रोजगार की व्यवस्था की जानी चाहिए। आने वाले दिनों में धरना के माध्यम से अपनी बातों को रखेंगे। मौके पर प्रकाश शांडिल्य, शरद सरदार शरद सिंह सरदार, (पटमद भीमसेन भूमिज, (मुखिया) प्रभु राम मुंडा (मुखिया), रणजीत सिंह (मुखिया), चंदन सिंह आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### रेडक्रॉस और यूसील का संयुक्त नेत्र जांच आज

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार की उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ सीएसआर के अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिस कड़ी में 13 फरवरी को बगुलासाई में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर से बगलुसाई, मेचुआ, करमघुटु, बोनडीह के ग्रामीण लाभ उठा पायेंगे।

### टीबी मरीजों में 18 को रेडक्रॉस बांटेगा किट

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा टी.बी. मरीजों के लिए चलाये जा रहे प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के 31वें महीने का पोषण किट 18 फरवरी को रेड क्रॉस भवन से प्रदान किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम की शाखा ने इस अभियान की निरन्तरता को बनाये रखा है और लगातार इस अभियान के तहत टी.बी. मरीजों को एक माह के राशन के साथ विटामिन प्रदान कर उनके स्वास्थ्य लाभ हेतु मदद कर रही है। ज्ञातब्य हो कि वर्ष 2022 के अगस्त माह से इस अभियान में लगातार जरूरतमंद टी.बी. मरीजों को एक महीने की पौष्टिक राशन के साथ विटामिन की दवा प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम में टी.बी. मरीजों का चयन जिला टी.बी. नियंत्रण विभाग की देखरेख में किया जाता है।

### भगीरथ की स्मृति में रक्तदान शिविर 16 को

**जमशेदपुर।** जाने माने समाजसेवी स्व. भगिरथ प्रसाद की स्मृति में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति रक्तदान शिविर का आयोजन कदमा, जी. पी. स्लोप स्थित क्लब हाउस में 16 फरवरी को किया जायेगा। संयोजक धर्मेन्द्र प्रसाद ने शिविर की जानकारी देते हुए युवाओं से आह्वान किया है कि वे इस अवसर पर बढ़ चढ़कर रक्तदान करें।

### गम्हरिया में याद किये गये संत रविदास

**गम्हरिया।** वनरक्षक समिति की ओर से गम्हरिया के सतवाहिनी, जमालपुर में श्रीश्री संत शिरोमनी रविदास जी महाराज की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने रविदास जी के चित्र के समक्ष केक काटकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। आयोजन में समिति के श्रवण कुमार, जितेंद्र दास, प्रदीप दास, अशोक दास, रामभजू सिंह, नागेंद्र सिंह, अच्छेलाल यादव, मनोज ठाकुर, अमन कुमार दास आदि सदस्यों का प्रमुख योगदान रहा।

### बाइक-स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार गंभीर

**गम्हरिया।** सरायकेला-कांड्रा मार्ग पर भोलाडीह के समीप बाइक और स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार लगभग 55 वर्षीय एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बाइक सवार वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरायकेला पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से एंबुलेंस से घायल को सरायकेला सदर अस्पताल भेजा।

# जेम्को चौक पर दर्दनाक हादसा स्कूटी सवार पिता-पुत्री की मौत

## भाई गंभीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को थाना क्षेत्र के जेम्को में मंगलवार की देर रात हुई एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई, जबकि पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल पुत्र का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। घटना का पता चलने पर स्थानीय लोगों ने जेम्को चौक जाम कर दिया और उचित मुआवजे की मांग पर सड़क जाम कर दिया।

बताया जाता है कि इनकी स्कूटी को जेम्को चौक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे पिता-पुत्री की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस कर्मियों ने तीनों को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।



मुआवजे की मांग पर सड़क जाम करते लोग और दुर्घटना में मृत कृष्णा शर्मा व पुत्री अंजलि की फाइल फोटो।

मृतकों में परसुडीह थाना क्षेत्र के बारीगोड़ा जनता पथ निवासी कृष्णा कुमार शर्मा (38) और उनकी बेटी अंजलि कुमारी (19) शामिल है. जबकि घायल पुत्र विक्की कुमार (18) को पैर में चोट आई है।

बताया जा रहा है कि अंजलि कुमारी को रांची में आयोजित एमटीएस की परीक्षा में शामिल होने जाना था। उसी को छोड़ने के लिए कृष्णा कुमार अपने बेटे के साथ रात 1 बजे के आसपास टाटानगर स्टेशन गए थे। अंजलि को क्रियायोग एक्सप्रेस पकड़ना था लेकिन, देर हो जाने के कारण ट्रेन छुट गई और तीनों वापस घर आ रहे थे। इसी बीच जेम्को चौक पर अज्ञात वहां ने इनकी स्कूटी को चपेट में ले लिया।

मृतक कृष्णा कुमार शर्मा जोजोबेड़ा स्थित सीमेंट फक्ट्री में कार्यरत थे, जबकि उनकी बेटी अंजलि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। वहीं, घायल विक्की कुमार 9वीं कक्षा का छात्र है। घटना के बाद उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## इमरान वकील ने जेईई मेन में हासिल किया 99.80 पर्सेंटाइल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने आज जेईई मेन 2025 सेशन 1 का रिजल्ट जारी कर दिया है। वहीं जुस्को स्कूल साउथ पार्क के 12वीं और नारायणा कोचिंग सेंटर साकची के छात्र इमरान वकील ने 99.80 पर्सेंटाइल लाकर अपने स्कूल और संस्थान का नाम रोशन किया है। वहीं जुस्को स्कूल साउथ पार्क की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इमरान वकील बचपन से ही हमारे स्कूल का छात्र रहा है। हमने हमेशा उसके समर्पण और अपने लक्ष्य के प्रति ध्यान को देखा है। आज, जेएसएसपी को जेईई मेन में उसके प्रदर्शन पर गर्व है। इमरान की शानदार सफलता के लिए मेरी बधाई और जेईई एडवांस्ड के लिए मेरी शुभकामनाएं। इमरान वकील के पिता मो. वकीलुद्दीन मीडिया जगत से जुड़े हुए हैं उनकी मां गृहणी हैं। इमरान वकील ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता व बहन, स्कूल की प्रिंसिपल, सभी शिक्षकों एवं नारायणा कोचिंग सेंटर के सभी फैकल्टी मेंबर को दिया हैं। अपनी तैयारी के बारे में इमरान ने कहा कि रेगुलर क्लास और रणनीति के साथ प्रतिदिन 8 से 10 घंटे प्रैक्टिस किया।



## जेईई मेन-2025 (जनवरी) में नारायणा के विद्यार्थियों का धमाकेदार परसेंटाइल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने जे.ई.ई.(मेन)-जनवरी 2025 में अपार सफलता अर्जित की। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्री श्याम भूषण ने कहा कि जे.ई.ई.(मेन)-जनवरी 2025 के रिजल्ट जिसमें नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से 100 परसेन्टाइल लाने वाले छात्रों की संख्या 5 है जिनका नाम (1) वाणी ब्रत माजी, (2) आयुश सिंघल, (3) विषाद जैन, (4) कुशाग्र गुप्ता, (5) शिवेन विकास तोसनीवाल तथा है।



श्री श्याम भुषण ने बताया कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 88 है, जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर होने की संभावना है।

**ये हैं मेधावी :** उज्जवल आदित्य (99.9800783), ध्रुव एच. बदोदरिया (99.8748924), अश्विनी कुमार (99.8452369), इमरान वकील (99.8055941), आदित्य प्रभात (99.7889506), मयंक गुप्ता (99.6925846), दिव्यांशु समल (99.3031387) जयन्त (98.9390994), गुरूवंश सिंह (98.9390994), प्रियांशु सिंह (98.9055469), आदित्य कुमार (98.8892879), अनुभव सेन (98.7911580), उत्कर्ष कुमार (98.5696299)।

## अंधविश्वास व पाखंड के घोर विरोधी थे संत रविदास : डॉ सत्यदेव राम

■ रविदास भवन, शास्त्रीनगर में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती रविदास भवन शास्त्री नगर कदमा में मनाई गई। आम सभा की अध्यक्षता सरयू रविदास और कार्यक्रम का संचालन विश्राम राम के द्वारा किया गया। गुरु जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।



माननीय भागीरथ दास के उद्घाटन भाषण से आम सभा शुरू हुई। रविदास जी के आडियो भजन से माहौल भक्तिमय हो गया।मुख्य अतिथि डा सत्यदेव राम ने कहा कि समाज के विकास को जाति समस्या रोके हुए है। हमारे हर कष्ट का कारण यही है जो हमें एक होने में बाधक है। हमारे विखराव के चलते हमारा सामाजिक अपमान होता है साथ ही हम आर्थिक, राजनैतिक स्तर पर भी पिछड़े हुए हैं। हर हाल में 6743 जातियों में बंटे हुए लोगों को शूद्र कहना और समझना चाहिए। जब आप शूद्र स्वीकार करेंगे तब मूलनिवासी कहलाएंगे। समय के अनुसार बदलाव जरूरी है।

## बाबू दास पर हुए फायरिंग में दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गम्हरिया।** बीते सात फरवरी की रात आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के सापड़ा स्थित देशी ढाबा के समीप बाबू दास पर फायरिंग मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी अजय बहादुर उर्फ अज्जू थापा और आनंद दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से पुलिस ने कांड में प्रयुक्त देसी पिस्तौल भी बरामद कर लिया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस बावत एक प्रेस वार्ता कर जिले के आरक्षी अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि उक्त कांड के उद्भेदन को लेकर एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उक्त कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## शिक्षक सचरित्र रहेंगे तो छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा : बी. चंद्रशेखर

■ मिस्टर डीबीएमएस परविंदर और मिस डीबीएमएस मणिमाला महतो घोषित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को डी बी एम एस कॉलेज के 2020 24 बैच के छात्रों को विदाई दी गई. इस अवसर पर 2023 -25 बैच के छात्रों ने अपने सीनियर्स को भावभीनी विदाई दी। कई तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। प्रत्येक छात्र को पीपीटी के साथ उसकी विशेषता बताते हुए मंच पर आमंत्रित व किया गया।

DBMS कॉलेज के अध्यक्ष श्री बी चंद्रशेखर ने छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए कहा। उन्होंने समय के साथ अपने चरित्र निर्माण करने की सलाह दी ताकि भविष्य की पीढ़ी उन्हें अपना आदर्श माने।



प्राचार्या डॉक्टर जूही समर्पिता ने छात्रों को हमेशा कॉलेज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वे जिन राहों से गुजरे अपने कदमों के निशान छोड़ते हुए चलें। श्रीप्रिया धर्मराजन सचिव डीबीएमएस ने मिस्टर डीबीएमएस का खिताब परविंदर को और मिस डीबीएमएस का खिताब मणि माला महतो को दिया।

श्रेष्ठ परिधान के लिए लक्ष्मीकांत शर्मा और सृष्टि सलोनी को सुधा दिलीप संयुक्त सचिव ने दिया। साथ ही निस्तला शैलजा को टॉप नॉच तथा दीक्षा को सबकी दुलारी के विशिष्ट खिताब दिए गए।

**छात्रों ने रूंधे गले से एक दूसरे को अलविदा कहा**

उन्होंने 2 साल कॉलेज में बिताए गए अनमोल पलों को जीवन के स्वर्णिम व श्रेष्ठ दिन बताया । इस कॉलेज में उन्होंने न सिर्फ पढ़ाई की बल्कि सर्वांगीण विकास भी किया। अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को पहचाना और उसे बाहर लाने के अवसर का सदुपयोग किया। छात्रों ने डीबीएमएस कॉलेज के सभी शिक्षकों का दिल से आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर सभी शिक्षक गण के साथ ऑफिस स्टाफ और सभी कर्मचारी गण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तृतीय सत्र के नीतीश और पूजा ने किया. धन्यवाद ज्ञापन निपुण ने दिया। प्रियंका, अंकुर, पम्मी नेहा, शिवांगी, सुमेधा, प्रभा, आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## एक नजर में

### मुखिया डांगा चौक से देवघर होते हुए सिमुलडांगा चौक तक सड़क अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**जमशेदपुर।** देवघर पंचायत के ग्रामीणों ने जमशेदपुर के डीसी, एसडीओ और मानगो सीओ को ज्ञापन सौंपकर मुखिया डांगा चौक से देवघर होते हूए सिमुलडांगा चौक तक सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने और चौड़ीकरण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी, संत एंथोनी स्कूल और आरबीएस कॉलेज के सैकड़ों बसें और निजी वाहन आते-जाते हैं। स्कूल टाइम में सड़क की संकीर्णता के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, जो मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में जानलेवा हो सकती है। इसके अलावा, दिन प्रतिदिन सड़क का अतिक्रमण हो रहा है। लोगों द्वारा सड़क से सटाकर घर, छज्जा, दुकान इत्यादि बनाए जा रहे हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई कम होती जा रही है और यातायात में परेशानी होती है। यह अतिक्रमण न केवल यातायात को प्रभावित करता है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए भी परेशानी का कारण बनता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क के दोनों ओर पाँच- पाँच फीट चौड़ा कर सड़क का निर्माण किया जाए, जिससे यातायात की सुविधा बढ़ सके और स्थानीय लोगों को परेशानी से मुक्ति मिल सके उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रशासन उनकी मांग पर जल्द ध्यान देगा और सड़क का निर्माण शुरू करेगा।

### पोटका : आदिवासी बहुल भूमिज गांवों में विददिरि झंडा दिवस की धूम



**पोटका/जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड के 300 आदिवासी भूमिज बहुल गांव में आज विददिरि झंडा दिवस की धूम है व लोग धमसा बजाकर व संस्कृतिक नृत्य के जरिए अपनी खुशी का इजहार कर रहे है। मुख्य कार्यक्रम जादूगोड़ा से सटे सोहदा फुटबॉल मैदान में आयोजित की गयी। जहां गांव के नाया विकेश्वर सिंह, देवरी उदय भूमिज, सिदेश्वर सरदार , जयपाल सिंह समेत अन्य गणमान्य लोगों को अगुवाई में भूमिज समाज की पहचान झंडा विददिरि का झंडोतोलन किया गया व उसकी पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने इस महत्वपूर्ण दिन के इतिहास वउसकी महता पर प्रकाश डाला। समारोह को संबोधित करते हुए सिदेश्वर सरदार ने कहा कि बीते 12 फरवरी 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति दिवस द्वारा पूरे देश के भूमिज समाज की पहचान हेतु विददिरि झंडा में मान्यता दी थी। जिसकी खुशी में हर साल पोटका के आदिवासी भूमिज समाज की ओर 12 फरवरी को विददिरि झंडा दिवस को अपनी पहचान के रूप में मनाते हैं व नाच-गाकर खुशी का इजहार करते है। इसके पूर्व साल पेड़ की पूजा अर्चना की गई व मरांग बुरू से समाज की सशक्तिकरण, समृद्धि ब की कामना की। इस मौके पर भव्य संस्कृति कार्यकताओं से पूरा पोटका झूम उठा। कार्यक्रम की सफल बनाने में आदिवासी भूमिज समाज की ओर से सिदेश्वर सरदार जयपाल सिंह( दीगर)मनोरंजन सिंह ग्राम प्रधान (सोहदा गांव) नाया विकेश्वर सिंह,देवरी उदय भूमिज, कालीचरण सिंह, मन्मथ सिंह,सोना राम भूमिज, निताई भुमिज, पानीग्रही, मुनि सिंह, ज्योति सिंह, बेहुला सिंह,नेपाल कुमार सिंह, माणिक सरदार, मनोज सरदार समेत सोहदा गांव के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

### फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की बैठक दिल्ली में

**जमशेदपुर।** बुधवार को दिल्ली में आयोजित एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया वर्ल्ड न्यू ट्रेड सेंटर में सम्पन्न हुई।



बैठक पीसीआई अध्यक्ष मोंटू पटेल की अध्यक्षता में हुई, जहां पर काउंसिल आफ इंडिया के सभी राज्य के सदस्य, अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्य रूप से झारखंड (फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया) सदस्य धर्मेंद्र सिंह सम्मिलित हुए। धर्मेंद्र सिंह ने बैठक में झारखंड के फार्मासिस्टों के दिक्कतों , झारखंड राज्य में फार्मासिस्टों की बहाली, फर्जी सर्टिफिकेट पर अभिलंब रजिस्ट्रेशन पर अंकुश लगाने , प्राइवेट हॉस्पिटल में फार्मासिस्टों की वेतन दर मांग वृद्धि पर चर्चा की जबकि बैठक में काउंसिल को किस तरह मजबूत पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन प्रेस प्रवक्ता श्री मनी मोहंती, महासचिव दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक नंदी, अंजन सरकार, शशि, विकास राय, रजनी ठाकुर, जितेंद्र कुमार ने इस महत्वपूर्ण बैठक की सराहना की है।

### 600 मुखिया का प्रबंधन विकास आवासीय प्रशिक्षण



**जमशेदपुर।** पंचायत राज निदेशालय झारखंड राज्य द्वारा रिवैम्प्ड आरजीएसए योजना के तहत 600 मुखियागण को मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गत 11 फरवरी 2025 को पहले दो बैच के 55 मुखियागण ने भारतीय प्रबंध संस्थान बोधगया में 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस प्रशिक्षण में नेतृत्व और टीम वर्क, वित्तीय प्रबंधन, बातचीत, व्यवहार विज्ञान, संचार, परियोजना प्रबंधन, डिजिटल परिवर्तन और ग्राम विकास योजना जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 फरवरी से 21 मार्च 2025 तक बैचवार आयोजित किया जाएगा। पूर्वी सिंहभूम जिला से 6 मुखिया कान्हु मुर्मू, कान्हु राम बेसरा, सुमन सिरका, जोबा मार्डी, बसंती गुप्ता, निताई मुंडा समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### नूतन को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**विश्रामपुर (पलामू)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विवि के शिक्षा विभाग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नूतन रानी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गयी है। नूतन ने शोध निर्देशक डॉ जयप्रकाश के निर्देशन में शोध पूरा किया है। उनका विषय महात्मा गांधी के शिक्षा दर्शन का वर्तमान शिक्षा पर प्रभाव एक अध्ययन रहा है। इसी के साथ अब नूतन रानी अपने नाम से पहले डॉ लगा सकती हैं।

### आठ लोग बिजली चोरी करते पकड़ाये

**चैनपुर पलामू।** कनीय अभियंता महादेव महतो के नेतृत्व में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ एक टीम गठित कर छापामारी की गयी। छापामारी झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड रांची के निर्देश पर किया गया। छापामारी में चैनपुर थाना क्षेत्र के कंकारी के आठ लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। उनपर जुर्माना व प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### संत रविदास की प्रतिमा की पूजा-अर्चना



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप के वार्ड 16 में अंबेडकर क्लब ने संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनायी। क्लब ने बुधवार को संत रविदास की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा-अर्चना की। इसमें विधायक नरेश प्रसाद सिंह व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने संत रविदास की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुजारी गिरवर राम ने कार्यक्रम को अपनी देखरेख में संपन्न कराया। मौके पर अध्यक्ष विजय रवि, हरिनाथ चंद्रवंशी, सतेंद्र यादव, पूनम देवी, यदुनि राम भी मौजूद थे।

### महाकुंभ जाने के दौरान सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन की मौत, शोक



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नवडीहा निवासी अंजु देवी पति स्व पप्पु सिंह की मौत कुंभ स्नान को जाने के दौरान सड़क दुर्घटना में हो गयी। वह नवडीहा के अपने बहन-बहनोई एवं अन्य रिश्तेदार के साथ कार से कुंभ स्नान के लिए जा रही थी। उसी क्रम में बिहार के भभुआ मोहनिया में ट्रक से जोरदार टक्कर हो गयी। मौके पर ही अंजू एवं उनके बहन-बहनोई की भी मौत हो गयी। दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। इलाज वहीं हो रहा है। अंजू देवी नवडीहा निवासी समाजसेवी दया सिंह की भाभी थी।

### मुआवजा भुगतान में भेदभाव का आरोप



**नावा बाजार पलामू।** एनएच 39 फोरलेन निर्माण कार्य को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की गयी। जिसमें सैकड़ों परिवार का घर भी प्रभावित हुआ है। जिसका भुगतान एनएचएआई भौतिक सत्यापन के बाद भवन निर्माण व कार्य विभाग के द्वारा एस्टीमेट तैयार कर भूअर्जन कार्यालय को सौंपी गयी है। साथ ही प्रभावित लोगों को राशि भुगतान भू अर्जन कार्यालय ने किया। साथ ही शेष लोगों की भुगतान प्रक्रिया लंबित है। अधिग्रहित आवासीय क्षेत्र के बदले राशि भुगतान में भू-अर्जन कार्यालय बड़े पैमाने पर भेदभाव की नीति अपना रही है। कुछ को विभाग विशेष लाभ पहुंचा रहा है। वहीं कुछ लोग उचित लाभ से भी वंचित किये जा रहे हैं। इसके लिए क्षेत्र में बिचौलिये सक्रिय हैं, जो तीन कमरों के लिए 60 लाख जबकि 10 कमरा वाले को महज 12 लाख दे रहे हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मना नीलकंठ दिवस



**मेदिनीनगर।** आनंदमर्गियों ने बुधवार को नीलकंठ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। नई मुहोल्ला, अवादगंज, सतबरवा स्थित जागृति में 6 घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन किया गया। इस दौरान नारायण सेवा, जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण और मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें दर्जनों जरूरतमंदों ने इसका लाभ लिया। वरिष्ठ आनंदमार्गी बैधनाथ ने कहा कि आनंदमार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी को बिहार के पटना बांकीपुर केंद्रीय कारागार में 12 फरवरी 1973 को दवा के रूप में विष दिया गया था। अपने ही अनुयायियों की हत्या के झूठे आरोप में इंदिरा सरकार की तानाशाही व्यवस्था ने उनको गिरफ्तार कर बांकीपुर जेल भेज दिया था। एक सेल में बंद अस्वस्थ वातावरण में बहुत दिनों तक रहने से बीमार पड़ना स्वाभाविक था। जेल के अंदर बाबा बीमार पड़ गये उस समय जेल के चिकित्सक डॉ एचके घोष थे। जान बूझकर सरकार ने डॉ घोष को बदलकर डॉ रहमतुल्ला खान को ले आया। श्री श्री आनंदमूर्ति जी बाबा उस समय काफी बीमार थे। 12 फरवरी को 11 बजे रात डॉ रहमतुल्ला खान ने बाबा को दवा के नाम पर विष का कैप्सूल दिया। इसी उपलक्ष्य में संस्था के लोग पाप के विरुद्ध संग्राम के साथ इस तिथि को हर साल नीलकंठ दिवस के रूप मनाते हैं। मौके पर भुक्तिप्रधान मधेश्वर, जगरनाथ, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह, विश्वनाथ, गोपाल, रामस्वरूप, मनोज, सरोज, प्रदीप, मणिकांत, चंदन, अमरेस, मनोज, चंदू, सहज प्रिया, पूनम पुष्पा, मधुबाला, शारदा, मुन्नी, शुभकाला आदि उपस्थित थे।

### सिंघना की इंदु को जहर देकर मारने का आरोप

- मृतका के पिता ने दामाद, सास, ससुर और ननद पर लगाया हत्या का आरोप
- दहेज में दो लाख नकद व बाइक मांग रहे थे ससुराल वाले, नहीं देने पर घटना को अंजाम देने का आरोप



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के हैदरनगर थाना अंतर्गत सिंघना की लल्लू यादव की पुत्री इंदु देवी (21) को ससुराल पिपरा थाना के अंबा झरना में जहर देकर मार देने का आरोप है। घटना मंगलवार की शाम की बतायी जा रही है। बुधवार की सुबह शव को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है। मृतका इंदु देवी के पिता लल्लू यादव ने पिपरा थाना को लिखित आवेदन देकर कहा है कि उन्होंने अपनी पुत्री इंदु की शादी पिपरा थाना के अंबा झरना निवासी भूखण यादव के पुत्र प्रवीण यादव के साथ मई 2022 में की थी। सामर्थ्य के मुताबिक दहेज दिया था। बाद में इंदु के भाई की नौकरी हो गयी। इसके बाद से इंदु देवी के ससुराल वाले बाइक मांगने का दबाव बनाने लगे। इस बीच उससे मारपीट भी करते थे। कुछ माह पूर्व इंदु व उसके पति सिंघना आये तो विदाई में 85 हजार दिया भी था।

# सांसद ने लोकसभा में जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से संबंधित मामला उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



विष्णुदयाल राम, लोकसभा सांसद पलामू।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अनमैनेड रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिये जाने से जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से संबंधित अतिमहत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अनमैनेड रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिये जाने से एक ही गांव दो-भागों में विभक्त हो गये है। वहां के निवासियों को आवागमन में अनेको प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त स्थानों पर आरयूबी/ एलएचएस बनाने से जनता को कठिनाईयां से निजात मिल सकेगी। उन्होंने संसद में वैसे स्थान की जानकारी दी जहां एलएचएस निर्माण आवश्यक है उनमें डाली-हैदरनगर प्रखण्ड, पलामू जिला, सोनपुरवा-गढ़वा जिला, अहिरपुरवा-नगर उंटारी, गढ़वा जिला, कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखण्ड, पलामू जिला, बुढ़वापीपर-डालटनगंज, बखारी-डालटनगंज सदर, पलामू जिला, कुम्भी-मेराल ब्लॉक, गढ़वा जिला, लहरबंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड, पलामू जिला, बेगमपुरा-मोहम्मदगंज प्रखण्ड, पलामू जिला, सतबहिनी रेलवे स्टेशन एवं मोहम्मदगंज रेलवे स्टेषन के बीच में खंभा संख्या 340/33 के समीप और गेट नं0-58 के पास, उंटारी रोड प्रखण्ड, पलामू जिला का नाम शामिल है। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी।

## दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला संपन्न

# पारंपरिक परिधान में सजे कलाकारों की गीत-संगीत, नृत्य ने बांधा समां

- सामाजिक सरोकार रखने वाले व्यक्तियों को किया गया सम्मानित
- मेला के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने किया धन्यवाद



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दुबियाखांड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला संपन्न हो गया। मेला के दूसरे व अंतिम दिन संस्कृति कार्यक्रमों के नाम रहा। पारंपरिक परिधान में आदिवासी महिला-पुरूष कलाकारों गीत-संगीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांधा। मांदर की थाप पर लोग झूमते रहे।

मेला समापन के मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार रखने वाले व्यक्तियों को मेला आयोजन समिति एवं जिला प्रशासन की ओर से मोमेंटो, शॉल व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही मेला आयोजन समिति के सदस्य भी सामाजिक सरोकार के तहत सम्मानित किये गये। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव हृदयानंद सिंह, बहादुर सिंह, अवधेश सिंह, निर्मल सिंह नीरज सिंह, अजीत सिंह, उमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित सामाजिक सरोकार रखने वाले सैकड़ो लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मान प्रदान किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क कार्य कर रहे वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

# संत रविदास के बताये मार्गों पर चलने की जरूरत : डॉ शशिभूषण

- पांकी के बचदोहर में मनी संत रविदास की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते विधायक।

**मेदिनीनगर /पांकी।** बुधवार को पाकी प्रखण्ड क्षेत्र के बचदोहर गांव में युवा क्लब द्वारा संत शिरोमणि रविदास की जयंती प्रकाश उत्सव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने भाग लिया। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि इस गांव के युवाओं ने जो हिम्मत व जज्बा दिखाया है वह काबिले तारीफ है। एक जमाने में इस गांव को कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया था। लेकिन यहां के युवा साथियों ने उस चंगुल से गांव को मुक्त करा दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का यही संदेश था कि कभी भी संघर्ष करने से पीछे नहीं हटना चाहिए इसके लिए भले ही कितना भी यातना सहना पड़े लेकिन अन्याय का हमेशा विरोध करना चाहिए। विधायक ने कहा कि आज युवाओं को संत रविदास के जीवन संघर्ष से सीख लेते हुए अपने समाज के विकास के लिए निरंतर ईमानदार प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत महापुरुष किसी विशेष जाति धर्म के लिए नहीं होते हैं। संत महापुरुष सभी जाति धर्म के विकास के लिए काम करते थे तभी आज उनकी पूजा होती है।

**खास बातें :** उन्होंने सभी लोगों से पूरी एक जूटता के साथ रहने की अपील करते हुए कहा कि जब आप एकजूट रहेंगे तभी आपको आपका हक अधिकार मिल सकता है क्योंकि कमजोर को कोई नहीं पूछता है। उन्होंने सभी लोगों से समाज में व्याप्त कुप्रथा को को भी समाप्त करने की अपील करते हुए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का सलाह दिया। शिक्षा के बगैर हम कुछ भी हासिल नहीं कर सकते हैं इसलिए अपने बच्चों को उच्चतर शिक्षा देने के प्रति सजग और संवेदनशील रहने की जरूरत है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, सुधीर तिवारी, गोल्डन कुमार, पिंटु कुमार, विकास कुमार, बिनेश राम, शंभु राम, रामसुंदर, राजु, दीपक सहित कई लोग मौजूद थे।

# पिपराही जंगल से हथियार और केन बम के साथ दो गिरफ्तार

- पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी
- नक्सल विरोधी अभियान के दौरान दो लोगों की गिरफ्तारी की गयी : एसडीपीओ मणिभूषण



जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के द्वारा पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान एसपी के गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के पिपराही जंगल में एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी किया गया। जहां से दो लोगों को देसी राईफल, देसी बंदुक तथा एक शक्तिशाली केन बम के साथ गिरफ्तार किया गया है। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत एसपी के गुप्त सूचना पर पिपराही जंगल में छापेमारी किया गया। जहां से उमेश भुईयां पिता इतवारू भुइयां ग्राम मायापुर थाना पाटन तथा फिरोज अंसारी पिता नेयाजुद्दीन अंसारी ग्राम सेमरा थाना चैनपुर को गिरफ्तार किया गया।

**खास बातें :** उन्होंने बताया कि इनलोगों के पास से एक देसी राईफल, एक देसी भरठुआ बंदूक, एक शक्तिशाली केन बम व अन्य नक्सली सामान बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ करने पर उनलोगों ने बताया कि ईट भट्ठा व क्रशर संचालकों से रंगदारी वसूलने के उद्देय से पिपराही जंगल में जमा होकर किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों का अपराधिक इतिहास रहा है। फिरोज अंसारी के विरूद्ध चैनपुर व रामगढ़ थाने में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रेस वार्ता में रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश साव, सअनि लखन महतो व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### रेलवे ट्रैक किनारे से अधेड़ का शव बरामद

**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड-तोलरा स्टेशन के बीच धनुकाई रेल ब्रिज के पास मल्लाहटोली शिवस्थान के समीप एक क्षत विक्षत शव बुधवार को मिला। आशंका है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। जिसकी पहचान मल्लाहटोली के मुखदेव चौधरी (55) के रूप में हुई है। मृतक निर्धन कृषक था। परिजनों की मानें तो वह मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गया था। वह मंगलवार की शाम अचानक घर से निकल कर कहीं चला गया था।

### अवैध परिवहन : डीटीओ ने आठ वाहन किये जब्त



**मेदिनीनगर।** अवैध परिवहन को लेकर डीटओ जितेंद्र कुमार ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान अवैध परिवहन करते 8 वाहन जब्त किये गये। जब्त 5 वाहनों को पंडवा थाना एवं 3 को टीओपी 2 थाना को सौंपा गया। इन ओवरलोड वाहनों पर गिट्टी /पत्थर एवं अन्य मैटेरियल लोड थे। डीटीओ ने बताया गया कि यह अभियान व्यावसायिक वाहनों के अवैध परिवहन के विरूद्ध चलाया जा रहा है।

### पुलिस ने अवैध पत्थर लदा एक ट्रैक्टर किया जब्त



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर पुलिस ने मंगलवार शाम जमारी जंगल से पत्थर लाद कर जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। ट्रैक्टर सोहदाग के उदय कुमार का है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जमारी जंगल के पहाड़ी टीलों से पत्थर का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। पुलिस बिश्रामपुर -इटको मुख्य पथ से पत्थर ले जा रहे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आयी। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

### महाकुंभ मेला में जिप सदस्य सुधा ने किया राजा मेदिनीराय की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण



**सतबरवा।** दो दिवसीय आदिवासी महाकुम्भ मेला के दौरान मंगलवार को जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने राजा मेदिनी राय चौक दुबिया खांड में स्थापित राजा मेदिनीराय के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और चेरो जनजातीय समाज के लोगों को शुभकामनाएं दी। मौके पर सुधा कुमारी ने कहा कि राजा मेदिनी राय के शाषन काल मे प्रजा सुखी सम्पन हुआ करती थी। वे एक प्रतापी राजा थे।उनके कार्यों का अनुकरण करने की जरूरत है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

## संत रविदास ने भक्ति के साथ कर्मवाद का दिये संदेश : मुखिया नरेंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**नावा बाजार पलामू।** नावा बाजार प्रखंड के कंडा शिव स्थान प्रांगण में नवयुवक छात्र संघ के द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की 648 वीं जयंती का आयोजन किया गया। जहां कंडा पंचायत के मुखिया नरेंद्र सिंह ने अपने समर्थकों के साथ पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ हीं रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प माला डाल उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने संत रविदास जी महाराज को नमन करते हुए कहा कि संत शिरोमणि ने 648 वर्ष पहले अपने जीवन चरित्र के माध्यम से समूचे समाज, भारत व मानवता के लिए एक संदेश दिया कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। सच्चे अर्थों में कठौती में गंगा का अर्थ यही है कि आपको भगवान को देखने कहीं नहीं जाना है अगर आपका मन पवित्र है तो आपमें ही ईश्वर का वास हो जाता है। मौके पर अमरेश सिंह, विजय रवि, असरेश रवि, छोटू रवि के अलावा चंदन भारती, नीतीश चंद्रवंशी समेत कई लोग मौजूद थे।

## पांकी-मनातू में पुलिस व वन विभाग ने किया अवैध अफीम की खेती नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी/मनातू।** वन विभाग व पांकी-मनातू पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांकी में करीब सात एकड़ व मनातू थाना अंतर्गत ग्राम कुंडीलपुर के जंगल में लगभग 10 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम भूमि में लगाये गये अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया। पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ पंचायत के ग्राम जसपुर स्थित खेरवार टोला एवं परहिया टोला में बड़े पैमाने पर की जा रही अवैध अफीम/पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी राजेश रंजन ने किया। नष्ट की गई अफीम की खेती वन भूमि, गैरमजरुआ जमीन और रैयती भूमि पर की गई थी। पुलिस प्रशासन ने अवैध नशे के कारोबार पर सख्त रुख अपनाते हुए इसे पूरी तरह खत्म कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध अफीम की खेती के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान के तहत ट्रैक्टर की सहायता से पूरी अफीम की फसल को विधि-सम्मत रूप से विनष्ट किया गया।

## परशुराम खाप में धूमधाम से मनायी गयी रविदास जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के पिपरा खुर्द पंचायत के परशुराम खाप में नवयुवक संघ ने संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनायी। गांव के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि पिपरा खुर्द मुखिया पूर्णिमा सिंह ने किया। उन्होंने आयोजकों के साथ मिलकर संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया। संचालन संतोष राम ने किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि संत रविदास का संपूर्ण जीवन समाजसेवा और धर्मरक्षा में समर्पित रहा। उन्होंने कर्मयोग के सिद्धांत को साकार कर दिया। अध्यक्ष विशाल कुमार ने कहा कि संत रविदास का जीवन चरित्र हमें कर्तव्य निष्ठा और दृढ़ ईश्वर भक्ति का संदेश देता है। मौके पर उप मुखिया रानी देवी, शिवकुमार राम, अभिषेक कुमार, मिथिलेश कुमार, शैलेश सिंह आदि थे।

### मासूम बच्चे ने सिक्का निगला

**हुसैनाबाद पलामू।** बुधवार को तीन वर्ष के एक मासूम बच्चे ने खेलते हुए पांच रुपये का सिक्का निगल लिया। जानकारी होते ही जपला निवासी अखिलेश चौधरी बच्चे को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने अपने स्तर से काफी प्रयास किया लेकिन सिक्का फंसने का अंदाजा नहीं लगा। जब बच्चे का गले का एक्सरे हुआ तो पता चला की सिक्का गले के बीच फंसा पाया गया। बच्चे की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने तत्काल एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया।

## हुसैनाबाद : थाना दिवस में आये पांच मामले तीन निष्पादित, दो कार्रवाई के लिए भेजा गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** जमीन संबंधी मामला को निपटारा के लिए सरकार के निर्देश पर हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार के निर्देश पर अंचल राजस्व निरीक्षक संतोष कुमार एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने हुसैनाबाद थाना परिसर में जमीन संबंधित मामला निपटारा हेतु जन शिकायत केंद्र लगाया। जिसमें पांच फरियादियों ने अपने आवेदन किये मौक पर तीन मामलों को निपटारा किया गया जबकि दो मामलों की गंभीरता को देख आगे की कार्रवाई हेतु लिखा गया। राजस्व निरीक्षक ने कहा कि यह समाधान केंद्र हैं जिसमे जमीन विवाद को आपसी समझौता का मौका दिया जाता है ताकि बेवजह लोग विवाद में न पड़ें यह हर बुधवार को थाना परिसर में लगता है। मौके पर कर्मचारी ऐसान अहमद, थाना के कालिका राम, मनोहर प्रजापति, टुनटुन तिवारी आदि कई लोग उपस्थित थे।

## पलामू पत्रकार परिषद ने डीपीआरओ कार्यालय में की शोक सभा

# गढ़वा के पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन पर पत्रकारों ने जताया शोक

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** पलामू पत्रकार परिषद ने डीपीआरओ कार्यालय में एक शोक सभा अध्यक्ष नीलकमल मेहरा की अध्यक्षता में की। इसमें गढ़वा जिला के बिंदास न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के निधन पर पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

शोक सभा में अध्यक्ष नीलकमल मेहरा ने दिवंगत पत्रकार की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे हंसमुख एवं निष्पक्ष पत्रकार के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर निडर व निर्भीक पत्रकार की भूमिका निभाते थे। जिन्हें गढ़वा जिला ही नहीं पूरे पलामू प्रमंडल के लोग उनकी बेबाक पत्रकारिता की सराहना करते थे।

महासचिव सत्येंद्र मिश्रा ने कहा कि दिवंगत पत्रकार आशुतोष से अंतिम मुलाकात बीसीसीएल रेहला में हुई थी। आज उनकी कमी हम सबको खल रही है। भविष्य में इनकी भरपाई नहीं की जा सकती है।

मौके पर अजीत मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप कुमार, अरूण शुक्ला, नीरज कुमार, श्रवण सोनी, प्रभु दयाल तिवारी व अन्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। शोक सभा में मुख्य रूप से केतन आनंद, श्याम किशोर पाठक, गजेंद्र कुमार, अमित कुमार भोला, करण कुमार, प्रेम प्रकाश समेत कई पत्रकार मौजूद थे।

# राजा मेदिनीराय के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है : जिप सदस्य बासो देवी

- सदर प्रमुख, जिला परिषद व मुखियाओं ने किया मेदिनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण
- कुशल प्रशासक थे राजा मेदिनीराय : बसंती देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



राजा मेदिनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्रमुख, जिला परिषद, मुखिया व अन्य।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेला आयोजित किया गया। मौके पर जिप सदस्य बासो देवी, सदर प्रखंड प्रमुख बसंती देवी, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, सुआ मुखिया दुलारी देवी, चियांकी मुखिया बिनको उरांव, पोलपोल मुखिया पुष्पा देवी, सरजा मुखिया अलका कुमारी, रविंद्र सिंह, उपाध्या सिंह समेत कई पंचायत प्रतिनिधियों ने राजा मेदिनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर लोगों ने राजा मेदिनीराय के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मौके पर जिला परिषद सदस्य बासो देवी ने कहा कि राजा मेदिनीराय एक प्रतापी राजा थे। इनके राज्य में प्रजा सुखी संपन्न थी। कोई भी प्रजा भूखा व गरीब नहीं रहता था। उन्होंने कहा कि राजा मेदिनीराय के आदर्शों को अपनाकर ही हम आगे बढ़ सकते हैं। प्रखंड प्रमुख बसंती देवी ने कहा कि राजा मेदिनीराय कुशल प्रशासक थे। इनके राज में दुध की नदिया बहती थी। इनके बारे कहावत प्रचलित है धनी- धनी राजा मेदनीयां घर -घर बजे मथनियां आज भी प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि चेरो राजवंश के प्रतापी राजा मेदिनीराय की याद में आदिवासी मेले का आयोजन किया जाता रहा है। मेले का उद्देश्य आदिवासियों का समुचित विकास करना है। मौके पर कई लोग थे।

# गुरू रविदास के वचनों को हम सभी अपना लें तो उनकी जयंती मनाना सार्थक होगा : मिथिलेश

## पूर्व मंत्री ने मनाई संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** संत शिरोमणि गुरू रविदास की 648वीं जयंती जिले भर में काफी धूमधाम से मनाई गई। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरू रविदास की जयंती मनाई। इस दौरान जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत संगबरिया गांव में रविदास समाज कल्याण संघ के तत्वावधान में आयोजित संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती समारोह सहित विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जयंती समारोह में उन्होंने भाग लिया। श्री ठाकुर ने गुरू रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।



संबोधित करते पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर

मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि संत रविदास भारत के महान संतों में से एक हैं। संत रविदास ने अपने वचनों व दोहों से भक्ति की अलग छाप दुनिया में छोड़ी। आज भी लोग उन्हें अपनी जेहन में बसाए हुए हैं। हम सभी उनके बताये मार्गों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि संत रविदास ने समाज से ऊंच-नीच का भेदभाव समाप्त करने एवं समता मूलक समाज की स्थापना करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि संत रविदास ने रविदासिया पंथ की स्थापना की थी। इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई थी। वे गुरु भक्ति आंदोलन के प्रसिद्ध संत थे। उनके भक्ति गीतों व छंदों ने भक्ति आंदोलन पर स्थाई प्रभाव डाला था। महान संत गुरु रविदास को और उनके योगदान को आज भी दुनिया याद करती है और उनके सम्मान में हर साल रविदास जयंती का पर्व मनाया जाता है। गुरु रविदास जी का शिक्षा के अलावा समाज सुधार में भी विशेष योगदान देखने को मिलता है। उन्होंने समाजिक समानता के लिए अपनी आवाज उठाई और इस विषय के बारे में लोगों को जागरूक किया था। श्री ठाकुर ने कहा कि गुरू रविदास के कहे हुए कई वचन - कोई भी व्यक्ति जन्म से छोटा या बड़ा नहीं होता है, लेकिन अपने कर्मों से छोटा-बड़ा होता है। भगवान उस व्यक्ति के हृदय में वास करते हैं, जहां किसी तरह का बैर भाव नहीं होता है आदि एवं उनके दोहे आज भी जीवंत हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी उनके वचन मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है को अपना लें तो गुरू रविदास की जयंती मनाना सार्थक होगा।

मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, ज़िलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जवाहर पासवान, मेराल प्रमुख दीपमाला, केंद्रीय सदस्य शंभु राम, मुखिया मुखराम भारती, मुन्ना राम, संजय राम, सुरेंद्र यादव, गुड्डू राम, दशरथ प्रसाद, राजेश बैठा, राजा सिंह, प्रियम सिंह, चंदन जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनी संत रविदास की जयंती



उपस्थित बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर बाजार में संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने संत रविदास के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि संत रविदास के अंदर अलौकिक शक्तियां थी, वे भगवान राम एवं कृष्ण की भक्ति के साथ एक दार्शनिक तथा समाज सुधारक थे। उन्होंने 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहावत को चरितार्थ किया।

भैया-बहनों ने भी बारी-बारी से संत रविदास की जयंती पर प्रकाश डाला। बहन अंशिका, श्रृष्टि, सोनाक्षी, आयुषी, एवं इसके ग्रुप की बहनों ने रविदास पर आधारित नाटक का सफल मंचन किया और यह संदेश दिया कि व्यक्ति को लालच नहीं करना चाहिए। व्यक्ति के जाति की नहीं वरन् गुणों की पूजा होती है। आचार्य अजीत चौबे ने भी अपने विचार रखते हुए संत रविदास के गुणों का बखान किया और इससे सीख मिलने वाले विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आचार्य अशोक कुमार, नीतू गुप्ता, रमेश विश्वकर्मा, इंद्रजीत गुप्ता, रामकेवल साह, अरुण कुमार, समीक्षा कुमारी आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन आचार्य अनुज कुमार के द्वारा किया गया।

# पूर्व मंत्री ने दिवंगत पत्रकार के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस



दिवंगत पत्रकार के परिजनों से मिलते पूर्व मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** बिंदास न्यूज गढ़वा के वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के आकस्मिक निधन को लेकर पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने उनके आवास पर जाकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि अपार दुख की इस घड़ी में आप सब अकेले नहीं हैं। हम सभी हर परिस्थिति में आपके साथ खड़े हैं। इस तरह अचानक आशुतोष के चले जाने से पूरे जिले को अपार क्षति हुई है। आज केवल पत्रकारिता जगत ही नहीं सभी वर्ग के लोग उनके निधन से काफी मर्माहत हैं। इस बहुत बड़ी क्षति की भरपाई कभी संभव नहीं है। पूर्व मंत्री ने कहा कि हिन्दुस्तान में पत्रकारिता करते थे उसी समय मेरा आशुतोष से गहरा संबंध था। यह नेता व पत्रकार का नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ता था। उन्होंने आशुतोष के पिता वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा से कहा कि आपको साहस से काम लेते हुए इस बेहद विषम परिस्थिति का सामना करना है। क्योंकि अब बच्चों को आपही को संभालना है। मौके पर भाजपा के हरिहरपुर मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्विवेदी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे, पूर्व प्रमुख व प्रमुख संघ के राज्याध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, मुखिया विनोद प्रसाद व सिंदुरिया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेश कुमार गुप्ता, पंकज सहित कई लोग उपस्थित थे।

# माघ पूर्णिमा पर खजूरी में भव्य मेला का आयोजन



कथा सुनते श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के लगमा-खजूरी स्थित श्री ब्रह्मस्थान पर माघ पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। यह मेला श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बनकर उभरा, जिसमें गढ़वा समेत पलामू, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने श्री ब्रह्मस्थान में पूजा-अर्चना की और भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया। साथ ही 55वें रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ और लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन हवन व ब्रह्मबाबा की महाआरती के साथ संपन्न हुआ। भक्तों ने अपनी मन्नत पूरी होने पर ब्रह्मबाबा को जनेऊ चुनरी, मिट्टी का घोड़ा और नारियल अर्पित कर पूजा की। श्री ब्रह्म बाबा वर्सिप मैनेजमेंट ट्रस्ट की ओर से मेले में श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। मेले में उमड़ी भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल और स्वयंसेवक सक्रिय रहे। अंतिम दिन यज्ञशाला की परिक्रमा, महाआरती और भंडारे में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# जीएन कान्वेंट में मनी संत रविदास की जयंती



दीप जलाते निदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर तथा संत रविदास के छायाचित्र पर पुष्प व माला अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि संत रविदास सनातन धर्म एवं संस्कृति के संवाहक थे। इनका पदार्पण ऐसे समय में हुआ जब समाज में कई तरह की कुरीतियां विद्यमान थी। छुआछूत, उच्च नीच, सांप्रदायिकता, जातिवाद बहुतदेव वाद, मूर्ति पूजा, बलि पूजा आदि से सभी ग्रसित थे। उन्होंने समाज को एक नई दिशा प्रदान की। भेदभाव, समरसता, समता, स्वतंत्रता और बंधुता की स्थापना कर जन-जन के लिए मिसाल कायम किया। वे निर्गुण ब्रह्म के पक्षधर थे। वे निर्भीक, साहसिक तथा धार्मिक निष्ठा पर अडिग रहकर अपने अनुयायियों को सनातन धर्म और संस्कृति की महत्ता पर संदेश दिया। उनका संदेश आज भी हमारे दिलों में गूंजता है और हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। मंच संचालन खुर्शीद आलम जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्य ने किया। मौके पर शिक्षक संतोष प्रसाद, नीरा शर्मा, वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, मुकेश भारती, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, विकास, ज्योति तिवारी, रागिनी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# दुष्कर्म के आरोप में अजीत कुमार 18 वर्षीय युवक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** कांडी थाना क्षेत्र के राजा घटहूंआ गांव में एक 20 वर्षीया युवती के साथ गांव के ही 18 वर्षीय युवक अजीत कुमार के द्वारा घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने मझिआंव थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवती शादीशुदा महिला है। उसका पति विपिन कुमार पिछले कई दिनों से दूसरे प्रदेश में रोजगार के लिए गया हुआ है। तब से इसी गांव के युवक अजीत कुमार का निगाह उक्त महिला के प्रति आकर्षित था। उन्होंने कहा कि गत मंगलवार की देर शाम जब महिला शौच के लिए घर से बाहर निकली। तो पहले से घात लगाकर बैठा अजीत कुमार ने महिला का हांथ पड़कर उसके ही घर में ले जाकर दुष्कर्म करने का काम किया। साथ ही युवक द्वारा अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बनाया गया और सोशल मीडिया पर वायरल कर देने का भय दिखाया। कहा कि इधर पीड़ित महिला द्वारा कांडी थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर थाना प्रभारी अविनाश राज ने केस कांड संख्या 14/25 के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही महिला को मेडिकल जांच हेतु प्रशासनिक स्तर पर तैयारी की जा रही है। प्रेस वार्ता में कांडी थाना प्रभारी अविनाश राय, एसआई विद्यासागर प्रसाद, अनुसंधानकर्ता रौशन कुमार राम आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# मुखिया से खराब पड़े जल मीनार को बनवाने की मांग



खराब जलमीनार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड के मकरी पंचायत के गड़ेरियाडीह टोला के ग्रामीणों ने मुखिया को आवेदन देकर खराब पड़े जल मीनार को बनाने की मांग किया है। दिए आवेदन में कहा कि गड़ेरियाडीह टोला में शिव स्थल पर जल मीनार का कार्य विगत वर्षों से बंद पड़ी है। जिस कारण ग्राम वासियों को जल कि समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है एवं शिवस्थल पर अन्य धार्मिक कार्यक्रम कराए जाते हैं और हम लोगों को जल की समस्याओं से बहुत ज्यादा जूझना पड़ता है। जिसकी सूचना मौखिक रूप से मुखिया को कई बार इसकी सूचना दी गई। किंतु अब तक जल मीनार को नही बनाया गया। ग्रामीण संतलाल पाल, ललन पाल, पा शंकर पाल, परनिश पाल, निरंजन पासवान, सत्येंद्र पाल, लाल बाबू गुप्ता, राजू पासवान, शंभू पाल नागेंद्र पाल ने पंचायत के मुखिया से महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व जलमीनार एवं चप्पाकल का बनाने की मांग क़ी। जिससे इस टोले के ग्रामीणों को जल की समस्याओं का सामना न करना पड़े। मकरी पंचायत के मुखिया सरिता देवी नें कहा कि तीन बोर कराया गया है लेकिन पानी का सतह बहुत नीचे रहने के कारण सोलर द्वारा पानी उठाया नहीं जा पा रहा है। बिजली विभाग से जल मीनार के पास बिजली लगाने की मांग की गई है, बिजली लगते ही पानी क़ी व्यवस्था हो जाएगी।

# संगठन पर्व को लेकर भाजपाईयों की बैठक




बैठक करते भाजपाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय पिंडरा गढ़वा में जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में संगठन पर्व को लेकर बैठक हुई। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में सांगठनिक निर्माण का प्रक्रिया चल रहा है।

बहुत जल्द बुथ से लेकर मंडल स्तर पर संगठन पुनर्निर्माण का काम पूरा कर लिया जाएगा। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा सदस्यता अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है एवं संगठन का निर्माण कार्य चल रहा है। भाजपा में बुथ से लेकर मंडल जिला प्रदेश स्तर तक का दायित्व कार्यकर्ताओं के आंतरिक लोकतंत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बुथ एवं मंडल में संगठन निर्माण को लेकर सब जगह चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं और सबलोग अपने अपने काम में लगे हुए हैं। भाजपा जिला चुनाव सह अधिकारी ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा पार्टी है जहां आंतरिक लोकतंत्र कायम है भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। बुथ से लेकर मंडल स्तर पर चुनाव कार्य जल्द ही संपन्न करा लिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला चुनाव सह अधिकारी मधुलता कुमारी, विवेकानंद तिवारी, धनंजय गौड़, मीना गुप्ता, मथुरा पासवान, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, नसरुद्दीन अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

# डबल मर्डर हत्याकांड का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** कांडी थाना क्षेत्र के जतरो गांव के टेन बांध के बिछुली पर दम्पत्ति हत्या मामले में पुलिस ने छह घंटे के भीतर हत्यारे को गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा। इस संबंध में बुधवार को मझिआंव थाना में प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि कांडी थाना क्षेत्र के जतरो गांव में टेन बांध के बिछुली पर खेत रखवाली के लिए बबुल पेड़ के नीचे सो रहे हीरा रजवार उम्र 65 एवं पत्नी कलावती देवी उम्र 60 वर्ष की हत्या कर दिया गया था। जिसको लेकर थाना कांड संख्या 13/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इस कांड में पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा के निर्देशानुसार कांड को तत्वरित अनुसंधान करते हुए कांड के अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। टीम द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर यह बात स्पष्ट हो गई कि एक सप्ताह पूर्व हीरा रजवार उम्र 65 वर्ष पिता स्व. बुधन राजभर शराब पीते हुए अभियुक्त फुलटन रजवार उर्फ सुजीत रजवार को टेन बांध के पास देखा था इसके बाद इसकी सूचना परिवार वालों को दे दिया था जिस पर फुल्टन रजवार के घर वालों द्वारा मारपीट किया गया था। इसी बात को लेकर फलन रजवार एवं हीरा रजवार में एक दिन कहा सुनी हुई, इस बात को लेकर क्रोध में फुल्टन रजवार द्वारा हीरा रजवार की हत्या करने की योजना बनाया था। इसी योजना के तहत सोमवार की रात्रि में मौका का फायदा उठाते हुए लोहे का सब्बल को लेकर हीरा रजवार की हत्या करने के नियत से घर से निकला। उसके बाद समय करीब 1:00 बजे रात्रि में जब हीरा रजवार के खेत के समीप बबूल पेड़ के नीचे पहुंचा तो देखा कि हीरा रजवार एवं उनकी पत्नी कलावती देवी गहरी नींद में सो रहे हैं। इसी का मौका का फायदा उठाकर लोहे के सब्बल से सबसे पहले कलावती देवी के कान के पास सबल के नुकीला हिंसा से प्रहार किया, जिससे कलावती देवी पूर्ण रूप से जख्मी हो गई। इस दौरान सब्बल के दूसरे हिस्सा से हीरा रजवार के सिर पर जोरदार प्रहार किया जिससे हीरा रजवार के सर फट गया और दोनों पति-पत्नी की मौत हो गई। वहीं घटनास्थल 12 फरवरी को कांड के तत्वरित अनुसंधान के क्रम में कांड के प्राथमिक अभियुक्त फुल्टन रजवार उर्फ सुजीत रजवार पिता नरेश रजवार को गिरफ्तार किया तथा हत्या करने में प्रयुक्त किए गए खून से लगे सब्बल एवं घटना कार्य के समय फुल्टन रजवार उर्फ सुजीत रजवार के द्वारा पहना हुआ कपड़ा को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खुलासा के बाद हत्यारे के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं थाना प्रभारी अविनाश राज ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी अपराध पर लगाम लगाया जाएगा और अपराध करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज,एस आई रोशन कुमार राम, विद्यासागर प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, पुलिस बल विभूति कुमार विभु, संजय कुमार एवं चालक परवेज आलम शामिल थे।



जानकारी देते पुलिस निरीक्षक

# जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष बने मंसूर

**डंडई।** प्रखंड के रारो मदरसा ग्राउंड में आगामी 18 फ़रवरी से शुरू होने वाली झारखंड प्रीमियम लीग (जेपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने को लेकर सोमवार को वक़ील अंसारी के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इमामुदिन अंसारी ने की। बैठक में जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट कुल 16 टीमों के बीच खेला जाएगा। सफल संचालन के लिए मंसूर आलम को अध्यक्ष, यासीन मलिक को उपाध्यक्ष, जमील अंसारी व मो. क्यामुदिन अंसारी को सचिव, ओमप्रकाश यादव व विजय राम को उप सचिव, वक़ील अंसारी व अनीस अंसारी को संयोजक, जुबेर अंसारी व ऐनुदिन अंसारी को व्यवस्थापक, रमेश प्रजापति, संजय राम, नसीम अहमद, आदम अली, अबरार आलम, मो. अफजल को आयोजक बनाया गया है।

# शेयर बाजार धराशायी

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार (12 फरवरी) को लगातार 6ठें ट्रेडिंग सेशन में गिरावट दर्ज की गई। प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी 50 शुरुआती कारोबार में 1 फीसदी से ज्यादा फिसलने के बाद अंत में हल्की गिरावट लेकर बंद हुए। पिछले कुछ दिनों से भारतीय शेयर बाजार में निराशा का माहौल छाया हुआ है। जीडीपी की धीमी वृद्धि, देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नरम नतीजें और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से जुड़ी चिंताओं के कारण बाजार में दबाव दिख रहा है। पिछले 6 ट्रेडिंग सेशन में निवेशकों के 21 लाख करोड़ डूब चुके हैं। शेयर बाजार में पिछले (5 फरवरी) से जारी गिरावट की वजह से निवेशकों के 21 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बुधवार (12 फरवरी) को घटकर 4,07,46,408 करोड़ रुपये रह गया। पिछले बुधवार (5 फरवरी) को यह 4,28,03,611 करोड़ रुपये था। इस तरह, बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 20,57,203 करोड़ रुपये घटा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ योजनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कनाडा और यूरोपीय संघ (ईयू) ने यदि आवश्यक हो तो टैरिफ का मजबूती और दृढ़ता से विरोध करने का फैसला किया है। ट्रम्प ने सोमवार को अमेरिका में स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। उन्होंने और अधिक टैरिफ लगाने की भी चेतावनी दी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय शेयर बाजारों से बिकवाली का सिलसिला जारी है। एफआईआई लगभग हर रोज भारतीय स्टॉक बेच रहे हैं। एफआईआई ने मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में 4,486.4 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। निश्चित तौर पर ट्रंप के वापसी के बाद बाजार लगातार गिर रहा है जो चिंता का विषय है।

## कार्टून वर्ल्ड






मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9


# दिल्ली में भाजपा की जीत और आप की हार के सियासी मायने



दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की जीत के सियासी मायने दिलचस्प हैं। इसके राजनीतिक असर भी दूरगामी होंगे। क्योंकि एक तरफ जहां भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता मजबूत होगी, वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में बिखराव को बढ़ावा मिलेगा। ऐसा इसलिए कि इंडिया गठबंधन की अगुवा पार्टी कांग्रेस ने दिल्ली में अपने पूर्व गठबंधन सहयोगी 'आप', जो दिल्ली में लंबे समय से सत्तारूढ़ थी, उसे हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे कांग्रेस ने आप से जहां अपना पुराना सियासी हिसाब बराबर कर लिया, वहीं अपनी खोई राजनीतिक जमीन हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाए। अब उसमें इस बात की भी उम्मीद जगी है कि 2030 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में जब भाजपा से उसका सीधा मुकाबला होगा तो उसकी स्थिति और मजबूत होगी और उसका खोया जनाधार लौट आएगा।

2010 के दशक के शुरुआती सालों में पूर्व नौकरशाह अरविंद केजरीवाल समेत 'आप' के कतिपय प्रमुख नेताओं के द्वारा लोकप्रिय समाजसेवी अन्ना हजारे को आगे करके 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक एनजीओ के तत्वावधान में कांग्रेस की तत्कालीन डबल इंजन सरकार यानी मनमोहन सिंह सरकार और शीला दीक्षित सरकार के खिलाफ जो भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाई गई, उससे 2013 में दिल्ली में 15 वर्षों से सत्तारूढ़ शीला दीक्षित सरकार और 2014 में केंद्र में 10 वर्षों से सत्तारूढ़ मनमोहन सिंह सरकार का सफाया हो गया था। एनजीओ के बैनर तले शुरू हुए इस आंदोलन की देशव्यापी लोकप्रियता से उत्साहित समाजसेवियों ने आम आदमी पार्टी यानी 'आप' का गठन कर दिल्ली विधानसभा चुनाव में दावेदारी पेश की। तब तक अन्ना हजारे की आड़ में अरविंद केजरीवाल ने अपनी सामाजिक आभा इतनी चमका ली थी कि उनकी नवगठित पार्टी 'आप' ने कांग्रेस की पूरी और भाजपा की कुछ-कुछ राजनीतिक जमीन हड़प ली।

यदि गौर किया जाए तो 2013 में जब आप ने धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया, जिसका विरोध करके वह चुनाव जीती थी और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। कांग्रेस की इस एक मात्र भूल ने 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका सफाया कर दिया, वहीं आप की ओर मुस्लिम मतदाताओं के बढ़े रुझान से उसे रिकॉर्ड जीत मिली। क्योंकि कांग्रेस, भाजपा और जनता पार्टी/जनता दल जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के बाद आप एक ऐसी पहली क्षेत्रीय पार्टी बनी जिसने एक के बाद दूसरे राज्य यानी दिल्ली के बाद पंजाब में भी


- कमलेश पांडे

> भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति देने के नाम पर दलितों, पिछड़ों और सवर्णों के अलावा पूर्वांचलियों और पहाड़ियों के साथ-साथ दिल्ली के पंजाबियों-बनियों ने भी आप का साथ दिया। इससे भाजपा भी भौंचक्की रह गई, क्योंकि 2014 में ही उसने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश फतह किया था। वहीं, 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आप की लोकप्रियता थोड़ी कम हुई।

भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति देने के नाम पर दलितों, पिछड़ों और सवर्णों के अलावा पूर्वांचलियों और पहाड़ियों के साथ-साथ दिल्ली के पंजाबियों-बनियों ने भी आप का साथ दिया। इससे भाजपा भी भौंचक्की रह गई, क्योंकि 2014 में ही उसने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश फतह किया था।

वहीं, 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आप की लोकप्रियता थोड़ी कम हुई, लेकिन भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले काफी ज्यादा रही। इसके बाद जब आप ने पंजाब में कांग्रेस को, दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा को जबरदस्त शिकस्त दी तो कांग्रेस किंकर्तव्यविमूढ़, लेकिन भाजपा चौकन्नी हो गई। क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने यूपी, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिए। उन्होंने 2023 में आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा भी दिलवा दिया। अपनी पूर्ण बहुमत वाली सरकार बना ली।

इससे दूरदर्शी भाजपा नेतृत्व सजग हो गया। अरविंद केजरीवाल हर बात में उपराज्यपाल और प्रधानमंत्री को निशाना बनाते रहते थे। इस बीच लोकसभा चुनाव 2024 के पहले कांग्रेस के नेतृत्व में बने देशव्यापी इंडिया गठबंधन से जब आप की आंखमिचौली शुरू हुई, तो दिल्ली में कांग्रेस-आप में 4:3 का समझौता हो गया, जबकि पंजाब में दोनों में दोस्ताना मुकाबला हुआ। इसमें कांग्रेस ने आप को धो दिया और पंजाब में आप से दोगुनी सीट जीत ली। तभी यह तय हो गया कि आप को यदि अपनी राजनीतिक जमीन बचानी है तो कांग्रेस से दूर जाना होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यह हुआ तो जरूर, लेकिन यहां भी आप का दांव उलटा पड़ गया।

दरअसल, आप एक ऐसी पार्टी के रूप में उभर रही थी, जो भाजपा और कांग्रेस से इतर सभी व्यवहारिक मुद्दों में स्पष्ट नजरिया रख रही थी। लेकिन जब से वह भाजपा के निशाने पर आई, उसकी भी रीति-नीति बदल गई। उससे टक्कर लेने के लिए वह जिन थैलीशाहों की शरण में गई, वही आप को ले डूबे। शराब घोटाला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जब तक आप बिजली-पानी फ्री देने, स्कूल-अस्पताल को सुधारने आदि पर फोकस किया, तबतक लोकप्रिय बनी रही। लेकिन कोरोना काल की अवैध वसूली और अपनी कतिपय क्षेत्रवादी व अभद्र नीति से जहां वह जनता में अलोकप्रिय हुई, वहीं नीतिगत शराब घोटाले ने उसकी सरकार को ही जेल में डाल दिया। आप सरकार के मुख्यमंत्री की जेल यात्रा और पूर्व उपमुख्यमंत्री की जेल यात्रा तो महज एक बानगी रही, उसके अन्य मंत्री व सांसद भी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए और बमुश्किल जमानत पर रिहा हुए।

उधर, भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के शीशमहल, वायु प्रदूषण, यमुना जल प्रदूषण, दिल्ली के कुछ इलाकों के नारकीय हालात आदि पर इतना फोकस किया कि लोगों को यह महसूस हुआ कि दिल्ली में आप की सरकार के रहते दिल्ली का अब और विकास नहीं हो सकता। इससे पहले भी दिल्ली के विकास का सारा श्रेय शीला दीक्षित सरकार को जाता है। वहीं, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आप को दिल्ली के लिए 'आपदा' (आप-दा) करार दे दिया, क्योंकि यह सरकार विभिन्न महत्वपूर्ण केंद्रीय योजनाओं को दिल्ली में लागू ही नहीं होने देती थी। वहीं, कानून-व्यवस्था पर केंद्र सरकार को घेरती रहती थी, क्योंकि दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अंतर्गत होता है।

हालांकि, जब भाजपा ने आरएसएस के सहयोग से आप को दिल्ली की गली-कूचों में घेरना शुरू किया, तब स्थिति बदलती। छठ पूजा के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की सोच भी उनपर भारी पड़ी। कांग्रेस के खिलाफ सपा, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना यूटीबी आदि का समर्थन भी आप को भारी पड़ा, क्योंकि इनकी पहचान मुस्लिम परस्त और देशद्रोही पार्टी की बनती जा रही है। वहीं, दिल्ली के दंगों को, शाहीन बाग जैसे धरनों और किसान आंदोलन जैसे महागर विरोधी आंदोलनों को प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन देना भी अरविंद केजरीवाल की राजनीति को भारी पड़ी। भाजपा ने दिल्ली के राजनीतिक दंश को दूर करने के लिए एक सुनियोजित रणनीति अपनाई, जिसमें हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक के अनुभवों को पिरोया।

## लेटर टू एडिटर

### कूटनीति की परीक्षा

ट्रंप सरकार ने अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीयों को वापस भेजकर सुरक्षा के लिहाज से सख्त कदम उठाया है। यदि मोदी सरकार ने ऐसा निर्णय लिया होता, तो विपक्ष इसका विरोध करता। हालांकि, भारत को ट्रंप से ऐसे समझौते पर सहमति नहीं जतानी चाहिए, जो व्यापार और कारोबार पर नकारात्मक असर डालें।

**- राजेश कुमार, रांची**

### सफलता का मंत्र

प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पर चर्चा में छात्रों को परीक्षा को जीवन की अंतिम मंज़िल न मानने का संदेश दिया। उन्होंने मानसिक दबाव से निपटने, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास बनाए रखने की कला सिखाई। माता-पिता से आग्रह किया कि वे तुलना की प्रवृत्ति छोड़कर बच्चों की विशिष्ट क्षमताओं को प्रोत्साहित करें। यह पहल छात्रों को तनाव मुक्त रहकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने की प्रेरणा देती है। **-रवि, मुरी**

## ट्वीट

पिछले तीन दिनों में महाकुंभ के सभी 8 स्टेशनों से 1,006 ट्रेनें संचालित की गईं, जिससे 41.67 लाख श्रद्धालुओं को सुविधा मिली।

आज सुबह से अब तक 188 ट्रेनें चलाई गई हैं और 10 लाख श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की गई है।

**- अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री**

आप सभी को संत गुरु रविदास जी की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं।

उनकी शिक्षा हमें मानवता की सेवा, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देती हैं - उनके ये आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# प्रशांत किशोर की दक्षिण के नेता विजय के साथ मीटिंग क्या रंग लायेगी?

**डॉ. आर. बी. चौधरी**

## राजनीति

तमिलनाडु की मीडिया में दो राजनीतिक शख्सियतों का हालिया मिलन चर्चा का विषय बन गया है। प्रसिद्ध चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) ने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के अध्यक्ष विजय से पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की। 10 फरवरी को दोनों नेताओं के बीच लगभग ढाई घंटे की बैठक हुई जिसमें टीवीके के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल हुए। मुलाकात के दौरान पार्टी के महासचिव एन आनंद और चुनाव रणनीतिकार जॉन अरोकियासामी भी मौजूद थे। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं की यह मुलाकात तमिलनाडु के चुनावी परिदृश्य को खासा प्रभावित कर सकती है।

प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भाजपा, जेडी(यू) कांग्रेस, टीएमसी सहित विभिन्न दलों के साथ काम किया है। वे अब चेन्नई पहुंच चुके हैं और कथित तौर पर तमिल सुपरस्टार विजय से हाथ मिला रहे हैं, जो अपनी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के साथ राजनीति में उतरने वाले हैं। विजय का लक्ष्य अगले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ डीएमके का दमदारी से मुकाबला करना है। प्रशांत किशोर की विशेषज्ञता, विजय के लिए चुनावी रणनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

तमिल के मशहूर अभिनेता और पार्श्व गायक विजय का असल नाम जोसेफ विजय चंद्रशेखर है। उन्होंने 2 फरवरी, 2024 को तमिलगा वेट्री कझगम पार्टी की स्थापना की। उसी दिन, विजय ने अपनी राजनीतिक पार्टी के शुभारंभ की घोषणा की और 2026 में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में उतरने का इरादा जताया। जिसके बाद अटकलें लगाई जाने लगीं कि प्रशांत किशोर 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए, विजय को रणनीतिक सलाह दे सकते हैं।

तमिलनाडु की राजनीति में खलबली मचाने लक्ष्य से पहुंचे प्रशांत किशोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब कांग्रेस और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन सहित विभिन्न राजनेताओं के लिए विजयी अभियान तैयार करने में उनके सफल ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए इसबार भी कुछ अलट-फेर करने की संभावना से किसी को इनकार नहीं है। विजय के साथ उनकी बैठक ने राजनीतिक हलकों में इस बात को लेकर दिलचस्पी पैदा कर दी है। बहुत सारे लोगों को इस बात का इंतजार है जब विजय की तरफ से पीके के सहयोग लेने की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, पीके और विजय ने तमिलनाडु की चुनावी गतिशीलता पर गहन चर्चा की, जिसमें 2026 के विधानसभा चुनाव में टीवीके के लिए आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। पीके ने देशभर में विभिन्न दलों के लिए विजयी चुनावी रणनीति तैयार करने से प्राप्त अपनी विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि साझा की। यह संभावित सहयोग 2022 से ही चल रहा है, जब विजय ने राजनीतिक रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए पीके से मुलाकात की थी।

एक सेलिब्रिटी के रूप में विजय को तमिलनाडु में काफी लोकप्रियता हासिल है और बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक हैं। अब राजनीति में उनके प्रवेश ने लोगों में खासी दिलचस्पी पैदा की है। कई लोग उन्हें अभी से राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में संभावित गेम-चेंजर के रूप में देख रहे हैं। अन्य राजनेताओं की तुलना में विजय की सार्वजनिक स्थिति को ज्यादा मजबूत माना जा सकता है। वह पारंपरिक राजनेता नहीं हैं बल्कि एक सेलिब्रिटी से राजनेता बने हैं। इसके फायदे और नुकसान दोनों हैं। एक ओर, उनकी सेलिब्रिटी स्थिति उन्हें तुरंत प्रदेश के आम लोगों तक कनेक्ट कर सकती है और यह चुनावी मुहिम में दूसरों के ऊपर बढ़त दिला सकती है। वहीं, उनके पास राजनीतिक अनुभव की कमी है, जो उनके समक्ष राजनीतिक चुनौतियां खड़ा सकती है। वे उन चुनौतियों का किस तरह मुकाबला करते हैं, इसपर सभी की निगाहें होंगी।

वैसे विजय की राजनीतिक विचारधारा वामपंथी प्रतीत होती है। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और तमिल राष्ट्रवाद के महत्व पर जोर दिया है। यह सभी मुद्दे मतदाताओं को पसंद आ सकते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जिनका मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य से मोहभंग हो चुका है। बहरहाल, तमिलनाडु के चुनावी परिदृश्य को देखते हुए कहा जा सकता है कि विजय और पीके के इस बैठक का दूरगामी प्रभाव हो सकता है। साथ ही साथ रणनीतिकार पीके की विजय के साथ की गई बैठक राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है।

# तो बहू कहां से लाओगे?

**-प्रियंका सौरभ**

## समाज

हरियाणा में एक कहावत है, बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे? हालांकि यह मान लेना गलत है कि सभी बेटियाँ भावी दुल्हन हैं, फिर भी यह मुहावरा एक ऐसे राज्य में लिंग-चयनात्मक गर्भपात के गंभीर परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करने में प्रभावी है, जो दशकों से बेटियों की कमी से जूझ रहा है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आय में प्रगति के बावजूद भारत का जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) कम बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) द्वारा एसआरबी को प्रति 1,000 लड़कों पर 929 लड़कियाँ बताया गया। यह एनएफएचएस-4 (2015-16: प्रति 1,000 लड़कों पर 919 लड़कियाँ) की तुलना में थोड़ा सुधार है, लेकिन यह अभी भी एक निरंतर लिंग पूर्वाग्रह दिखाता है। ऐतिहासिक रूप से कुछ राज्यों में, विशेष रूप से उत्तरी और पश्चिमी भारत में अधिक विषम अनुपात रहे हैं।

1994 के गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के बावजूद, जन्मपूर्व लिंग निर्धारण तकनीकों द्वारा लिंग-पक्षपाती लिंग चयन संभव हो गया है। धनी आर्थिक समूहों और उच्च जातियों में पुरुषों के प्रति झुकाव वाली एसआरबी की दर अधिक है, जो यह दर्शाता है कि मौद्रिक प्रोत्साहन अकेले पर्याप्त निवारक नहीं हो सकते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लागू होने के बाद से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में एसआरबी में सुधार हुआ है। दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट आ रही है, जिन्हें आमतौर पर बेहतर लिंग अनुपात के लिए जाना जाता है। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है। हालांकि दिल्ली के आसपास के राज्यों में सुधार हुआ है, लेकिन दिल्ली में भी एसआरबी में गिरावट देखी गई है। जबकि यहाँ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए बुनियादी लक्ष्य और रणनीतियाँ थीं। पीसीपीएनडीटी अधिनियम को और अधिक सख्ती से लागू करके लिंग के आधार पर लिंग चयन को प्रतिबंधित करना होगा। लड़कियों की शिक्षा, सुरक्षा और जीवन रक्षा को बढ़ाना होगा। बाल विवाह में देरी करना और महिलाओं की शैक्षिक प्राप्ति को बढ़ाना जरूरी है। पितृसत्तात्मक मान्यताओं से निपटने के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास करने होंगे। लिंग-चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए, पीसीपीएनडीटी अधिनियम को मजबूत किया जाना चाहिए। वित्तीय प्रोत्साहन जैसे कि हरियाणा के लाडली और आपकी बेटी हमारी बेटी जैसे कार्यक्रम परिवारों को लड़कियों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शैक्षिक सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति और बुनियादी ढांचे के समर्थन के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा के लिए धन मुहैया कराना प्रभावी कदम है। उच्च विषमता वाले क्षेत्रों के बाहर सीमित प्रभावशीलता बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का प्रभाव अलग-अलग है; कुछ दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब है कि उच्च विषमता वाले राज्यों में केंद्रित हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं हैं।

बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि ³बेटी को परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है।³ दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ वित्तीय प्रोत्साहन से ज्यादा की जरूरत है। कम महिला श्रम शक्ति भागीदारी अभी भी दुनिया में सबसे कम है, यहाँ तक कि बेहतर शैक्षिक मानकों के साथ भी। आर्थिक असुरक्षा का अनुभव करने वाली महिलाएँ पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं का विरोध करने में कम सक्षम हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत वेतन समानता के मामले में वैश्विक स्तर पर 127वें स्थान पर है, जहाँ पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये के लिए महिलाएँ केवल 39.8 रुपये कमाती हैं। सशर्त नकद प्रोत्साहन (जैसे, सशर्त नकद हस्तांतरण) प्रणालीगत परिवर्तन के बजाय नीति का केंद्र बिंदु हैं। लाडली योजना द्वारा लैंगिक पूर्वाग्रह के अंतर्निहित कारणों को दूर नहीं किया गया है। रोजगार, संपत्ति के अधिकार और वित्तीय स्वायत्तता के क्षेत्रों में संरचनात्मक परिवर्तन प्राप्त करने के लिए, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को कैचफ्रेज से आगे बढ़ना चाहिए।

लिंग-संवेदनशील नीतियों को मजबूत किया जा रहा है। लड़कियों को बचाने के बजाय, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को नेतृत्व, वित्तीय समावेशन और रोजगार में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। प्रोत्साहन देकर अधिक महिलाओं को उद्यमिता और करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। रोजगार अंतराल और वेतन असमानताओं को संबोधित करें लैंगिक वेतन अंतर को कम करने के लिए समान वेतन कानून लागू करें। मातृत्व लाभ, लचीले कार्य कार्यक्रम और चाइल्डकैअर सहायता प्रदान करके अधिक लोगों को काम करने के लिए प्रोत्साहित करें। पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रवर्तन को बढ़ाना, डायग्नोस्टिक क्लीनिकों की निगरानी करना और अवैध लिंग निर्धारण के खिलाफ सख्त कदम उठाना कानूनी और सामाजिक सुधारों को मजबूत करने के सभी तरीके हैं। सरकार के स्थानीय स्तर पर जवाबदेही प्रणाली को मजबूत करें। संपत्ति और विरासत पर महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करें।

उत्तराधिकार अधिकारों को न्यायसंगत बनाए रखें, खास तौर पर उन क्षेत्रों में जहाँ बेटियों को अभी भी समान संपत्ति का स्वामित्व नहीं दिया जाता है। महिलाओं को परिवारों में एक साथ संपत्ति रखने के लिए प्रोत्साहित करें। समुदाय द्वारा संचालित व्यवहार और जुड़ाव में बदलाव लाएं। स्थानीय नेताओं के माध्यम से जमीनी स्तर पर भागीदारी बढ़ाएं। शिक्षकों, धार्मिक नेताओं और समुदाय के प्रभावशाली सदस्यों को पितृसत्तात्मक परंपराओं का विरोध करने के लिए प्रोत्साहित करें। लैंगिक समानता के बारे में बातचीत में अधिक पुरुषों को शामिल करें।

स्पीड न्यूज

## एनटीपीसी बड़कागांव कार्यालय में जन सूचना केंद्र की होगी स्थापना



बड़कागांव। बादम कोयला खनन परियोजना ने 11 फरवरी को एनटीपीसी सीकरी कार्यालय में अपनी पहली आधिकारिक प्रेस मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़कागांव और हजारीबाग जिले के प्रमुख पत्रकारों ने हिस्सा लिया। प्रेस मीट की शुरुआत में परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने सभी पत्रकारों का स्वागत किया और बादम परियोजना की प्रगति की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही एनटीपीसी बड़कागांव कार्यालय में जन सूचना केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र स्थानीय नागरिकों को परियोजना से जुड़ी जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया जाएगा। पत्रकारों के साथ चर्चा के दौरान, स्थानीय जनता की चिंताओं और अपेक्षाओं पर बात की गई। पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों को बादम परियोजना टीम ने गंभीरता से लिया और समाधान की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया। परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी ताकि स्थानीय समाज और परियोजना के बीच बेहतर समन्वय बना रहे। प्रेस मीट स्थानीय समुदाय और परियोजना के बीच संवाद का एक सकारात्मक प्रयास साबित हुई।

## झरपो में धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि रैदास जयंती



टाटीझरिया। झरपो पंचायत सचिवालय परिसर में संत शिरोमणि रैदास जी की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और संत रैदास जी के जीवन और उनके उपदेशों को याद करते हुए उनकी तस्वीर के समक्ष पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि संतों की कोई जाति नहीं होती, उनके कर्म ही उनकी पहचान होते हैं। उन्होंने संत रैदास जी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। संत रैदास जी का जन्म रविदास परिवार में हुआ था, और उन्होंने समाज में समता और सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर रैदास समाज के लोगों ने उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की बात कही। कार्यक्रम में विजय कुमार रविदास, सरजू राम, कार्तिक राम, जगरनाथ राम, अशोक राम, अनिल कुमार, रामु राम, ऋषभ कुमार, रेखा देवी, राधिका देवी, आशा देवी, रूपा देवी, पूनम देवी, बबीता देवी, रीना देवी, सुनीता देवी, काजल कुमारी, सोनी कुमारी, कबूतरी देवी, फूलमती, संगीता कुमारी और कई अन्य महिला-पुरुषों ने भाग लिया। यह आयोजन संत रैदास जी के विचारों और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सराहनीय रही।

## शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



हजारीबाग। जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आईईडी विस्फोट में शहीद हुए हजारीबाग के वीर सपूत, कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी (पुनीत) की शहादत पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरा दुख व्यक्त किया। बुधवार सुबह विधायक ने शहीद के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और इस अपूरणीय क्षति के लिए सांत्वना प्रकट की। विधायक ने कहा कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की शहादत न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे हजारीबाग और झारखंड के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा, 'मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनकी वीरता और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।' हजारीबाग में शहीद की शहादत की खबर के बाद गमगीन माहौल छा गया। जिस परिवार में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, वहां अचानक मातम पसर गया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस दुखद घटना को पूरे हजारीबाग की व्यक्तिगत क्षति बताते हुए परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने घोषणा की कि कैप्टन करमजीत की अंतिम यात्रा पूरे राजकीय सम्मान के साथ निकाली जाएगी और हजारीबाग के नागरिकों से बड़ी संख्या में इस वीर सपूत को श्रद्धांजलि देने की अपील की। गुरुवार को जब उनका पार्थिव शरीर भारत माता चौक पहुंचेगा, वहां से उनके निवास स्थान तक यात्रा निकाली जाएगी। विधायक ने यह भी कहा कि हजारीबाग में शहीद के सम्मान में एक स्मारक का निर्माण और किसी महत्वपूर्ण स्थान का नाम उनके नाम पर रखने का प्रयास किया जाएगा। हजारीबाग सदर विधायक और समस्त नागरिकों ने शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, हमने न केवल एक बहादुर सैनिक खोया है, बल्कि एक होनहार युवा भी खोया है, जिसने हजारीबाग का नाम रोशन किया था। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जाएगा।

## हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के शहादत को सांसद ने किया सलाम



हजारीबाग। हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी मंगलवार को जम्मू कश्मीर के अखनूर में हुए आईईडी ब्लास्ट में वीरगति को प्राप्त हुए हैं। इस बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के सर्वोच्च बलिदान पर समस्त हजारीबाग समेत पूरा राष्ट्र सदैव आपका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि समस्त हजारीबाग के लिए अत्यंत दु:खद खबर और हृदयविदारक खबर है। उन्होंने ईश्वर से वीर सपूत की आत्मा को शांति देने की कामना की साथ ही कहा कि उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं हैं। पूरा हजारीबाग एकजुट होकर उनके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने शहीद कैप्टन के शहादत को सलाम भी किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि शहीद कैप्टन के परिवार के साथ हमारा गहरा नाता रहा है और हजारीबाग के इस लाल के साथ ही देश ने एक सच्चे देशभक्त को हमेशा के लिए खो दिया।

# बड़कागांव में अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण रथ का भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



बड़कागांव। अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 97वीं जयंती के अवसर पर चलाए जा रहे जागरण अभियान रथ का बड़कागांव में शहीद जगदेव विचार मंच के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

रथ के आगमन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत आदर्श मध्य विद्यालय के सामने डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद टंडवा रोड स्थित सूर्य मंदिर परिसर में अमर शहीद जगदेव प्रसाद और गुरुदयाल महतो की प्रतिमाओं पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जगदेव प्रसाद जागरण अभियान रथ 2 फरवरी को पटना के चितकोहरा से अपनी यात्रा शुरू कर बड़कागांव पहुंचा। इस रथ का नेतृत्व डॉ. संत कुमार सिंह कर रहे हैं। बड़कागांव में रथ का स्वागत जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष उमेश कुमार दांगी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान अमर शहीद जगदेव प्रसाद के विचारों को साझा करते हुए उनके संघर्ष और बलिदान को याद किया गया। इस मौके पर समाज के विभिन्न वर्गों ने उनकी प्रेरणा को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सेवानिवृत्त डीएसपी मुटुकधारी महतो, कुशवाहा समाज के प्रखंड अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, मीनू महतो, डॉ. बालेश्वर महतो, प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो, सबुर महतो, झमन प्रसाद, रघुनंदन प्रसाद, कोषाध्यक्ष रितेश ठाकुर, मीडिया प्रभारी शिव शंकर कुमार और श्याम नंदन कुमार समेत सैकड़ों महिला और पुरुष मौजूद थे।

## भू-राजस्व वसूली शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



कटकमदाग। प्रखंड के कदमा में झारखंड सरकार के निर्देशानुसार और हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय के आदेश पर भू-राजस्व वसूली शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व अंचल अधिकारी विजय कुमार महतो ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और अपनी भूमि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन जमा किए। साथ ही, शिविर में भू-राजस्व का भुगतान भी किया गया।

अंचल अधिकारी विजय कुमार महतो ने जानकारी दी कि अगला भू-राजस्व वसूली शिविर 14 फरवरी को मसरातू में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कटकमदाग अंचल के सभी निवासियों से अपील की कि वे इस शिविर में पहुंचकर भू-राजस्व जमा करने में सहयोग करें। यह शिविर क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहद लाभकारी रहा, जहां उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान और राजस्व भुगतान के लिए एक प्लेटफॉर्म प्राप्त किया।

शिविर के दौरान राजस्व विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें भूमि सुधार उपनिरीक्षक बालेश्वर कुमार, अंचल निरीक्षक विक्रम कुमार, मिथलेश कुमार, रौशन कुमार सिंह, वार्ड पार्षद दीपक कुमार सिंह, तापेश्वर साव, कांग्रेस नेता असगर अली और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

## चरही चनारो में अवैध चिमनी भट्ठों का खेल जारी

- कोयला तस्करी से बढ़ा प्रदूषण, प्रशासन मौन

खबर मन्त्र संवाददाता




चुरचू। चरही चनारो गांव में अवैध चिमनी भट्ठों का संचालन धड़ल्ले से जारी है, जहां बिना किसी अनुमति के कोयले का अवैध परिवहन और उपयोग किया जा रहा है। इस गैरकानूनी गतिविधि के कारण क्षेत्र में वायु और जल प्रदूषण खतरनाक स्तर तक बढ़ चुका है, जिससे स्थानीय निवासियों का स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।

**प्रशासनिक उदासीनता से फल-फूल रहा अवैध कारोबार :** ग्रामीणों का कहना है कि चरही महाप्रबंधक की निष्क्रियता और सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) के सुरक्षा बल कर्मियों की लापरवाही के कारण कोयले की तस्करी बेरोकटोक जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, तापीन, पिंडरा, कजरी, फुसरी, बेहरा डंप और 14 माइल साइडिंग से कोयले की अवैध ढुलाई हो रही है, लेकिन प्रशासन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सका है।

**ग्रामीणों में आक्रोश, जन-जागरूकता अभियान की मांग :** पर्यावरण और स्वास्थ्य को हो रहे नुकसान को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई, तो इसका असर आने वाली पीढ़ियों तक देखने को मिलेगा। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस अवैध गतिविधि पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा, या फिर यह काला कारोबार यूं ही फलता-फूलता रहेगा?

## स्वराज ट्रैक्टर चोरी का खुलासा: दो आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



टाटीझरिया। हजारीबाग जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र में स्वराज कंपनी का एक ट्रैक्टर चोरी होने के मामले का पुलिस ने त्वरित उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। वादी कैलाश यादव ने थाना में आवेदन देकर बताया कि दिनांक 24 दिसंबर 2024 की रात उनके घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद टाटीझरिया थाना में कांड संख्या 86/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिश्रुगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। मानवीय और तकनीकी स्त्रोतों का उपयोग करते हुए टीम ने सीमावर्ती जिलों में छापेमारी अभियान चलाया। गहन जांच और प्रयासों के बाद टीम ने चोरी में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया और चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी में आशीष यादव (21 वर्ष), पिता प्रकाश यादव, निवासी खम्भ्वा बांडी, टाटीझरिया, हजारीबाग, उत्तम कुमार मिस्त्री (39 वर्ष), पिता अशोक मिस्त्री, निवासी खरखरी, थाना मधुबन, धनबाद शामिल है। छापेमारी दल में बी.एन. प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिश्रुगढ़, सरोज सिंह चौधरी, थाना प्रभारी, टाटीझरिया, पवन कुमार, पु०अ०नि०, दीपक कुमार पाल, स०अ०न०, आबिद हुसैन अंसारी, हवलदार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस के इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से इलाके में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस के प्रयास की सराहना की है।

## प्रमुख समाज सुधारक थे संत रविदास : डॉ. एकेएस झा

- जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में धूमधाम से मनी संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एके एस झा और संचालन वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर सह एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा ने ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास जी के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर तमाम शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने बारी-बारी से संत रैदास जी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया सामूहिक रूप से कॉलेज में शांति, समृद्धि के लिए अरदास किया। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने मध्यकालीन भारत के महान संत के रूप में प्रकट हुए। वर्तमान में भी उनकी युक्ति मन चंगा तो कठौती में गंगा सार्थक प्रलक्षित बनारस और प्रयागराज महाकुंभ में दिखाई दे रहा है। हिंदी विभागाध्यक्ष सह एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विशेश्वर रविदास ने मंगलाचरण पाठ किया और परमपिता परमात्मा संत रविदास जी से आराधना की। अध्यक्षीय भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार सिंह झा ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी भक्ति और कर्म के योग से जाति और धर्म से ऊपर उठकर एक प्रमुख समाज सुधारक के रूप में प्रकट हुए। धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी पांडेय ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने बाह्य आडंबरों रहित और मानवीय गुण शुद्ध मन, पवित्र विचार, सुंदर व्यवहार को जीवन में गुरु के आदेशानुसार काम करते हुए भक्ति के साथ समाज, देश और विदेशों में भी उनकी महिमा का गुणगान सदियों से चलता चला आ रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. राजेश कुमार, प्रो. टीके झा, प्रो. बालकृष्णा, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. बालमुकुंद, डॉ. गोपाल विश्वकर्मा, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. मिथिलेश कुमार, सुशील, महावीर, दीपक, गायत्री, नारायण, सोमनाथ, कृष्णा, रामदेव केसरी, अमित, रूपा, पारो, संध्या, सनी, रामदेव सहित छात्र-छात्राओं और दर्जनों स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

## संत रविदास और महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई



रजरप्पा। छोटकी लारी में बुधवार को संत गुरु रविदास की 648वीं तथा दयानंद सरस्वती की 201वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दोनों की तस्वीरों पर मल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। सेवानिवृत पुन्नू राम नायक पिछले 52 वर्षों से संत रविदास जयंती मनाते आ रहे हैं। इस दरम्यान बच्चों ने गुरू रविदास के भजन गाए। बच्चों के बीच प्रसाद एवम चॉकलेट बांटा गया।

## कुंभ गए परिवार के घर हुई चोरी



रामगढ़। रामगढ़ थाना अंतर्गत मुर्रामकला में एक परिवार कुंभ मेला गया था। परिवार के कुंभ जाने के उपरांत चोरों द्वारा उनके आवास में चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि घर के मालिक मिथलेश महतो के बंद घर से डेढ़ लाख के जेवरात और महत्पूर्ण दस्तावेज चोरी की गई है। घटना रात 11:00 बजे की है। घर के मालिक की मां सालाखों देवी ने बताया कि उन्होंने घर में कुछ आवाज सुना। जब दरवाजा खोला तब एक युवक जो 16-17 साल का था उसे भागते हुए देखा। बताया की चोर द्वारा अलमारी में रखा डेढ़ सौ ग्राम सोना, 100 ग्राम चांदी और जमीन के दस्तावेज चोरी कर लिया गया है। सालखों देवी ने बगल के मकान में रहने वाले अपने दूसरे बेटे किशोर महतो को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन की।

## सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक भूरकुंडा में 14 को : आरपी सिंह चंदेल

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कार्यालय आगामी 14 फरवरी को सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक होगी। बैठक में पार्टी के राज्य कमेटी के द्वारा रामगढ़ जिला कमेटी के संगठन की देखरेख करने के लिए पार्टी के झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉ. संजय पासवान को नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी के सचिव आरपी सिंह चंदेल ने बताया कि इस बैठक में सीपीएम का 8वां झारखण्ड राज्य सम्मेलन में संगठन एवं आंदोलन के संबंध लिए गए फैसले को रामगढ़ जिला में लागू करने को लेकर 14 से 20 फरवरी तक जनबिरोधी केंद्रीय के खिलाफ बिरोध कार्यक्रम करने एवं रामगढ़ जिला से संबंधित अन्य बिषयों पर कॉ. संजय पासवान, राज्य सचिव मंडल सदस्य मार्गदर्शन करेंगे।

## यज्ञ को लेकर सांडी शिव नगर कॉलोनी में किया गया भूमि पूजन



कुजू। श्री श्री 1008 पंच दिवसीय शिव शक्ति सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को सांडी कांटी फैक्ट्री स्थित शिव नगर कॉलोनी में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य राकेश कुमार पांडेय और पुरुषोत्तम पांडेय ने भूमि पूजन में बैठे यजमान हरिनंदन चौधरी, रामदेव यादव, राजू चौधरी सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। जबकि महावीरी झंडे के पूजन पश्चात नगर भ्रमण किया गया। श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ कॉलोनी से निकलकर सांडी चौंक, जीवन रेखा अस्पताल, टूटी झरना मोड आदि स्थान होते हुए पुन: वापस पहुंचकर झंडे का ध्वजारोहण किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि उक्त यज्ञ आगामी 23 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें भक्ति की बयार बहेगी। मौके पर भुनेश्वर महतो भुन्नू, संजय कुमार, नीरज झा, रामसहाय बेदिया, लाली बेदिया, राजू साव,मेवालाल महतो, अशोक सिंह उर्फ भोला सिंह, राकेश चौधरी आदि शामिल थे।

## किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है : तेजपाल महतो



रजरप्पा। एनएच 23 छोटकीपोना स्थित नयामोड़ में नवीन प्रतिष्ठान ओम टेलिकॉम सेल्स एवं सर्विस (मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) का शुभारंभ बुधवार को किया गया। शुभारंभ कविलास देवी एवं तेजपाल महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मौके पर उन्होंने दुकान संचालक को बधाई दी। साथ ही तेजपाल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक ब्यापार नहीं बढ़ेगा, किसी भी क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है। नयामोड़ जैसे क्षेत्र में ओम इलेक्ट्रॉनिक के प्रोपराइटर बिनोद कुशवाहा के द्वारा बेहतरीन इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों का दुकान खोला जाना बहुत ही गर्व की बात है। इस दुकान में बेहतरीन एवं किफायती दर सामान मिलेंगे।संचालक विनोद कुमार कुशवाहा एवं दीपक कुमार ने बताया कि यहां फाइनेंस की सुविधा भी है। इस शॉप में एसी, मोबाइल, कूलर, रेफ्रीजरेटर, स्मार्ट टीवी, वशिंग मशीन, साउंड बार, स्मार्ट फेन उपलब्ध हैं। मौके पर आजसू नेता अमृतलाल मुंडा, पंसस शम्भु कुमार सहित नंदकिशोर राम दांगी, तारा देवी, अमर, गुड्डू, मोहन कुमार आदि मौजूद थे।

## कुजू में संत शिरोमणि रैदास की जयंती मनायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता



कुजू। कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय में श्री श्री संत शिरोमणि रैदास जी की जयंती समारोह मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम व संचालन मेघलाल राम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी नौशाद आलम उपस्थिति थे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा रैदास जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की गयी। बाद अतिथियों ने रैदास जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे संत सदियों में कभी कभार जन्म लेते हैं जो कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, भक्ति की नई परिभाषा गढ़ने, और पाखंड से दूर रहने की बात बताए। उनके समकालीन सभी संतों ने उनकी भक्ति की शक्ति को देखते हुए उन्हें सभी संतों से ऊपर मानने को तैयार हुए। इसलिए उन्हें श्री श्री संत शिरोमणि की ऊपाधि दी गई। कार्यक्रम में अमर सिंह, रामकुमार साहू, सन्तोष मेहता, लक्ष्मण राम, सुरेश राम, अरविंद राम, सन्तोष भुईयां, राजू नायक, कपूर भुईयां, सुरेश भारती, बिनोद राम, बलराम रविदास, मानिक राम, बहादुर राम, सुनिल राम, आनंद राम, अंबिका राम, प्रदीप राम, पिंटू राम, अजय नायक, दुर्गा नायक, अमरदीप राम, विकाश राम, दिलीप राम, संतोष राम, रवि राम, अनिता देवी, गुलाबी देवी, मंजू देवी, किरन देवी, सरिता देवी, रजिया देवी, कांति देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# संत रविदास ने सभी वर्गों के कल्याण के कार्य किये : रोशन लाल चौधरी

- डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार मंच ने भुरकुंडा में मनाई संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार मंच द्वारा भुरकुंडा पेट्रोल पंप स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्थल में श्रीश्री संत शिरोमणि गुरु रैदास जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास जी के तस्वीर की पुरोहित शिवनंदन दास एवं मुख्य पुजारी ज्ञानी राम द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम उपस्थित थे। मौके पर मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने कहा कि संत रविदास जनमानस के कल्याण के युगपुरुष थे। जिन्होंने सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य किया एवं अपनी भक्ति से लोगों के जीवन को समृद्ध किया। उन्होंने कहा कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है और उसका पालन व रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। हमसभी को अपने जीवन में दूसरों की भलाई के लिए सहयोग करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मनोज राम ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने अनेको भजन व गीतों की रचना की। साथ ही जनमानस के कल्याण में उन्होंने अपना समग्र जीवन लगाया। उन्होंने कहा कि वे वैसे संत थे जिन्होंने जात-पात, गरीबी-अमीरी से उपर उठकर सबों के लिए एक समान जीवन के अधिकार, स्वतंत्रता और अनुशासित जीवन शैली के अधिकारों पर बल दिया। श्री कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जनमानस के कल्याण के अद्वितीय उदाहरण हैं। मंच के सचिव राजन राम ने संत शिरोमणि गुरु रैदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत-संगीत के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेश्वर राम ने किया।

समारोह में पूर्व पार्षद दर्शन गंझू, बालेश्वर राम, विजय राम, दिनेश राम, रविंद्र दास, विजय मेहरा, भोला राम, ज्ञानी राम, कर्मवीर राम, अरविंद दास, बबलू राम, प्रदीप राम, दिनेश, विक्की, रवि, मिथिलेश, टिंकू राम, प्रमोद दास, सोनू राम, अनिल राम, प्रकाश राम, शंकर राम, हरिबोल राम, लखन राम, लक्ष्मण राम, मुकेश राम, मनोहर राम, टिंकू राम, सुजीत राम, लगनू राम, मिथिलेश राम, लक्ष्मण राम, प्रयाग राम, जगन्नाथ पासवान, बालकिशन राम, रामेश्वर राम, चतुर राम, विक्रम राम, प्रीतम, राजकुमार दास, अरुण राम, कंचन दास, अनिल करमाली, निर्मल राम, विजय राम, श्रवण कुमार, शिवकुमार, मोगल राम, संजय भुंइया, राम अवतार भुंइया, आजाद भुंइया, अनिल राम, पप्पू राम, अनिल, अनीता करमाली, प्रमोद राम, रामेश्वर राम, नितेश भुंइया, सागर राम, विश्वजीत गोप सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बाबा तिलका मांझी ने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी

- प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी की जयंती मनायी गयी



कुजू। प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी (मुर्मू) की जयंती मुरपा फोरलेन सड़क स्थित अक्षत बैंकेट हॉल (पंजाबी ढाबा) में मनायी गयी। जयंती समारोह की अध्यक्षता अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम जिला उपाध्यक्ष मनोतन मुंशी मांझी व संचालन जिला सचिव मनोतन गंगा मुर्मू ने किया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम केंद्रीय अध्यक्ष (दिशोम मांझी हड़ाम) बिनोद किस्कू व विशिष्ट अतिथि के रूप में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय कोषाध्यक्ष (जोगवा) दीपक टुडू शामिल हुए। इस दौरान अतिथियो को फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने बाबा तिलका मांझी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर अतिथियों ने कहा कि तिलका मांझी भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके संघर्ष और बलिदान से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्हें महाराणा प्रताप के बाद दूसरा सेनानी माना जाता था। उन्होंने मंगल पांडेय से लगभग 70 साल पहले 1784 में अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठाए थे। इस समारोह के मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष नरेश हांसदा, रामकुमार बास्के, केन्द्रीय सदस्य विजय किस्कू, जिला कोषाध्यक्ष सानू सोरेन, उपाध्यक्ष चन्द्रदेव मराण्डी, सह कोषाध्यक्ष चंदन हेम्ब्रोम, बिरजू सोरेन, सोहन बास्के, विजय मुर्मू, भोला मुर्मू, अजय टुडू, शिवधन सोरेन, सकलदेव करमाली, अजय, कमलेश पांडेय सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष शामिल थे।

# रविदास मंदिर के सामने लगा धार्मिक पोस्टर-बैनर को हटाने को लेकर झड़प में पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य घायल

## मामला शांत नहीं हुआ तो प्रशासन लॉ एंड ऑर्डर के तहत काम करेगा : रिया सिंह

- पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रुपनडीह में रविदास मंदिर के सामने लगा धार्मिक पोस्टर हटाने को लेकर मामला पूरी तरह तूल पकड़ लिया। इस मामले को लेकर विगत एक सप्ताह से रुपनडीह में पुलिस दिन-रात कैंप कर रही थी और प्रशासन दोनों को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन दोनों गुट अपनी बात पर अड़िग रहे, जिसके परिणाम स्वरूप बुधवार को पोस्टर हटाने को लेकर विवाद हुआ और पत्थरबाजी हो गई। इस पत्थरबाजी और झड़प में डोमचांच इंस्पेक्टर विनोद कुमार, थाना प्रभारी ओमप्रकाश समेत कई पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग घायल हो गए। आपस में उलझे लोगों को शांत कराने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

पत्थरबाजी और झड़प के बाद विवादित स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, बीडीओ भोला पांडेय, सीओ रविन्द्र पांडेय सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं। जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनाव बना हुआ है।

**कैसे शुरू हुआ विवाद और पथराव :** रविदास जयंती को लेकर प्रतिमा स्थापना को लेकर लोग पहुंचे थे। मंदिर परिसर पर लगभग सात फीट की दूरी पर बैनर पोस्टर लगा हुआ था, जिसे एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष द्वारा लगाया गया बैनर पोस्टर हटाना शुरू कर दिए। पोस्टर हटाने के दौरान ही दो गुटों में विवाद शुरू हुआ, विवाद गहराता गया, देखते ही देखते दोनों गुटों के सैकड़ों लोग एक जगह जमा हो गये तभी दोनों गुटों के बीच बहस के दौरान पथराव शुरू हो गया। जहां घटना घटी है वहां पर संत रविदास मंदिर और मां दुर्गा मंदिर का निर्माण चल रहा है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस मामले में एसडीओ रिया सिंह ने कहा कि इस मामले को लेकर पहले भी कई बार बैठक हुई है, लेकिन दोनों ओर से सुनने को कोई तैयार नहीं है। आज फिर से दोनों पक्षों को वार्ता के लिए बुलाया गया है। दोनों पक्ष शांति तरीके से बैठकर मामले को सुलझाने का प्रयास करें ताकि यह मामला हमेशा के लिए शांत हो सके। उन्होंने कहा यदि मामला शांत नहीं हुआ तो प्रशासन अपने लॉ एंड ऑर्डर के तहत काम करेगा। वहीं इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि, कुछ लोग रविदास जयंती पर प्रतिमा स्थापित करने मंदिर में आये थे, तभी दूसरे पक्ष की ओर से बहस शुरू हुई और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाने लगा तो पुलिस द्वारा उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा था, तभी इसी बीच झड़प शुरू हो गई जिसमें थाना प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। वहीं दोनों पक्षों को बुलाया जा रहा था, लेकिन दूसरे पक्ष के लोग वार्ता के लिए अभी तक नहीं आये।

**आखिर क्या है मामला :** थाना क्षेत्र अंतर्गत रूपनडीह में संत रविदास का एक मंदिर, जो 11 वर्ष पहले से बना हुआ है। जिसमें एक पक्ष के लोगों का आरोप है कि, विगत कुछ महीने पहले ही वहां दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा दूसरे भगवान से संबंधित बैनर, पोस्टर और होर्डिंग के माध्यम से संत रविदास जी के मंदिर को ढंक दिया गया है। इसे लेकर एक महीने पूर्व ही डीसी, पुलिस अधीक्षक और एसडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, जिसके बाद आला अधिकारियों के निर्देश पर डोमचांच के सीओ और थाना प्रभारी उक्त स्थल का निरीक्षण करने भी पहुंचे थे, लेकिन एक महीने बीत जाने के बाद भी होर्डिंग और पोस्टर यथावत लगा हुआ है। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने बताया कि उक्त परिसर में वर्षों पहले से ही मां दुर्गा का मंदिर का ढांचा खड़ा है, जिसका निर्माण जल्द ही होने वाला है। उसी को लेकर वहां पोस्टर लगाया गया है। उक्त पोस्टर रविदास मंदिर से काफी दूरी पर लगाया गया है। दूसरे पक्ष का यह भी कहना है कि पहला पक्ष के लोग उस पूरे परिसर में किसी अन्य भगवान के मंदिर निर्माण का विरोध कर रहे हैं।

**पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील :** स्थिति को नियंत्रण करने को लेकर पूरे इलाके में पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई है, ताकि फिर से कोई झड़प या विवाद न बढ़े। फिलहाल मौके पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल सिंह, बीडीओ भोला पांडेय, सीओ रविन्द्र पांडेय, इंस्पेक्टर विनोद कुमार, थाना प्रभारी ओम प्रकाश सहित अन्य पुलिसकर्मी व पदाधिकारीगण मौजूद हैं।

## अखंड हरि कीर्तन से बढ़ती है आस्था: डॉ नीरा यादव



**कोडरमा।** कोडरमा के ग्राम झरीटांड़ स्थित देवी मंदिर प्रांगण में सोमवार से शुरू हुआ अखण्ड हरि कीर्तन का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन भी कार्यक्रम में भाग लेने कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव अपने पति विजय यादव, पुत्र विशाल, हर्षित और परिजनों के साथ पहुंचीं। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अखंड हरि कीर्तन के आयोजन से लोगों में आस्था बढ़ती है। इतना ही नहीं लोगों के मन को शांति भी मिलती है। उन्होंने कहा कि अखंर हरि कीर्तन होने से आध्यात्मिक चेतना भी जगती है। उन्होंने हवन कार्यक्रम में भाग लेने व कन्या पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में रमेश यादव, धर्मेंद्र यादव, संजीव समीर, बिनोद कुमार मुन्ना, राजकुमार यादव, राजेश सिंह, दीपनारायण सिंह, गौतम चंद्रवंशी, मुकेश कुमार, कुलदीप कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में महादेव यादव, रामू यादव, महेंद्र राम, महेश यादव, राजकुमार यादव, रामचन्द्र यादव, रामेश्वर यादव, महेंद्र तुरी, शंकर मिर्धा, रामसहाय यादव, महेंद्र यादव, अशोक यादव, नुनु महतो, बन्धन महतो आदि लगे रहे।

## जीनियस पब्लिक स्कूल में वर्ग दशम के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**डोमचांच।** जीनियस पब्लिक स्कूल बगरीडीह में कक्षा दशम के उत्प्रेषित विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में कक्षा नवम के बच्चों द्वारा एक से एक बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें गुलशन प्रवीण, समरीन प्रवीण, लक्ष्मी कुमारी, रानी कुमारी ने गीत व भाषण प्रस्तुत कर लोगों को गमहीन कर दिया। वहीं उपस्थित निदेशक दिलीप कुमार राणा ने कहा कि शिक्षा जीवन का एक अनमोल रत्न है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य कृष्णा रविदास ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन पशु के समान होता है, इसलिए सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहना है। शिक्षकों ने कक्षा दशम के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस बार बोर्ड परीक्षा में कक्षा दशम के कुल 45 बच्चे शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में संतोष पंडित, रामकुमार यादव, शंकर कुमार, रामचंद्र यादव, मनीष राणा, संजीत कुमार, कमलेश कुमार सिंह, ओसामा अंसारी, सानिया परवीन, स्नेहा कुमारी, संजीदा परवीन तथा सैकड़ो बच्चे उपस्थित थे। कक्षा दशम से आदर्श छात्र-छात्रा के रूप में कुंदन भारती तथा निधि कुमारी को चुना गया और दोनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन का विज्ञान के शिक्षक मनीष कुमार राणा ने किया।

## पेंशनर समाज की बैठक में पेंशन अदालत लगाने की मांग

**कोडरमा।** बुधवार को झारखंड पेंशनर समाज की मासिक बैठक अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में उपायुक्त से फरवरी महीने में पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान हेतु पेंशन अदालत लगाने, माध्यमिक सेवानिवृत्त एवं कार्यरत शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान का लाभ देने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी से अविलंब कार्रवाई करने की मांग की गई। पारिवारिक पेंशन भोगी उर्मिला देवी पति स्व जनार्दन प्रसाद सिंह को सातवां पेंशन पुनरीक्षण के लाभ हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी से कई बार कागजातों को प्रधान लेखाकार कार्यालय रांची को प्रेषित किया गया, कई बार महालेखाकार से उर्मिला देवी के कागजात आपत्ति के साथ संबंधित कार्यालय को लौटाया गया। शिक्षा विभाग कोडरमा के अधिकारियों से मांग की गई कि अविलंब संबंधित कार्रवाई की जाए। वहीं रविदास जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। अंत में दिवंगत पेंशनर जयचंद प्रसाद सिंह एवं रामस्वरूप प्रसाद यादव की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा सचिव नारायण सिंह, रामनरेश चैधरी, सुभाष शर्मा, मदन मोहन ओझा, महेश्वर पांडे, सीता प्रसाद, मथुरा प्रसाद चैधरी, नरेश झा, चंद्रिका प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद सिंह उपस्थित थे।

## जीएस पब्लिक स्कूल में चलाया गया नशा मुक्त भारत अभियान

- नशा एक बीमारी हे इसे भगाना हमारी जिम्मेदारी है : निदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** जी.एस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। बतादें की यह अभियान प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से चलाया गया, जो कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एक नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान ब्रह्माकुमारीज द्वारा भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 372 जिलों में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बी.के. अनिता दीदी, बी.के. अमृता दीदी, बी.के. सुजीता दीदी, बी.के. पूर्णिमा दीदी, बी.के. कंचन दीदी, बी.के.संजय भाई एवं बी.के. अजय भाई उपस्थित थे। मौके पर निदेशक नितेश कुमार ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जो नशे की गिरफ्त में है उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रेरित करना है। उन्होंने खासकर ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय के सभी सदस्यों का अपना आभार प्रकट किया एवं कहा कि इस तरह के अभियान से बेशक समाज को बेहतर व नशामुक्त किया जा सकता है। मौके पर प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, सोनी चंदन, छात्र-छात्राओं के साथ अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 648वीं जन्मोत्सव मना




**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के महूगांय पंचायत स्थित ग्राम बरवाडीह में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 648वीं जन्मोत्सव समारोह मनाया गया, साथ ही आतिथियों एवं संत महात्माओं, संत शिरोमणि के विचारधारा को समाज में परोसने वाले ज्ञानियों के द्वारा गुरु महिमा का पाठ श्रद्धातुओं एंव भक्त प्रेमियों के बीच सुनाते हुए सत्य मार्ग पर चलने का अह्वाहन किया गया। इस मौके पर ग्राम के सभी बुद्धजीवि नौजवानों ने भाग लिया और पूजन कर प्रसाद ग्रहण किये। इस मौके पर पूरे गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में रामेश्वर दास, समाजसेवी सुरेन्द्र दास, मथुरा दास, अर्जुन दास, बालेश्वर दास, बलदेव रविदास, शिक्षक भुनेश्वर रविदास, रामदेव रविदास, किशुनदेव दास, उमेश कुमार दास, मनोज दास, चन्द्रदेव दास, मुंशी दास, समाज सेवी बासुदेव बौद्ध आदि मौजूद थे।


## अवैध देशी मिश्रण महुआ शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना अंतर्गत अम्बेदकर नगर में अवैध रूप से देशी शराब बेचा जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलैया स्थित अम्बेदकर नगर के झाझरी गली में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान दो पीले रंग के जार में अवैध रूप से देशी मिश्रण महुआ शराब बरामद किया गया, साथ ही अवैध रूप से देशी महुआ शराब बेचने वाले दो अभियुक्त संतोष कुमार, उम्र 34 वर्ष, पिता स्व०- बाबूलाल राम व मसोमत चम्पा देवी, उम्र 55 वर्ष, पति स्व० बाबूलाल राम, दोनो निवासी अम्बेदकर नगर वार्ड न 27, थाना तिलैया को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी विनय कुमार, पु.अ.नि. महादेव पाण्डेय व सशस्त्र बल, तिलैया थाना के जवान शामिल थे।

## जेई मेंस परीक्षा में विवेकानंद स्कूल का मोहित राज बना जिले का सेकंड टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**








**कोडरमा।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ नेशनल टेसि्टंग एजेंसी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग के एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा जेई मेंस में विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के मोहित राज ने 98.75 परसेंटाइल लाकर जिले का सेकंड टॉपर बना। वहीं उसी के सगे भाई विवेकानंद कॉन्वेंट के छात्र रोहित राज ने 98.04 परसेंटाइल लाकर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। ये दोनों छात्र केवल जिले में ही नहीं बल्कि राज्य स्तर पर भी अव्वल स्थान हासिल करने में कामयाब रहा। वहीं विद्यालय के तीसरा छात्र अनुराग कुमार राज ने 92.86 परसेंटाइल अंक लाकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यालय के कई अन्य छात्र-छात्राएं भी इस परीक्षा में क्वालिफाई किया है। ज्ञात हो अब आगे ये बच्चे जेई एडवांस की परीक्षा देकर देश के प्रतिष्ठित आईआईटी व एनआईटी कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करेंगे। इस सफलता पर निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि लगन व मेहनत से पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को एक न एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त होता है और वे अपने जीवन में तय लक्ष्य व मुकाम को अवश्य हासिल करते है। बच्चों की सफलता पर जहां एक ओर माता-पिता, शिक्षकों व गुरुजनों को नाज होता है वही दूसरी ओर गांव, समाज के सैकड़ों बच्चों को प्रेरणा व मार्गदर्शन मिलता है। विद्यालय परिवार भी ऐसे सफल बच्चों को रोल मॉडल मानता है। पिछले सत्र में भी विद्यालय के कई बच्चे इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पास कर देश के प्रतिष्ठित कॉलेजो से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। अंत में उन्होंने सभी सफल बच्चों को बधाई देते हुए उनके सफल व उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय प्राचार्य राधेश्याम पंडित ने बच्चों व अभिभावकों को बधाई देते हुए जीवन में और अधिक मेहनत कर अपने मुकाम हासिल करने की सलाह दिए। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि सफलता मिलने पर आप सभी का अपने गुरुजनों, माता पिता व समाज के प्रति आदर सम्मान बना रहना चाहिए। इस सफलता पर विद्यालय की सह निदेशिका खुशबू गुप्ता सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने खुशी जाहिर किया। साथ ही साथ बच्चों के माता पिता, विधायक नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव सहित जिले के कई गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई प्रेषित किए।

# जलवाबाद में गुंबदे खजरा तालीमी कॉन्फ्रेंस का आयोजन

- आज मुस्लमान तालीम में पिछड़ते जा रहा है, जबकि कुरान का पहला शब्द है एकरा यानी पढ़ो : मौलाना अश्दक

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित जलवाबाद मदरसा मदनातुर रसूल में बीती रात गुंबदे खजरा तालीमी कॉन्फ्रेंस का आयोजन मौलाना शहादत हुसैन की अध्यक्षता में कुरान की तिलावत से किया गया। इस दौरान मदरसा के 19 बच्चों को हाफिज की उपाधि दी गई। जलसे में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हजरत अल्लामा व मौलाना सैयद सैफउद्दीन अश्दक (टाटा) ने कहा कि बहुत खुशी हुई कि आज मदरसा के बच्चों को जहां हाफिज और मौलाना बनाया जा रहा है, साथ ही इन बच्चों को मैट्रिक, 11वीं और 12वीं की परीक्षा झारखंड बोर्ड से दिलायी जा रही है। उन्होंने कहा कुरान सारी दुनिया के इंसानों के लिए हिदायत की किताब है। ये एक वाहिद ऐसी आसमानी किताब है, जिसमें अल्लाह और उसके रसूल को जान सकता है, इस्लाम पर अमल कर सकता है। वहीं इसका पढ़ने वाला बायोलॉजी, फिजिक्स, इतिहास, मैथमेटिक्स भी समझ सकता है। हमें चाहिए कि हम अपने बच्चों को पढ़ाएं, उन्हें अच्छे संस्कार अदब सिखाएं। मौलाना अश्दक ने कहा पहले हमें खुद अच्छा बनना होगा, तभी हम दूसरों को सही गलत की शिक्षा दें ताकि इसका असर हो सके। वहीं उन्होंने जोर देकर कहा कि आज हमारे समाज में सूदखोरी और नशा आम होता जा रहा है, जबकि इस्लाम ने इसे सख्ती से मना किया है, हम इस्लाम में तो दाखिल हो गए हैं, पर हमारे अंदर इस्लाम दाखिल नहीं हो सका है। इस मौके पर कोलकाता से आए मौलाना व मुफ्ती सरफुद्दीन ने भी तालीमी शिक्षा पर जोर दिया और अपने किरदार व्यवहार को दुरुस्त करने की बात कही। जलसे की अध्यक्षता कर रहे अल्हाज मौलाना शहादत हुसैन ने कहा दुनिया का हर इल्म शिक्षा जो इंसानों के लिए फायदेमंद है इल्म ए दीन कहलाता है। मदरसा के बच्चे जो आज हाफिज ए कुरान बने हैं वो इस बार मैट्रिक का परीक्षा भी दे रहे हैं। ये सिलसिला पिछले 10 सालों से चल रहा है, आज मदरसा में पढ़ने वाले 19 बच्चों को हाफिज की उपाधि से नवाजा जा रहा है, जो झारखंड बिहार और बंगाल के विभिन्न जिलों के हैं। यहां पढ़ने वाला बच्चे वर्ग आठ, 10वीं और 12वीं का परीक्षा भी देकर निकलते हैं। जलसे के दौरान कारी खैरूलवरा, मौलाना महबूब, कारी आफताब, कारी मुमताज आदि ने खूबसूरत अंदाज में नाते रसूल पढ़ें। वहीं जलसे का संचालन कारी खैरूलवरा और मौलाना नूरुद्दीन ने किया। जलसे को कामयाब बनाने में मौलाना मुमताज, कारी मंजूर, कारी हसनैन रजा, हाफिज मोहसिन खान, शमीम खान, हाजी आफताब, मास्टर अल्ताफ, मास्टर शाहिद, मो. बालिस्टर, लियाकत खान, शहाबुद्दीन खान आदि की अहम भूमिका रही।

## एक नजर में

### इटखोरी महोत्सव की तैयारियों का डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण




**इटखोरी।** चतरा जिले के भद्रकाली मंदिर में आयोजित होने वाले राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापक निरीक्षण किया। उपायुक्त रमेश घोलप और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने बुधवार को मंदिर परिसर, मुख्य आयोजन स्थल और सेमिनार स्थल का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इटखोरी महोत्सव जिले का एक प्रतिष्ठित राजकीय उत्सव है, जिसे इस वर्ष भी पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण, रंग-रोगन और मरम्मत कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस वर्ष महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों को भी विशेष मंच मिलेगा। उपायुक्त ने बताया कि मंदिर की गरिमा और परंपरा को ध्यान में रखते हुए कलाकारों का चयन किया गया है, जिससे इस आयोजन का सांस्कृतिक महत्व और बढ़ेगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### माघ पूर्णिमा पर भद्रकाली मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**इटखोरी।** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर भद्रकाली मंदिर में भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखी गईं, जहां लोगों ने मां भद्रकाली की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। इस शुभ दिन पर श्रद्धालुओं ने मुहाने नदी में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, माघ पूर्णिमा पर स्नान और दान करने से कष्टों का नाश होता है और जीवन में खुशहाली आती है। इस विश्वास के साथ बड़ी संख्या में भक्तों ने दान-पुण्य कर मां भद्रकाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने नारियल, फूल, धूप-दीप और प्रसाद अर्पित कर मां भद्रकाली की आराधना की। स्थानीय भक्तों के अलावा बिहार, बंगाल और झारखंड के विभिन्न जिलों से भी श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। कई श्रद्धालु परिवार सहित आए और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। भक्तों का मानना है कि भद्रकाली मंदिर में दर्शन मात्र से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर में उमड़ी आस्था की इस भीड़ ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।

### संत रविदास जयंती धूमधाम से मनायी गयी



**गिद्धौर।** प्रखंड़ के विभिन्न गांवों में संत रैदास की जयंती बुधवार को धूमधाम से मनायी गयी। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर में संत रैदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित के साथ-साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद प्रवचन का कार्यक्रम आयोजन किया। प्रवचन युगल किशोर पांडेय व संध्या रानी ने दिया। इस मौके पर संत रैदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कहा संत की कोई जात और न ही धर्म होता है। संत रैदास दर्शनशास्त्री, कवि, समाज सुधारक और ईश्वर के अनुयायी थे। वे निर्गुण संप्रदाय अर्थात संत परम्परा में एक चमकते नेतृत्वकर्ता और प्रसिद्ध व्यक्ति थे। संत रैदास जयंती, गंगापुर, रुपिन समेत अन्य गांव में मनी। मौके पर मुखिया निर्मला देवी, महादेव दांगी, मुकुटधारी दांगी, नरेश रविदास समेत अन्य मौजूद थे।

### चयनित पांच स्वयंसेवकों को दिया गया प्रशिक्षण



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के पंचायत भवन में पिरामल फाउंडेशन के तहत चयनित पांच स्वयंसेवकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुखिया निर्मला देवी मुख्य रूप में मौजूद थे। प्रशिक्षण में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि चारु ने उपस्थित स्वयंसेवकों को शिक्षा के अवसर को सुधार और बच्चों के पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई अभियान पंचायत के शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का एक कदम है जो बच्चों के भविष्य को संवारने ने मदद करेगा। प्रशिक्षित हो स्वयंसेवक सलगा विद्यालय में 1 टू 5 के बच्चे को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार समेत अन्य की शिक्षा देंगे। प्रशिक्षण में स्वयंसेवक मनीषा कुमारी खुशबू कुमारी दीपक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### विद्युत चोरी के खिलाफ कई लोगों पर मामला दर्ज

**सतगावां (कोडरमा)।** विद्युत निगम मुख्यालय रांची के निर्देशानुसार विद्युत ऊर्जा चोरी की रोकथाम को लेकर बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान कोठियार व कानीकेन्द्र में कई लोग विद्युत चोरी करते पाये गए। जिसमें 55 वर्षीय बंधन राय व 60 वर्षीय बालेश्वर राय कोठियार निवासी तथा 54 वर्षीय छोटन यादव, 24 वर्षीय मुकेश कुमार, 52 वर्षीय रामानंद यादव, 49 वर्षीय सुधीर यादव, 49 वर्षीय कपिल प्रसाद यादव एवं 42 वर्षीय अजय प्रसाद के नाम शामिल हैं। उक्त लोगों पर विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज करने को लेकर मामला दर्ज कराया गया। छापेमारी अभियान पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक चलाया गया। छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता संदीप कुमार, विद्युत सह विधि सहायक विजय कुमार, मानव दिवस कर्मी वीरेंद्र सिंह, कुंजेश मिस्त्री, विकास राजवंशी के अलावे अन्य कर्मी शामिल थे।

### पुलिस ने बालू में दबे एक सिर कटे शव को किया बरामद



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के मरकच्चो दक्षिणी पंचायत के भगवतीडीह स्थित जमुनिया गढ़ा (पंचखेरो नदी) के समीप से पुलिस ने बालू में दबे एक सिर कटे शव को बरामद किया है। शव देखने से किसी युवती का शव प्रतीत हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं की जा सकी थी। जानकारी अनुसार बुधवार की सुबह जब कुछ चरवाहे भगवतीडीह के जमुनिया गढ़ा की तरफ मवेशी चराने गए थे, इसी दौरान उन्होंने बालू में गड़े एक सिर कटे शव को बालू में दबा हुआ देखा, जिसका हाथ बालू से बाहर निकला हुआ था, जिसे जानवरों द्वारा नोंच खाया गया था। चरवाहो द्वारा ग्रामीणों को इसकी सूचना दी गयी जिसके बाद काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ शव को देखने वहां पहुंच गयी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी सौरव शर्मा, एसआई गोविन्द सिंह, एसआई विशाल सिंह, एएसआई एमएम शर्मा, पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पंहुचे तथा वरीय पदाधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए बालू में दबे शव को बाहर निकाल अपने कब्जे में लिया तथा वहां मौजूद लोगों से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं की जा सकी है। मृतक के पैकेट से पुलिस ने एक आइटेल कम्पनी का कीपैड मोबाइल भी बरामद किया है तथा शव मिलने के स्थान के बगल में एक बड़ा बोरा भी मिला है, पुलिस ने बताया कि संभावना है कि हत्या कहीं और कर बोरे में डाल कर यहां लाकर शव को बालू के गड्ढे में छिपाने का प्रयास किया गया है। वहीं शाम के लगभग पांच बजे हजारीबाग से डॉग स्कावाइड की टीम भी घटनास्थल पर पंहुची है। समाचार लिखे जाने तक डॉग स्कवाइड की टीम के साथ पुलिस की जांच जारी थी।

## स्पीड न्यूज़

### गुमला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल मिला नगर परिषद के प्रशासक से



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में गुमला नगर परिषद के प्रशासक संजय मरांडी से औपचारिक मुलाकात की। सर्वप्रथम नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची प्रशासक को सौंप गई। उसके उपरांत नगर में साफ सफाई और अन्य कई समस्याओं पर चर्चा हुई। विशेष रूप से बाजार टांड में पंजाबी गली से लेकर बाजार को जोड़ने के लिए जो पीसीसी रोड है उसे दीवार देकर बंद कर दिया गया है। जिससे आम नागरिकों को काफी कठिनाई हो रही है। इसी दीवार में एक द्वार खोलने की मांग की गई। साफ सफाई के संबंध में बहुत सारी संकीर्ण गलियां है जहां हाथ गाड़ी के द्वारा साफ सफाई कराने पर सहमति बनी और भी अन्य बिंदुओं पर प्रशासक की तरफ से सकारात्मक आश्वासन मिला। मौके पर सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### जेइइ मेंस परीक्षा में डीएवी के छात्र हर्षवर्धन ने देश में प्राप्त किया 14वां स्थान


माता-पिता को सम्मानित करते प्राचार्या

**गुमला।** जिले के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि जेईई मेंस में 100 परसेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले नेशनल टॉप 14 विद्यार्थियों में डीएवी गुमला के पूर्व छात्र हर्ष झा का नाम शामिल है। यह जानकारी देते हुए डीएवी गुमला के प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने बताया कि हर्ष झा ने नर्सरी से कक्षा दसवीं तक डीएवी गुमला में पढ़ाई की और सीबीएसई दशम बोर्ड में 99 परसेंट अंक प्राप्त किए और झारखंड राज्य में थर्ड टॉपर रहा। उन्होंने कहा कि जब हमारा विद्यार्थी ऐसे स्वर्णिम मुकाम को हासिल करता है तो हम शिक्षकों का परिश्रम सफल हो जाता है। ऐसे सफलताओं से अभिभावकों का विद्यालय एवं शिक्षकों के प्रति विश्वास और ज्यादा प्रगाढ़ एवं दृढ़ होता है। आज एक कार्यक्रम में उन्होंने हर्ष के पिता चंदन कुमार झा जो डीएवी गुमला के गणित शिक्षक हैं एवं मां मनीषा झा को शाल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। चंदन कुमार झा ने इस सम्मान के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए कहा कि डीएवी गुमला ने हर्ष को एक मजबूत शैक्षणिक नींव प्रदान किया। उन्होंने अभिभावकों को संदेश दिया कि आप अपने शिक्षकों पर भरोसा करें तभी आपका बच्चा कोई सफलता प्राप्त कर सकता है। मां मनीषा झा ने प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सतत् परिश्रम, स्वाध्याय एवं मोबाइल से दूरी बनाकर हर्ष ने यह सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर सुपरवाइजरी हेड पवित्र मोहंती, सुशांत कुमार आचार्या, अभिजीत झा, संजुक्ता खटुआ समेत शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मदरसा फैजान ए मुस्तफा के बच्चों के बीच हुआ वार्षिक इल्मी मुकाबला



**गुमला।** जमात रजा ए मुस्तफा गुमला द्वारा संचालित मदरसा फैजान ए मुस्तफा, रजा कॉलोनी, गुमला मदरसा में पढ़नेवाले बच्चों का इल्मी मुकाबला किया गया। जिसका संचालन मौलाना शाकिर रजा नूरी ने की। बच्चें बारी बारी से आकर तिलावत ए कुरआन, नात ए नबी, तकरीर, सवाल जवाब के तहत एक बच्चा इस्लामिक सवाल कर जवाब लिया लिया वहीं दूसरा बच्चा जीके का सवाल करके जवाब लिया सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बाद उनके प्राप्त अंक के अनुसार उन्हें सम्मानित किया गया साथ ही उनके पिता को माला पहनाकर स्वागत कर बच्चों का प्रशस्तिपत्र दिया गया। मौके पर जमात रजा ए मुस्तफा गुमला के सदर सैयद जाहिद हुसैन रजवी ने बताया कि मदरसा फैजान ए मुस्तफा में जैसा पिछले साल बतलाया गया था कि पूरा करते हुए अतिरिक भवन, कंप्यूटर लैब बनाया गया। साथ ही 50 बच्चों का भवन और बनाया गया। अब हमारा आगामी प्लान स्कूल में पढ़ने वालों बच्चों का ट्यूशन क्लास यहीं किया जाएगा। आप लोग इसी तरह अपना प्यार और दान इसी तरह बनाए रखें ताकि हम और बेहतर कर पाएं। मौके पर मुफ्ती कासिद रजा नईमी, सैयद गुलाम गौस, हाजी अब्दुल वकील, हाफिज नौशाद, मौलाना ईनाम रब्बानी, हाफिज शरफराज नाजा, इजराफिल खान, हामिद रजा, सरवर खान रजवी, समुल्लाह रजवी, हाजी आजाद, कमरुद्दीन कुरैशी, कारी अहमद रजा, गुलाम मुस्तफा कादरी, अहमद रजा कादरी, मो नईम, सैयद अहमद रजवी उपस्थित हुए।

## डीएवी स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती मनाई गयी

### आर्य समाज के संस्थापक थे दयानंद सरस्वती : रमाकांत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में बुधवार को महर्षि दयानंद की 201 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक गण उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यालय के संस्कृत शिक्षक रमाकांत त्रिपाठी और दुर्गेश पाठक ने सभी छात्रों और शिक्षकों के साथ हवन कर उन्हें याद किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद आर्य समाज के संस्थापक थे। उन्होंने आर्य समाज के विकास एवं डीएवी संस्थाओं के लिए अतुलनीय योगदान दिया। इस अवसर पर नवमी 'ए' की छात्रा आदया महापात्रा ने उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दयानन्द सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1825 ई. को टंकारा में हुआ था जो वर्तमान में गुजरात के राजकोट जिले में आता है। उनके पिता का नाम श्रीकर्षणजी और मां का नाम यशोदा बाई था। दयानंद सरस्वती का बाल्यावस्था में नाम मूलशंकर रखा गया। उनका प्रारम्भिक जीवन बहुत आराम से बीता। दयानंद सरस्वती की माता वैष्णव थीं जबकि उनके पिता शैव मत के अनुयायी थे। आगे चलकर विद्वान बनने के लिए वे संस्कृत, वेद, शास्त्रों व अन्य धार्मिक पुस्तकों के अध्ययन में लग गए। सत्य का प्रचार करने के लिए स्वामी जी ने सारे देश का दौरा करना प्रारम्भ किया। वहीं विद्यालय की छात्रा इशिका दुबे ने कहा कि दयानंद सरस्वती जी जहां-जहां वे गये प्राचीन परम्परा के पण्डित और विद्वान उनसे हार मानते गये। संस्कृत भाषा का उन्हें अगाध ज्ञान था। संस्कृत में वे धाराप्रवाह बोलते थे। साथ ही वे प्रचण्ड तार्किक थे। उनके विषय में डॉ भगवान दास ने कहा था कि स्वामी दयानन्द हिन्दू पुनर्जागरण के मुख्य निमार्ता थे।

## संप्रेषण गृह गुमला के युवक ने की जेई की परीक्षा पास, पीडीजे ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

> प्रधान जिला जज ने अन्य बच्चों को भी पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे भी समय का सदुपयोग करते हुए अच्छी तरह से पढ़ाई लिखाई करें

**गुमला।** संप्रेषण गृह के एक किशोर ने जेई एग्जामिनेशन में सफलता प्राप्त किया युवक को किशोर न्याय बोर्ड के आदेश से प्रशासन के देखरेख में धनबाद ले जाकर जे ई एग्जामिनेशन दिलाया गया और आज वह किशोर उस एग्जामिनेशन में सफलता प्राप्त किया। इसकी सूचना मिलने पर प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र, एडीजे प्रथम प्रेम शंकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामकुमार लाल गुप्ता संप्रेषण गृह गुमला पहुंचे और उक्त किशोर से मिलकर उसे माला पहनाया एवं पेन गिफ्ट कर तथा मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। प्रधान जिला जज ने अन्य बच्चों को भी पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे भी समय का सदुपयोग करते हुए अच्छी तरह से पढ़ाई लिखाई करें। संप्रेषण गृह में पढ़ाई लिखाई की सुविधा उपलब्ध है। कंप्यूटर भी पढ़ाई के लिए पर्याप्त है, शिक्षक भी हैं। इसलिए आप सभी अच्छे से पढ़ाई करें, ताकि समय का सदुपयोग हो और बाहर जाने के बाद भी पढ़ाई में अंतर नहीं आए और अच्छे ढंग से पढ़ाई कर आप अच्छे नागरिक बनकर देश और समाज का नाम रौशन करें। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी सह अध्यक्ष किशोर नया बोर्ड रीमा कुमारी, न्यायिक पदाधिकारी प्रतिक राज, एलएडीसी के प्रमुख श्री डी एन ओहदर, पीएलए के नवचयनित सदस्य शंभू सिंह, संप्रेषण गृह के अधीक्षक अविनाश कुमार गिरी, एलपीओ कन्हैया कुमार एवं संप्रेषण गृह के किशोर उपस्थित थे।

## शिक्षा समाज के उत्थान के लिए एक क्रांति है : डॉ रामेश्वर उरांव

>> बीएस कॉलेज में विधायक निधि से निर्मित लाइब्रेरी भवन में ई लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा बुधवार को बीएस कॉलेज लोहरदगा में विधायक निधि से निर्मित लाइब्रेरी भवन में कंप्यूटरीकृत ई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के लिए एक क्रांति है जो समाज को दिशा प्रदान करती है। इस पुस्तकालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ई लाइब्रेरी और कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटरकी शुरूआत की जा रही है। जिसके माध्यम से छात्र छात्राओं को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी शिक्षा और पुस्तकालय संसाधनों का लाभ मिलेगा। मौके पर डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरीस बिन जमा, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार, परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा बीएस कॉलेज प्राचार्य शशि गुप्ता, कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सहादत हुसैन, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, सम्भु प्रजापति, अरसद अयूब, सामूल अंसारी, सद्रुल अंसारी, तनवीर गौहर, सत्यदेव भगत, यूनुस अंसारी, जमील अंसारी,असलम अंसारी, कैश आलम, एनुल अंसारी, रेहान अख़्तर, नुसरत अंसारी,उल्फत अंसारी, जफर इमाम, दानिस अली, मुशर्रफ रजा, कमरुल इस्लाम, सूरज मुंडा, मोईज अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## चैनपुर प्रखंड में अवैध पत्थर की तुड़ाई वन विभाग की मिली भगत से फल फूल रहा

खबर मन्त्र संवाददाता

> बेखौफ दिन के उज्जाला में चल रहा पत्थर धुलाई का कार्य



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से पत्थर तुड़ाई का कार्य लगातार जारी है, जिससे स्थानीय वन क्षेत्र और पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। कुरूमगाड़ वन क्षेत्र में दिन के उजाले में ही यह अवैध गतिविधियां तेजी से चल रही हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस कार्य में वन विभाग के कुछ अधिकारियों की मिली भगत शामिल है।हाल ही में वन विभाग ने पत्थर तोड़ने वाले लोगों को चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद यह कार्य फिर से बढ़ गया है। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों का आरोप है कि जब भी अधिकारी स्थल पर पहुंचते हैं, तब पथर माफिया को पहले से सूचना मिल जाती है और वे मौके से भाग निकलते हैं। इस दौरान केवल वे मजदूर बचते हैं, जो किसी प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल नहीं होते, बल्कि सिर्फ अपनी आजीविका के लिए काम करते हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बेंदोरा सारखी पातर के समीप स्थित चटानों को खोखला करने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल वन क्षेत्र के लिए खतरा है, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी को भी नुकसान पहुंचा रही है। अवैध पत्थर तुड़ाई के इस काम में माफिया सक्रिय रूप से शामिल हैं, जो बिना किसी रोकटोक के अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। इस मामले में स्थानीय निवासियों ने वन विभाग और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि यह अवैध कार्य इसी तरह चलता रहा, तो न केवल वन क्षेत्र का विनाश होगा, बल्कि स्थानीय जलवायु और जीव-जंतु पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रशासन को चाहिए कि वह इस मामले में गंभीरता दिखाए और अवैध पत्थर तुड़ाई करने वालों के खिलाफ ठोस कदम उठाए। इसके साथ ही, वन विभाग को भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। लोग इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने के लिए भी प्रयासरत हैं, ताकि इस समस्या का समाधान निकाला जा सके और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा सके।

## जादुई प्रखंड में हाथियों के आतंक से ग्रामीण भयभीत, घरों को किया क्षतिग्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता





**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के सीसीकरमटोली पंचायत अंतर्गत श्रीनगर गांव में मंगलवार रात्रि जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। वहीं जंगली हाथी श्रीनगर गांव में घूसते ही रंजीता टोप्पो के घर को तोड़ना शुरू किया। साथ ही घर में रखें 5 क्विंटल धान को भी बर्बाद कर दिया।


रंजीता टोप्पो ने बताया कि मंगलवार रात को परिवार के सदस्य खाना खाकर सो रहे थे। तभी अचानक 10:00 बजे रात में घर तोड़ने की आवाज आने लगीं। मेरे चार बच्चे जिस रूम में सो रहे थे। उसी रूम को जंगली हाथी ने तोड़ना शुरू किया। हम जल्दी से उठकर भागते हुए बच्चों के पास गए और बच्चों को उठाया। बच्चों को जैसे ही उठाया घर का दिवाला गिरा। बच्चे सहित अपने और भी परिवार वालों को लेकर किसी तरह जान बचाते हुए घर से बाहर निकल गयी और गांव वालों को आवाज देने लगी। गांव वाले आवाज सुनकर मेरे घर की ओर आए और जंगली हाथी को खदेड़ने लगे। जंगली हाथी इतना निडर था कि मसाला जलाने के बावजूद इधर से उधर नहीं हो रहे थे। कई घंटे मेहनत करने के बाद जंगली हाथी चटकपुर गांव की ओर चले गये। चटकपुर गांव के ग्रामीण भी जंगली हाथी को खदेड़ते हुए श्रीनगर जंगल की ओर भेज दिया।

वहीं रंजीता टोप्पो ने प्रखंड प्रशासन व वन विभाग से अपील की है कि जल्द से जल्द मुआवजा दे ताकि समय रहते घर बना सके।

### ग्रामीण कर रहे हैं पलायन करने की बात

जारी प्रखंड के श्रीनगर, चटकपुर, कोड़ी गांव के ग्रामीण जंगली हाथी से इतना भयभीत है कि शाम होते ही इन सभी ग्रामीणों के मन में एक ही बात खटकते रहती है कि आज जंगली हाथी किसके घर को निशाना बनाएगी। जंगली हाथी कई वर्षों से श्रीनगर जंगल मे अपना डेरा जमाए है। आये दिन जंगली हाथी किसी न किसी ग्रामीणों के घर को ध्वस्त करते हैं। किसानों के साल भर के कमाई धान को भी बर्बाद कर देते हैं। गांव के नजारियूस टोप्पो, जैकब टोप्पो, संजय प्रसाद, संतोष, नीलेश, आर्यन, फिरोज टोप्पो, राजकुमार सहित ग्रामीणों का कहना है कि जंगली हाथी के आतंक से लगता है कि अब हम लोगों को गांव से कहीं दूर जाना पड़ेगा। रोज जंगली हाथी के द्वारा किसी न किसी ग्रामीणों का घर को निशाना बनाया जाता है।

### भंडारे का साथ अखंड हरि कीर्तन हुआ सम्पन्न



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान मंदिर में आयोजित 24 घण्टे का अखंड हरि कृतन भंडारे का साथ बुधवार को सम्पन्न हो गया। वही तोड़ार ग्राम के श्रद्धालु भक्तों द्वारा आयोजित अखंड हरि कृतन में क्षेत्र के महिला पुरुष भक्तों और बच्चे बच्चियों ने अखंड हरि कृतन में उत्साह के साथ शामिल हुए। तोड़ार ग्राम का कृतन मंडली के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया की माघ पूर्णिमा पर गांव में 15 वर्षों से लगातार अखण्ड हरि कृतन का आयोजन गांव के श्रद्धालु भक्तों द्वारा किया जा रहा है। जिस निमित इस बार भी मंगलवार से ग्राम के बीच स्थित हनुमान मंदिर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर 24 घण्टे का आयोजित अखण्ड हरि कृतन विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। वही आयोजित अखंड हरि कीर्तन में बरही, सेन्हा, अरु, चारहु, आरेया, हेसवे, बाजार डांडू,चौकनी सहित विभिन्न गांवों के कृतन मंडली के साथ अन्य प्रखंडो के कृतन मंडली और महिला पुरुष भक्तजन शामिल हुए। जिसे बुधवार को भंडारे का आयोजन में भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा। मौके पर शरद यादव, रंजीत यादव, बृजमोहन साहु,कपिंद्र महतो, अभिषेक साहु, सतीश यादव, राजेन्द्र जायसवाल, बिनोद साहु, अजय उरांव, बिशुन साहु, पवन यादव, बुदेश्वर यादव, अजय साहु समेत भक्तजन कृतन व भंडारा में शामिल थे।

### शबे बारात को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा।** सदर थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक शाह थाना प्रभारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी वक्ताओं ने अपनी अपनी बातों को रखते हुए शांति और सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने की बात कही। इस बैठक में पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर, सब इंस्पेक्टर आदर्श कुमार, अंजुमन इस्लामिया के सदर रऊफ अंसारी, सेक्रेटरी शाहिद अहमद, चंद्रदीप मेहता, शाहरुख खान, शहादत हुसैन, एजाज अंसारी, युसूफ अंसारी, रफीक अंसारी, मनान खान, अल्ताफ कुरेशी, किशोर उरांव, समसुल अंसारी, संजू कुमार, मुकेश कुमार के अलावे कई बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जाति के आधार पर भेदभाव ना करें : बिपिन दास

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में हर साल की भांति माघ मास की पूर्णिमा को गुरु रविदास जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मधुमिता शर्मा, प्रमेंद्र सिंह, श्वेता संदेश, अमन कुमार ने संयुक्त रूप से संत शिरोमणि रविदास जयंती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर नमन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि जाति के आधार पर भेदभाव ना करें, ईश्वर की दृष्टि में सभी समान होते हैं। मन शुद्ध हो तो हर जगह पवित्रता होती है। विद्यालय के भैया-बहनों ने भी रविदास जयंती के ऊपर अपना वक्तव्य दिया। आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने भैया-बहनों को संत रविदास जयंती के महत्व को बताते हुए रविदास जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने भैया-बहनों को बताया कि हमें हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए और कभी भी कम के बदले मिलने वाला फल की आशा नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म करना हमारा धर्म है तो फल पाना हमारा सौभाग्य।

कार्यक्रम में मंच संचालन संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## लोहरदगा के कैरो में संत रविदास की जयंती मनाई गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड के एड़ादोन में संत शिरोमणी रविदास जयंती मनाई गई। जिसमें ग्रामीणों द्वारा संत शिरोमणि रविदास के चित्र में माल्यार्पण के साथ धूप अगरबत्ती के साथ पूजा अर्चना किया गया। साथ ही उनके जीवनी के बारे में चर्चा करते हुए उनके जीवन चरित्र को खुद में उतारने पर विचार किया गया। मौके पर फलिन्द्र रविदास, विनोद रविदास, रवि कुमार दास, शिवनारायण राम, विदेशी रविदास, अर्जुन राम, धीरज राम प्रकाश राम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## लिजेंड कप सीजन-2 नाइट क्रिकेट मैच 24 फरवरी से, तैयारी शुरू

### मैच में गुमला जिले के अलावा लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी व छत्तीसगढ़ के जशपुर की टीम भाग लेगी

>> पांच दिनों तक चलने वाले सभी मैच दूधिया रोशनी में होगी

खबर मन्त्र संवाददाता




**गुमला।** शहर के तेलंगा खड़िया स्टेडियम में लिजेंड कप सीजन-टू नाइट क्रिकेट मैच 24 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। पांच दिनों तक चलने वाले इस क्रिकेट मैच में गुमला जिला के अलावा लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी व छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिला की टीम भाग लेगी। सभी मैच दूधिया रोशनी में कैनवस बॉल से होगी। ग्राउंड में स्क्रीन लगाया जायेगा। जिससे मैच स्क्रीन पर भी देख सकेंगे। इसके अलावा कई सोशल मीडिया चैनल में मैच लाइव दिखाया जायेगा। यह मैच मॉर्निंग क्रिकेट क्लब गुमला द्वारा आयोजित है। प्रतियोगिता को सफन बनाने के लिए बुधवार को मॉर्निंग क्रिकेट क्लब गुमला के पदाधिकारियों की बैठक शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में हुई। मौके पर प्रतियोगिता को और कैसे बेहतर बनाया जाये। इसपर विचार विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने अपनी राय दी। निर्णय लिया गया कि शहर में जगह जगह फ्लैक्स लगाया जायेगा। जिससे मैच का प्रचार प्रसार हो सके। वहीं ग्राउंड को आकर्षक ढंग से सजाया जायेगा। ग्राउंड में भी रात्रि कैंटिन भी लगेगा। जहां दर्शकों व खिलाड़ियों के लिए खाने की व्यवस्था रहेगी। बाजार मूल्य पर कैंटिन का लाभ लोग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के संयोजक रोहित उरांव उर्फ विक्की ने कहा है कि गुमला में क्रिकेट खेल को बढ़ावा देने व नशामुक्त गुमला अभियान के तहत यह मैच वर्ष 2024 में शुरू किया गया था। 2024 में डे मैच हुआ था। परंतु, गुमला के दर्शकों व खिलाड़ियों की मांग पर इसबार नाइट मैच का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दूसरे जिले के खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। जिससे मैच का भव्य आयोजन किया जा सके। उन्होंने गुमला के खेल प्रेमियों से अपील किया है कि मैच का आनंद लेने के लिए ग्राउंड जरूर आये। हर दिन मैच शाम छह बजे से शुरू हो जायेगा जो रात 11 बजे तक चलेगा। अखिलेश कुमार, विजय नायक व मुकेश पांडया ने कहा कि सड़क सुरक्षा व नशामुक्त गुमला अभियान के तहत यह मैच हो रहा है। मैच की शुरूआत 22 फरवरी से होगी। परंतु 22 व 23 फरवरी को रात्रि में गुमला शहर के प्रबुद्ध टीमों के बीच फैंसी मैच होगा। जबकि लिजेंड कप सीजन टू का मुकाबला 24 फरवरी से होगा। बैठक में क्लब के कई खिलाड़ी मौजूद थे।

## मैंना बगीचा लोहरदगा में 17 फरवरी को भव्य रूप से मनाया जायेगा वीर बुधु भगत जयंती समारोह

>> कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह होगी शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद वीर बुधु भगत के जयंती के अवसर पर 17 फरवरी को मैंना बगीचा लोहरदगा में भव्य जतरा सह जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित विकास मेला में सरकार के विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल, प्रदर्शनी एवं परिसंपत्ति वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही सांसद, विधायक जिला प्रशासन, पुलिस पदाधिकारीगण, पाहन पूजार, सभी समाज के अगुवा, खोड़हा दल, नृत्य मंडली भी शामिल होंगे। जिला प्रशासन के द्वारा जो विकास मेला लगाया जाएगा। उसके लिए एनडीसी अभिनीत सूरज, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सांसद के निजी सहायक आलोक कुमार साहू ने मैंना बगीचा स्थल का जायजा लिया। नगर परिषद ने अपने कर्मचारियों को सफाई करने का निर्देश दिया। स्टॉल कहां लगेगा उसे स्थल का भी निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि इस बार भव्य रूप से जयंती समारोह मनाया जाएगा। इसमें आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। गाजे बाजे, खोड़हा दलों के साथ हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। इधर सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चांगु ने भंडरा प्रखंड में जयंती समारोह को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से लोगो को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट विषय कार्यशाला का आयोजन

➲ राजकीय बुनियादी विद्यालय, लातेहार में एसएलआरएम प्रोजेक्ट अन्तर्गत कम्पोस्टिंग यार्ड का शुभारंभ किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक मनिका रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सीएस डॉ अवधेश कुमार सिंह, एसडीओ अजय कुमार रजक, जिप सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित का कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए रामचन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाये रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं पर बल



देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया अपनाते हुए जिला, गांव, पंचायत को साफ-सुथरा बनाने की बात कही। वहीं सी श्रीनिवासन ने अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि प्रसिद्ध पर्यावरणविद भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन के द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सेवा संगठन में ठोस और तरल संसाधन प्रबंधन का स्थायी मॉडल विकसित किया गया है। कचरा प्रबंधन की अवधारणा के प्रति उनका दृष्टिकोण, वर्गीकरण और पुनरूउपयोग के मामले में क्रांतिकारी है। आगे उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य लातेहार को एक शून्य-अपशिष्ट बनाने और भविष्य के पर्यावरणीय प्रशिक्षकों का निर्माण करने की दिशा में काम करना है। इसके पश्चात राजकीय बुनियादी विद्यालय, लातेहार में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अन्तर्गत कम्पोस्टिंग यार्ड का शुभारंभ विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन मोड में लातेहार जिले में इस ग्रीन एंड क्लीन लातेहार मिशन की शुरूआत की गई है, हम सबसे पहले अपने चुने हुए ब्लॉक में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे लागू करेंगे। जिले अंतर्गत गांव, पंचायतों में उत्पन्न ठोस एवं तरल अपशिष्टों का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करता है तथा बेरोजगार युवाओं को आय प्रदान करने में मददगार साबित होगा। आगे उन्होंने बताया कि 36 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) महिलाओं को एसएलआरएम मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम (एमटीटीपी) में शामिल किया गया। एसएचजी दीदियां मास्टर ट्रेनर के रूप में काम करेंगी, अपने अपने पंचायतों में जाकर प्रशिक्षण देंगे। जिसके बाद इनका 90 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें बाकी जो ठोस कचरा है उसका प्रबंधन कैसे किया जाना है उसके बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर अधिकारी, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### मोटरसाइकिल से गिरकर घायल

**बालूमाथ।** रांची-बालूमाथ मुख्य पथ एनएच 22 पर एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र के बरछिया ग्राम के समीप बुधवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधु उरांव 41 वर्ष पिता पछुवा उरांव ग्राम पकरी थाना बालूमाथ निवासी बरियातू से अपने घर वापस पकरी जा रहा था इसी दौरान बरछिया ग्राम के समीप सामने से आ रही ट्रक से चकमा खाकर अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।

### मदरसा में पैगामे इंसानियत कॉन्फ्रेंस सह जलसा 18 को

**चंदवा।** मदरसा अहले सुन्नत गुलशने सैयदना शुक्र बाजार में इंतिजामिया मदरसा व अंजुमन रजाए मुस्तफा कमिटी के द्वारा आगामी 18 फरवारी की संध्या 7:30 बजे से धार्मिक कार्यक्रम बनाम पैगामे इंसानियत कॉन्फ्रेंस सह जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में बाहर आये धर्मगुरुओं एवं शायर शामिल होंगे। जिसमे पीर ए तरीकत हजरत अल्लामा सैयद नउमान कलामी कादरी दरभंगा, अल्लामा गुलाम रब्बानी नश्तर इलाहाबादी व टाटा जमशेदपुर से हजरत अल्लामा मौलाना अब्दुल हन्नान फैजी चतुर्वेदी शामिल होने वाले हैं। उक्त जानकारी मुफ़्ती अब्दुल मनान कलामी, अबुल कलाम कादरी व मौलाना वसीम मिसबाही ने दी है।

### हाथियों ने घर में रखें अनाज खाकर किया चट



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के फुलसु पंचायत अंतर्गत ग्राम हिसरी में बिते रात जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए देवलाल उरांव पिता सोरुआ उरांव का मिट्टी खपरैल घर को तोड़फोड़ करने लगा। घर के परिजन किसी प्रकार जान बचा कर निकले।तब तक घर को ध्वस्त कर घर मे रखे 10 क्विंटल धान खाकर तीतर बितर कर दिया। घर तोड़ दिए जाने से घर मे रहना काफी मुश्किल हो गया है।वहीं कैलू उरांव पिता बिनशु उरांव के घर मे रखा हुआ चावल, धान व आलू को चट कर गए तथा पास के खेत में गेहुं के फसल को रौंद कर पुरी तरह से क्षतिगस्त कर दिया। पीड़ितों ने वन विभाग से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

### कोयला लोड ट्रक पलटने से उपचालक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य मार्ग पर बुधवार देर शाम बारियातु थाना क्षेत्र के गोनिया मोड़ के समीप एक 14 चक्का ट्रक पलटने से ट्रक का उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार करण कुमार दुबे 22 वर्ष पिता नागेंद्र दुबे ग्राम बाली देवरी हजारीबाग निवासी बालूमाथ के मगध कोलियरी से कानपुर का कोयला लोड कर जा रहा था। इसी दौरान गोनिया मोड़ के समय ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें बैठा ट्रक का उपचालक करण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बरियातू थाना के एसआई राजकिशोर प्रसाद ने घटनास्थल पहुंचकर घायल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉ. धुर्व कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# बारियातू प्रखंड के विभिन्न स्थानों मे मनाया गया रविदास जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के गाड़ी, चुम्बा, डाढ़ा नावाटोला, राजगुरु, मकरा, टोटी हेसला, फूलसु, बालूभांग, इटके कटहल टोला, टुंडाहाटू मे संत शिरोमणि रविदास जी की 648वां जयंती मनाया। राजगुरु मे गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा भी निकाला गया। अध्यक्ष अर्जुन राम सचिव ईश्वरी कुमार राम, कोषाध्यक्ष पिंटू राम सहित अन्य कमिटी के लोगों ने विधिवत द्वीप प्रज्जलन व पुष्प अर्पित कर जयंती मनाया। वहीं इटके कटहल टोला मे अध्यक्ष प्रदीप राम, सचिव विकास राम व रोहित राम, कोषाध्यक्ष अजय कुमार राम व रामचरित्र राम, महासचिव कुलदीप राम के अलावे समिति के सदस्य अहम भूमिका निभा रहे थे। इधर चुम्बा, बालूभांग, फूलसु, गाड़ी, टोटी हेसला, मकरा व डाढ़ा नावा टोला मे भी धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ 648 वां जयंती मनाया। जयंती समारोह मे उपस्थित लोगों ने परम पूज्य संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी की संघर्ष के बारे मे बताया गया की ऊंच-नीच, छुआछूत, पाखंडवाद, आडंबरवाद के कट्टर विरोधी थे। उन्हें हम सबों को कोटि-कोटि नमन वंदना करना चाहिए। संत रविदास ने अपने दोहों व पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। रविदासजी ने सीधे-सीधे लिखा कि 'रैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीच' यानी कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है। जो व्यक्ति गलत काम करता है वो नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म के हिसाब से कभी नीच नहीं होता। लोगों को उनके बताये गए मार्गो पर चलने से ही मानव को कल्याण हो सकता है। मौके पर राजू राम, कमलेश भुइयां, गोपाल उरांव, रामजीत पंकज सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

# एसबीआई शाखा प्रबंधक की कार्यशैली व उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार मामले की हुई जांच

➲ जांच अधिकारी के समक्ष उपभोक्ताओं ने बताई अपनी-अपनी समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता




स्टेट बैंक बरवाडीह शाखा।

**बरवाडीह।** मंगलवार को खबर मंत्र में एसबीआई शाखा प्रबंधक पर ग्राहकों के साथ अमानवीय व्यवहार का आरोप, नामक शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद विभाग की नींद खुली। जिसके बाद बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक बरवाडीह के शाखा प्रबंधक प्रवीण किशोर की कार्यप्रणाली की जांच करने रांची की टीम बरवाडीह एसबीआई पहुंची। जांच टीम का नेतृत्व कर रहे रांची के चीफ मैनेजर ऑपरेशन राजेश चौधरी ने बरवाडीह शाखा पहुंचकर सूरज कुमार से मुलाकात की और घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की। टीम ने उनसे पूरी घटना का ब्यौरा लिया और उस दिन बैंक में मौजूद गवाहों की सूची मांगी। इसके बाद, जांच अधिकारियों ने प्रत्यक्षदर्शियों से भी लिखित बयान लिए और मामले की पुष्टि के लिए आवश्यक दस्तावेजों को एकत्र किया। जांच टीम के आने की खबर मिलते ही कई बैंक उपभोक्ता भी अपनी शिकायतें लेकर पहुंच गए। उन्होंने बैंक प्रबंधक द्वारा लगातार किए जा रहे असभ्य व्यवहार, ग्राहकों के समस्याओं की अनदेखी और बैंकिंग सेवाओं में लापरवाही को लेकर जांच अधिकारियों को लिखित आवेदन सौंपा। कई उपभोक्ताओं ने कहा कि बैंक शाखा में ग्राहकों को लंबे समय तक लाइन में खड़ा रखा जाता है, उनके सवालों के संतोषजनक उत्तर नहीं दिए जाते है और कभी-कभी उनके साथ अशोभनीय व्यवहार किया जाता है। जांच दल ने बैंक में जाकर मामले से संबंधित सभी दस्तावेजों को देखा और घटनाओं की पुष्टि की। इसके बाद, बैंक प्रबंधक और कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई। बैंक में मौजूद सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की गई, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि घटना के समय क्या हुआ था। सूरज कुमार और अन्य बैंक उपभोक्ताओं ने बैंक प्रबंधक के व्यवहार की कड़ी निंदा की और जांच टीम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने शाखा प्रबंधक प्रवीण किशोर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## एक नजर में

### सीओ ने किया मुरुप बाईपास रोड का निरीक्षण



लातेहार। अंचल अधिकारी अरविंद देवसिस टोप्पो ने बुधवार की शाम लगभग 5 बजे स्थानीय पुलिस पिकेट प्रभारी सुनील कुमार, दीपक और नासिर सहित पुलिस बल के साथ तुबेद कोल ब्लॉक, मुरुप बाईपास रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाईवा एवं हाईवा चालकों के दस्तावेजों और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की तथा यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक लोडेड हाईवा तिरपाल से ढका हो।निरीक्षण के दौरान श्री टोप्पो ने चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और अल्कोहल डिटेक्टर से जांच भी की। उन्होंने चालकों को सतर्कता बरतने नियंत्रित गति में वाहन चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग न करने और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान डीवीसी/डेवलेक्टो की ओर से मो. इस्तेखार खान, बलराम पांडेय, गोविंद प्रसाद, धनंजय सिंह एवं रूपेश पांडेय व अन्य उपस्थित थे।

### सहायक अध्यापक की इलाज के दौरान मौत



**चंदवा।** एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत थाना क्षेत्र के दामोदर के समीप मंगलवार की देर शाम हुए सड़क दुर्घटना में घायल कामता पंचायत अंतर्गत जोबिया ग्राम निवासी सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) जगदीश उरांव पिता गन्दरू उरांव की मौत इलाज के दौरान हो गई। उनके निधन की सूचना फैलते ही सहायक अध्यापक संघ में शोक की लहर दौड़ गई, जगदीश उरांव के मौत के बाद परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। जानकारी के अनुसार पारा शिक्षक जगदीश उरांव मंगलवार की शाम दामोदर गांव से अपने घर जोबिया गांव की ओर जा रहे थे, इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चकमा देने से उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। दामोदर गांव के समीप सड़क किनारे बने चेक पोस्ट से उनकी बाइक जा टकराई, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें देर शाम रिम्स रेफर कर दिया गया था। रिम्स में इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उनका निधन हो गया। वे जोबिया उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत थे। वे अपने पीछे पत्नी दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए है।

### व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष ने इलेक्ट्रॉनिक एक्सप्रेस नामक दुकान का किया उद्घाटन



उद्घाटन करते दीपक राज।

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मिडिल स्कूल मार्ग में बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सप्रेस एंड सर्विसेज नामक इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व दुकान में हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। उद्घाटन के उपरांत समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने दुकान संचालक को बधाई दी। साथ ही कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना जरूरी है। जब तक व्यापार नहीं बढ़ेगा, किसी भी क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगो को अब इलेक्ट्रॉनिक समान लेने शहर नही जाना पड़ेगा। लोगो को आम आवश्यकताये की इलेक्ट्रॉनिक सामान उचित रेट पर ही बरवाडीह में प्राप्त हो जायेंगी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतिष्ठान क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बनेगा। प्रतिष्ठान के संचालक रितेश कुमार ने बताया कि यहां सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान उचित कीमत पर मिलेंगे। इसके अलावा ऐसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर, इनवर्टर, एलईडी टीवी, गीजर, आरओ, होम थियेटर आदि की सर्विस भी ग्राहकों को दी जाएगी। उद्घाटन के मौके पर प्रतिष्ठान के संचालक रितेश कुमार वर्मा, राजेश कु .वर्मा, सुरेश प्रसाद, रिंकू कुमार और अमित वर्मा समेत कई व्यवसाई उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया रविदास का 648वां जन्मदिवस



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में शिरोमणि संत गुरु रविदास का 648 वां जन्म दिवस दिन बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नामुदाग पंचायत अंतर्गत दुबजरवा टोला, दूंदू पंचायत के पिपराटांड़ टोला, ग्रामीण बैंक के सामने मनिका, अंबेडकर चौक मनिका, जुंगुर, कोपे, रांकीकला, पल्हेया, नूनफोरवा, समेत विभिन्न स्थानों पर पंडाल बनाकर शिरोमणि संत गुरु रविदास जी का चित्र स्थापित किया गया और विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के उपरांत केक काटकर 648 वां जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, मुखिया पति सुदेश्वर सिंह,समेत कई जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विभिन्न पंडालों पर जाकर संत गुरु रविदास की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं दूंदू पंचायत के पिपराटांड़ टोला में संत गुरु रविदास के जन्मदिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दूंदू पंचायत के मुखिया चांदनी देवी, अख्तर अंसारी,समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संजय राम, संतोष कुमार राम, अनिल कुमार,रोशन कुमार, लल्लू राम, अनिल कुमार, विशाल कुमार, मंदिप कुमार, दूंदू के राजू राम, कपीश्वर राम, अवधेश राम, शंभू राम, विजय राम,समेत अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में संत शिरोमणि रविदास जी की 648 में जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम में बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर में बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई। जहां मौके पर बोलते हुए नरेश लोहरा ने कहा कि संत रविदास जी की जयंती प्रत्येक वर्ष माघ माह के पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। संत रविदास ने अपना जीवन प्रभु की भक्ति और सत्संग में बिताया था। वह बड़े ही परोपकारी थे। ऐसा माना जाता है कि मीराबाई भी उन्हें अपना गुरु मानती थी। वही बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बसिया पंचायत स्तिथ हरिजन टोला में भव्य पंडाल का निर्माण कर मूर्ति स्थापित की गई थी। जहां लोगों ने पूजा-अर्चना कर संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई। और उनके पदचिन्ह पर चलने का संकल्प लिया। इसके अलावा बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव आरा, गणेशपुर, झाबर, मुरपा, मारंगलोइया में भी संत शिरोमणि दास की जयंती मनाई गयी।

# ओएलएक्स के जरिये बोलेरो बेचने के नाम पर ठगी करने के आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में चंदवा पुलिस की टीम द्वारा चंदवा थाना कांड संख्या 122/21 के आरोपी अभियुक्त सुनील कुमार सिंह के जमशेदपुर स्थित बिरसा नगर जोन नंबर-5, मकान नम्बर 283 स्थित आवास में इश्तेहार तामील किया। पुलिस ने बताया कि चंदवा के ब्लॉक कॉलोनी निवासी गुलाब प्रजापति पिता गुरु दयाल प्रजापति ने ओएलएक्स के जरिये बोलेरो बेचने के नाम पर ठगी का शिकार होने का मामला दर्ज कराया था, जिसमे उन्होंने बताया था कि वर्ष 2021 में उसने एक बोलेरो वाहन लेने के लिए ओएलएक्स के माध्यम से पसंद किया था। वाहन देखकर इंद्रदेव ठाकुर पिता लक्ष्मण ठाकुर ग्राम देवचंदा बरही जिला हजारीबाग वर्तमान पता गालूडीह घाटशिला पूर्वी सिंहभूम नामक व्यक्ति से सौदा तय किया व कुल 6 लाख 51 हजार में वाहन की कीमत तय करने के बाद 2 लाख रुपये एसके सिंह के नाम के एक व्यक्ति के खाता नंबर पर हस्तांतरित किया था। इसके बाद वाहन को फाइनेंस करने की बात कही गई, जब मेरे द्वारा वाहन की मांग की गई तो टालमटोल किया जाने लगा। इससे मुझे शक हुआ वाहन के कागजात के पता पर जाने के बाद जानकारी मिली की मैं ठगी का शिकार हो गया हूँ व इंद्रदेव ठाकुर नाम का व्यक्ति है लेकिन उसके वोटर आईडी में फोटो चेंज कर ठगी किया गया है। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 122/21 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। इश्तेहार तामील के मौके पर सअनि ललन कुमार सिंह व दल बल के जवान शामिल थे।

# जेजेएमपी उग्रवादी अर्जुन सिंह गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पुलिस के द्वारा जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य अर्जुन सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय लातेहार में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया गया कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य अर्जुन सिंह,पिता योगेंद्र सिंह,ग्राम बरियातु,थाना मनिका,जिला लातेहार निवासी के द्वारा मनिका थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर ग्रामीण क्षेत्रों में ठेकेदारों से लेवी वसूलने की गुप्त सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी। इसी दौरान दिन बुधवार को पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के क्रियावादी अर्जुन सिंह को मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम सनगड़वा के आसपास घूमते हुए देखा गया है और किसी घटना को कारित करने के फिराक में है। वहीं प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। जिसके बाद ग्राम सनगड़वा में गुप्त तरीके से रेकी कर छापामारी किया गया,जिसमें अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अर्जुन सिंह के खिलाफ मनिका थाना में पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही उसके पास से एक 7.56 एमएम ऑटोमेटिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, बरामद किया गया है। वहीं इस छापामारी दल में थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार,स.अ.नि. रणधीर कुमार सिंह, अरुण लकड़ा, अनुरंजन टोप्पणो पप्पु कुमार यादव, शामिल थे।

# बरवाडीह में अपात्र लाभुकों को आवंटित किए गए अबुआ आवास

➲ पात्र लाभुकों को प्राथमिकता सूची से किया गया है दरकिनार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह।** राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में एक अबुआ आवास योजना झारखंड और हेमंत सरकार की बड़ी उपलब्धियों में शुमार है। जिसका लाभ गरीब जरूरतमंद आवास विहिन पात्र लाभुकों को सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार आवंटित करना है। वहीं बरवाडीह प्रखंड में सरकार के गाइडलाइंस की धज्जियां उड़ाते हुए प्रखंड के पदाधिकारी, संबंधित कर्मी व पंचायत के मुखिया के द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करते हुए समृद्ध अपात्र लाभुकों को अबुआ आवास का आवंटन सुनियोजित तरीके से किया गया है। वहीं कई पात्र लाभुकों के प्राथमिकता सूची को दरकिनार करते हुए संपन्न लोगों को आवास का लाभ पहुंचाया गया है। साथ ही एससी कोटे का आवास ओबीसी को ओबीसी कैटेगरी का आवास एससी कैटेगरी और अविवाहित लाभुक को जानबूझकर आवास का लाभ दिया गया है। कई जगहों पर तो पूर्व में आवास का लाभ प्राप्त कर चुके लाभुकों को भी आवास दिए जाने का मामला सामने आ रहा है, जो कि जांच का विषय बन गया है। वहीं बरवाडीह के पंचायत केड़ पंचायत में जहां पिता और एकलौता पुत्र को आवास आवंटित किया गया है। बड़ी बात यह है कि दोनों का आवास एक ही है? पता नहीं जिओ टैग का मतलब क्या होता है। पहले प्रियंका देवी, पति बबलू यादव को आवास की स्वीकृति दी गई जिसके बाद शीला देवी, पति उमेश यादव का आवास स्वीकृत हुआ और इन्हें भी पहली किस्त की राशि भेज दी गई है। इस तरह कई और अपात्र लाभुकों को बेहिचक आवास आवंटित किए गए हैं। ऐसे में किन किन लोगो की मिलीभगत से अपात्र लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया है, यह तो जांच का विषय है। वहीं इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि लालमन उरांव कहते हैं कि दोनों बाप बेटे का अलग अलग घर बन रहा है, यह भी जांच का विषय है। मामले पर वरीय अधिकारियों को संज्ञान लेते हुए अपात्र लाभुकों से राशि की रिकवरी कर पात्र और जरुरतमंदों को आवास का लाभ दिलाने की जरूरत है।

**मामले की कराई जाएगी जांच**

मामले में आवास योजना के समन्वयक दीपक कुमार ने कहा कि यह जांच का विषय है अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच करते हुए रिकवरी और नियमसंगत कारवाई की जाएगी।

# अंतर-जिला वाहन चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददात

**बारियातु।** थाना कांड संख्या-12/2025, दिनांक-10. 02. 2025, धारा 303 (2) / 62 / 317 (2) /317(4) के तहत तीन चोरो को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। अंतर-जिला वाहन चोरों की गिरफ्तारी करने मे बारियातू पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी ने बताया की 09.02.2025 की रात्रि को 4-5 की संख्या में अज्ञात चोर वादी बलराम गंझु के घर ग्राम गोनिया टोला छाताबार के बाहर खड़े आइसर कंपनी का ट्रैक्टर को चोरों के द्वारा चोरी करके ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में दो चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया तथा तीन अन्य चोर भागने में सफल रहे। पकड़ाये दोनो चोरों को गश्ती दल के द्वारा थाना लाया गया। दोनों चोरों से कड़ाई से पुछताछ करने पर दोनों चोरी करने की बात स्वीकार किये तथा अन्य जगहों से तथा लावालौग, सिमरिया थाना क्षेत्रों से चोरी किये गये मोटरसाईकिल एवं मोटरसाइकिल के पाट्र्स को पकड़ाये चोरों के निशानदेही पर बरामद किया गया। तदोपरांत पकड़ाये दोनो चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा दोनो चोरो के ही निशानदेही पर काण्ड में शामिल एक अन्य अभियुक्त मनु ठाकर को भी गिरफ्तार कर लिया गया । ट्रैक्टर मालिक बलराम गंझू के आवेदन पर बारियातु थाना कांड सं0-12/25, दिनांक- 10.02.2025, घारा- 303 (2)/ 62/ 317 (2) / 317 (4) बीएनएस के अंतर्गत नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम विशाल कुमार साव, पिता मुन्ना साव, ग्राम टुनगुन, थाना लावालौंग जिला चतरा, बिरेन्द्र गंझू, पिता गुलाबी गंझू, ग्राम टुनगुन, थाना लावावौंग, जिला चतरा, मनु कुमार ठाकुर, पिता नान्हु ठाकुर, ग्राम टुनगुन, थाना लावावांग, जिला चतरा शामिल हैं। आरोपियों के निशानदेह पर एक काला रंग का स्प्लेण्डर प्रो मोटरसाईकिल,एक काला रंग का हिरो पैशन प्रो मोटरसाईकिल,हिरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाईकिल बिना नंबर प्लेट का तथा एक हिरो ग्लैमर मोटरसाईकिल का पुरा पाट्र्स बरामद की गई। छापामारी दल में शामिल पुअनि देवेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी बारियातू,पुअनि निर्मल कुमार मंडल, पुअनि जितेन्द्र कुमार,सअनि रवि किशोर तिवारी सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**तीन बाईक सहित एक बाईक का पाट्र्स जब्त**



# बेरमो : रविदास आश्रम में धूमधाम से मनाया गया 648वां संत रविदास जयंती

निकाली गई शोभायात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम द्वारा 648वीं संत रविदास जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार रवि, सचिव हरेन्द्र रविदास, कोषाध्यक्ष धनंजय रविदास और उप कोषाध्यक्ष बैजू रविदास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेरमो एसडीएम मुकेश मछुवा और विशिष्ट अतिथि पेटरवार सीओ अशोक राम शामिल हुए। एसडीएम मुकेश मछुवा ने अपने संबोधन में कहा कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' संत रविदास का यह संदेश समाज के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि संत रविदास किसी एक जाति या समुदाय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनकी शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए हैं। सीओ अशोक राम ने कहा कि संत रविदास का संदेश हर समय प्रासंगिक रहा है और संविधान ने सभी जातियों और समाज को समान अधिकार दिए हैं।

**इन गणमान्य लोगों ने किया संबोधितः** जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, मदन रविदास, गंदौरी राम और बद्री पासवान ने कार्यक्रम को संबोधित किया। साथ ही, जिप सदस्य प्रतिनिधि नारायण प्रजापति, पूर्व थाना प्रभारी यमुना चौधरी, तेनुघाट डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सुदामा तिवारी, प्रो. महावीर यादव और दांतु पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर नायक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो धनंजय रविदास ने किया, जबकि कृष्णा रविदास, रामानंद, प्यारेलाल, गणपत, गजाधर, उमेश और अमरजीत ने इसे सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

# जेईई मेन-1 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने लहराया कामयाबी का परचम




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जेईई मेन में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी कामयाबी का परचम लहराया है। जेईई मेन के प्रथम सत्र में विद्यालय के 50 से अधिक विद्यार्थी सफल रहे। आरुष बनर्जी ने सर्वाधिक 99.76 परसेंटाइल अंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है जबकि प्रिंस कुमार पांडेय 99.65 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे तथा उज्वल सिंह 99.20 पर्सेंटाइल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता पाई है उनमें आरुष बनर्जी प्रिंस कुमार पांडेय उज्ज्वल सिंह अपूर्व झा अक्षित आकर्ष दुबे रितेश कुमार महतो ख्याति सिन्हा अभिनीत शरण अभिनव कश्यप नितिन कुमार सिंह आदित्य शर्मा आशीष कुमार अर्पित कुमार सिंह रिषिमा तिवारी अनुप झा कनिष्ठ शर्मा एवं शिवम कुमार अधृत सिंह मयंक राज सिद्धांत शर्मा बंदिता महता मनीष कुमार मृत्युंजय कुमार शिवम सुदर्शन आरोही अनंत दुबे पलक्ष उत्कर्ष सहित 50 से अधिक ऐसे विद्यार्थी हैं जिन्होंने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए हैं। ज्ञातव्य है कि एनटीए जेईई मेन का दो सत्रों में आयोजन कर रही है। परीक्षा का पहला सत्र 22 जनवरी से 31 जनवरी के बीच हुआ था जबकि दूसरा सत्र आगामी 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 की अवधि में आयोजित किया जाएगा। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ एएस गंगवार ने इस शानदार परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि हमारे छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता गरिमा में चार चांद लगाया है।

## एक नजर में

### जेइइ मेंस में चिन्मय विद्यालय बोकारो का अतिन गौरव बना स्कूल-टॉपर



बोकारो। जेईई मेंस के पहले फेज में चिन्मय विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रर्दशन करते हुए बाजी मारी। विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय का छात्र अतिन गौरव 99.35 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में पहले स्थान पर आया हैं जबकि अश्विन 99.33 एवं रजनीश 98.99 परसेंटाइल लाकर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे है। अतिन गौरव अश्विन कुमार आर्यन नारायण राय वेद कुमार अभ्यास मल्लिक आदित्य राज मीनाक्षी कुमारी शिवम रंजन हर्ष लक्षीरामका रजनीश कुमार शरण्या रंजन इशान गोप भव्या विक्रम सत्यम सोनी एकांश महावार श्रेयांश मिश्रा अदित्या आकर्श देव रिशी प्रसाद आदर्श राय अभिषेक प्रेम कुमार रोहित राज प्रिंस रॉय एकता आकृति अंकित कुमार शुभम कुमार रितु राज अमृत कुमार सहित 42 से अधिक बच्चों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के वरीय शिक्षको के मार्गदर्शन एवं बच्चै के कड़ी मेहनत के कारण यह शानदार सफलता मिली है। उन्होंने सभी सफल छात्रों उनके अभिभावको एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों को इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हार्दिक बधाई दी है। स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी एवं उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं वरीय शिक्षक अजय कुमार सिंह देवज्योती बराल एएन उपाध्याय प्रफुल्ल कुमार सिंह कुमोद रंजन सिंह अशोक चौबे राज कुमार चंदन कुमार सिंह एवं आदि ने सभी सफल छात्रों को बधाई दिया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### बोकारो : बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों हेतु एक नये सफर कार्यक्रम का आयोजन




बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ जया लक्ष्मी मेडिकल ऑफिसर और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सुश्री दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। नगर प्रशासन विभाग से दिवाकर शरण कनीय प्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में बताया। बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी अजय कुमार तथा उनकी टीम के लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। फिजा परवीन ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

### बेरमो : जगराता का आयोजन, जमकर झूमें लोग



बेरमो। बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड के जारंगडीह स्थित एक निजी चैनल के पत्रकार अनिल बरनवाल के आवास में बीते 10 फरवरी की रात्रि धूमधाम से जगराता का आयोजन किया गया। जगराता में उपस्थित कलाकारों द्वारा विभिन्न देवी-देवता का प्रतिरूप में कला का प्रदर्शन किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त जगराता में नावाडीह प्रखंड के हरलाडीह से आए कलाकार संतोष गिरी की पूरी टीम द्वारा सर्वप्रथम विधिपूर्वक पूजा अर्चना किया गया, जिसमें पुजारी कपिल देव पंडित ने पूजा संपन्न कराया। इसके बाद रात्रि में संतोष गिरी व अन्य कलाकारों द्वारा जागरण धूमधाम से प्रस्तुत किया गया। यह जागरण कार्यक्रम पत्रकार बर्नवाल अपनी पुत्री की विवाह के शुभ अवसर के पश्चात आयोजित किया था। वर्णवाल की एकमात्र पुत्री दिव्या कुमारी उर्फ सीमा और दामाद अशीष बरनवाल ने पूजा में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। बता दूं कि पत्रकार अनिल बर्नवाल की पुत्री का विवाह बीते 7 फरवरी को गिरिडीह जिला के इसरी बाजार स्थित वर्णवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया था।इसे लेकर बीते 10 फरवरी को जारंगडीह स्थित उनके आवास पर जागरण का आयोजन किया गया था। इस जागरण में संतोष गिरी की पूरी टीम ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया। जिसमें उपस्थित सभी महिला, पुरुष, युवक व युवतियों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

### संत रविदास की जयंती पर कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन में चिकत्सकीय जांच कैंप का आयोजन

बेरमो। शिरोमणि संत रविदास की जयंती पर कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढ़ोरी में चिकत्सकीय जांच कैंप का आयोजन किया गया। सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र द्वारा विद्यालय की कक्षा अष्टम एवं नवम की कुल 60 बहनों का चिकत्सकीय जांच परीक्षण एवं दवा दी गई। जिसमें डॉ शैल्या, सीनियर फार्मासिस्ट अजय कुमार झा, सहयोगी प्रीति कुमारी, अमृता कुमारी एवं रीता कुमारी के सहयोग से किया गया। इस मौके पर संकुल संयोजक अमित कुमार सिंह, सचिव धीरज कुमार पांडे, प्रदीप कुमार महतो, कुमार गौरव, प्रीति प्रेरणा सिंह, देवाशीष ओझा, संजू ठाकुर एवं अन्य उपस्थित थे। मध्यांतर के बाद विद्यालय में संत रविदास की जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम संत रविदास के चित्र पर पुष्पार्जन के बाद कार्यक्रम की विधिवत प्रारंभ की गई। इस मौके पर भैया बहनों के द्वारा संत रविदास के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के आचार्य नित्यानंद मिश्रा ने संत रविदास के जीवनवृत्त से सारगर्भित बातों को रखा। कार्यक्रम का संचालन बहन वीणा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन दीदी विभा सिंह के द्वारा किया गया।

### संत शिरोमणि रविदास जयंती की शुभ अवसर पर विद्यालय ने निकाला प्रभात फेरी

बेरमो। बुधवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो के प्रांगण में संत शिरोमणि संत रविदास जी की जयंती धूमधाम से बनाई गई। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के द्वारा फुसरो नगर में स्थित शारदा कॉलोनी में प्रभात फेरी निकालकर लोगों को संत रविदास जी के त्याग और महान व्यक्तित्व से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा, सचिव अमित कुमार सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज कुमार पांडे आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। विद्यालय में संयुक्त रूप से जयंती मनाने के बाद शारदा कॉलोनी में संत रविदास जी अमर रहे के उदघोष के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का समापन शारदा कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर में किया गया। प्रधानाचार्य एवं सभी अभिभावकों के द्वारा संयुक्त रूप से संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन,दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के आचार्य साधन चंद्रधर, भगवती नोनिया ने भी अपने विचार रखें। प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा की संत शिरोमणि संत रविदास जी के आदर्शों पर चलकर हम अगर आगे बढ़े, तो जीवन के हर लक्ष्य को पा सकते हैं। लगभग 200 की संख्या में अभिभावक बंधु भगिनी की उपस्थित थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य जी दीदी एवं कर्मचारी बंधु भगिनी का योगदान रहा।

### खेतको मुखिया मुहल्ला मे शिरते मुस्तफा कॉन्फ्रेंस व जशने रेदाए केरात का आयोजन

बेरमो। पेटरवार प्रखंड अंतर्गत खेतको मुखिया मुहल्ला में बीते रात्रि सिरते मुस्तफा कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आठ बच्चियों का दस्तार बंदी किया गया। इस आयोजन की सरपरस्ती खेतको पंचायत के मुखिया अनवरी खातून, प्रधानध्यापक मौलाना आदिल फनकार, शिक्षक कारी दीनमोहम्मद,सदरे मौलिमा रुबीना फातिमा, शिक्षक कहकसा जमील, सहनाज खातून, समीना प्रवीण आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थी। इन बच्चियों ने दस्तार ली- इस भव्य कार्यक्रम में इन बच्चियों ने दस्तार ली जिसमे शम्मा प्रवीण पिता नाइमुद्दीन अंसारी वार्ड सदस्य मां हसीना खातून। शहर बानो, पिता अकबर अंसारी निवासी इसरी। सबीना खातून, पिता अब्दुल रहीम खेतको। संजीदा प्रविन पिता मोहम्मद मुस्लिम अंसारी कंजकिरो, रूबी प्रवीण सहबुद्दीन अंसारी अंगवाली। साईमा अंजुम, पिता अबुल कलाम खेतको। सोहानी परवींन पिता क्यामुद्दीन अंसारी लोधी।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : पुलिसकर्मी ने खुद को मारी गोली

बोकारो। स्थानीय सेक्टर चार में निवासी एवं अंगरक्षक की ड्यूटी करनेवाले चंदन कुमार शांडिल्य नामक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार अपनी इहलीला समाप्त कर ली। प्रथम दृष्या मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। परंतु आत्महत्या के कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है, संशय की स्थिति बनी हुई है कि क्या सचमुच में यह आत्महत्या ही है? पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट होने की बात कही। पुलिसकर्मियों में शोक की लहर व्याप्त है।

### बेरमो : वृद्ध की ट्रेन से कट कर हुई मौत

बेरमो। दुग्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुढ़ीडीह पुराना रेलवे क्रॉसिंग पर। एक 60 वर्षीय वृद्ध की रेलवे लाइन में कटकर हुई मौत। मृतक बुढ़ीडीह गोप टोला निवासी असाड़ी गोप था। आरपीएफ के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग चार बजे मृतक असाड़ी गोप रेलवे लाइन पार करते वक्त मालगाड़ी के इंजन के चपेट में आने से यह दुर्घटना घटी होगी। दुग्दा पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही एएसआई मो बसीर अंसारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ब्रह्मदेव हेम्बरम ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसके घर में कोई नहीं है।

### दिसोम बाहा बोंगा को लेकर दिसोम जाहेर थान में हुआ साफ-सफाई

दुमका। दिसोम मांझी बाबा बेनीलाल टुडू के नेतृत्व में आगामी बाहा बोंगा की तैयारी को लेकर दिसोम जाहेर थान में स्वच्छता अभियान चलाया। इस साफ-सफाई कार्य में युवाओं के बुजुर्गों ने भी में शामिल होकर निःस्वार्थ भाव से योगदान दिया। सफाई के बाद बैठक हुई। जिसमें आगामी बाहा बोंगा की तैयारी संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बार की बाहा बोंगा धूमधाम के साथ मनाने की निर्णय लिया गया। जिसमें से बाहा बोंगा में मुख्य अतिथि हेमंत सोरेन और विशिष्ट अतिथि विधायक बसंत सोरेन होंगे। साथ ही संताल परगना के सांसद और विधायक को आमंत्रण किया जाएगा। इतना ही नहीं संताल परगना के विभिन्न क्षेत्रों से आतो मोड़ें होड़ को भी आमंत्रण किया जाएगा। मौके पर सुरेशचंद्र सोरेन, ठेकलाल मरांडी, राजीव बास्की, अमर मरांडी, निखिल मुर्मू, मोहन टुडू, सिकंदरा हेंब्रम, ईमेल मरांडी, सुशील मरांडी, लवकिशोर टुडू, शिवशंकर सोरेन, प्रेम हांसदा, लाइनन्दु मुर्मू, चंदू हेंब्रम, स्टेनली हेंब्रम, देवराज हांसदा, रविलाल टुडू, सनी टुडू, आर्यन हांसदा, सूर्या हांसदा, सुनील मरांडी आदि कई लोग मौजूद रहे।

### शराब लदा ट्रक ने दो गाड़ियों में मारी टक्कर



बेरमो। डुमरी के केबी मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार शराब लदा ट्रक आगे चल रही ट्रैक्टर में मारी जोरदार टक्कर। जबकि ट्रैक्टर ने सड़क के किनारे गन्ना का जूस बेच रहे टेंपो में मारी टक्कर। जिसमें तीन लोग घायल हो गए है। जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना डुमरी थाना क्षेत्र की है। वहीं घटना के बाद शराब लदा ट्रक सहित गिट्टी लोड ट्रैक्टर पलट गया। इसके बाद आसपास के लोग शराब लूटने की होड मच गई हालांकि पुलिस की सतर्कता से लोगों को भगाया गया। वही सभी घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया। जहां एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। जबकि पुलिस सभी वाहनों को जप्त कर थाने ले आई है और मामले की जांच में जुट गई है।

# बेरमो : सीसीएल प्रबंधन के रवैये के खिलाफ इनमोसा ने आंदोलन करने का लिया निर्णय

इंडियन नेशन माइन ऑफिसियल एंड सुपरवाइज़री स्टाफ एसो. की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** इंडियन नेशन माइन ऑफिसियल एंड सुपरवाइजरी स्टाफ एसोसिएशन (इनमोसा) की बैठक बुधवार को बीएंडके क्षेत्र के खास महल पीट आफिस मे आयोजित की गई। बैठक में सीसीएल प्रबंधन द्वारा इनमोसा की मांगों को नजर अंदाज करने, इनमोसा सदस्यों के समस्याओं का निराकरण नहीं करने पर रोष जताया गया।

प्रबंधन के रवैये के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। सीसीएल प्रबंधन एवं इनमोसा के बीच पूर्व में वार्ता में हुई थी। लेकिन मांगों पर प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की गयी। इससे इनमोसा सदस्यों में आक्रोश बढ़ रहा है।

**क्या है मांग**

सीसीएल में माइनिंग सुपरवाइजर की कमी का दूर करने, माइनिंग सुपरवाइजरों को समयबद्ध प्रमोशन देने, सीसीएल की सभी समितियों में इनमोसा का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने, सभी क्षेत्रों में सुपरवाइजरों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था करने, इनमोसा का सदस्यता शुल्क सैलरी से काटने का आदेश निर्गत करने, आउटसोर्सिंग के कार्यो के लिए अलग से सुपरवाइजरों की व्यवस्था करने आदि प्रमुख है। बैठक का संचालन यूनिट सचिव शैलेन्द्र कुमार ने किया।

बैठक में बीएंडके क्षेत्र के एरिया सेक्रेटरी डी पी मौर्या सहित विनय कुमार, एस एच पूर्ति, सुरेंद्र मंडल, जयदेव मंडल, भरत पासवान, अमित कुमार, नितेश शेखर, मेघनाद, श्रीकांत, कृष्ण चारी, रवि शंकर, खेलू महतो, राजेंद्र कुमार, कैलाश, भूषण मांझी, सिकंदर, वारिशकर, दीपक कुमार, बुधन सिंह, प्रगति प्रताप, अरुण सिंह, मनोज, देवेंद्र, शिशिर, अविनाश आदि कई सदस्य उपस्थित हुए।

## बोकारो में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक कार्यशाला आयोजित कर उसमें लोगों को डिजिटल सुरक्षा पर विशेष जानकारी दी गई। इस वर्ष की थीम- साथ मिलकर एक बेहतर इंटरनेट के लिए पर आधारित इस कार्यक्रम में इंटरनेट सुरक्षा और जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने उपस्थित लोगों से इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इंटरनेट का उपयोग करते समय यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि साइटें प्रामाणिक हों।

## जमीन विवाद में पागल बाबा बस के मालिक व बेटे पर जानलेवा हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जमीन विवाद में पागल बाबा नाम के एक यात्री बस के मालिक 50 वर्षीय बालानंद झा और उनके बेटे सौरभ केशव पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दो जख्मी हो गए है। यह घटना जरमुंडी थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम हुई।

दोनों घायलों को इलाज के लिए देर शाम फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत नाजुक होने की वजह से बालानंद को रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने हमले में शामिल अधिवक्ता रामफल लायक और दीपक दर्वे को हिरासत में लिया है। बालानंद के बेटे रजत ने बताया कि पिता ने जरमुंडी रेलवे स्टेशन में जमीन खरीदी है। दूसरे पक्ष के लोग उस जमीन के दो कट्ठे पर अपना हक जता रहे थे। घर के सभी लोग कुंभ जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी विरोध पक्ष के करीब दो दर्जन लोग जमीन पर पहुंच गए। पिता ने कहा कि अगर उनकी जमीन है तो दोनों पक्ष अपने अमीन को बुलाकर मापी करवा लेते हैं। विरोध पक्ष के लोग बातचीत का वीडियो बनाने लगे। भाई सौरभ ने मना किया तो उस पर लोहे के रॉड व लाठी-डंडे से हमला कर दिया। पिता ने बचाने का प्रयास किया तो उन पर भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों पिता और पुत्र ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचायी।

बुरी तरह से घायल बालानंद और उसके बेटे सौरभ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर,हमले के बाद विरोध पक्ष के आरोपी दीपक दर्वे व अधिवक्ता रामफल लायक दोनों की हालत जानने के लिए अस्पताल के पास ही पहुंचे थे कि बालानंद के परिजन और बस चालकों ने दोनों को पकड़ लिया। अस्पताल लाकर दोनों की धुनाई भी की गई, लेकिन सीसीटीवी की वजह से पीटना छोड़ दिया। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई।

## झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल ने श्रम मंत्री संजय यादव से लगाई फरियाद



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** सदर प्रखंड के मडूवावरण स्थित श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के निजी आवास पर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश संरक्षक मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में फरियाद लगाया है। इस क्रम में श्रम मंत्री से प्रदेश संरक्षक कुशवाहा द्वारा जिले सहित झारखंड प्रदेश के होमगार्ड के वस्तु स्थिति को रखते हुए अहम जानकारी दी गई। श्रम मंत्री यादव द्वारा संगठन के प्रतिनिधि मंडल से सकारात्मक वार्ता कर होमगार्ड के समस्याओं के निराकरण को लेकर आश्वासन दिया गया है। खासतौर पर गोड्डा जिले में होमगार्ड जवानों के डियुटी बढ़ाने को लेकर बेहतर पहल का भरोसा श्रम मंत्री की ओर से दिया गया है। उन्होंने अस्वस्थ कराया कि अभी दो माह मंत्री बनने से हुई है। मेरे ध्यान में है। बहुत ही जल्द संबंधित विभागों के प्रबंधक से बात कर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगें। उन्होंने कहा हमारी सरकार राज्य के गृह रक्षकों के प्रति कटिबद्ध है। श्रम मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री से इस पर बिशेष तौर पर पहल करने का आश्वासन दिया गया। प्रदेश संरक्षक सह जिला प्रभारी कुशवाहा ने श्रम मंत्री यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं भी होमगार्ड परिवार से हूं और मुझे पता है कि डियूटी लेने में कितना होमगार्ड को परेशानी का सामना करना पड़ता है। दौरान प्रतिनिधि मंडल में जिला सचिव मजबुल अंसारी, महिकान्त पासवान, विजय ठाकुर, गोपाल मांझी, विवेकानंद यादव, राजीव यादव, नंदलाल ठाकुर आदि शामिल थे।

**होमगार्ड संगठन ने श्रम मंत्री को सौंपा ज्ञापन :** कुशवाहा ने बताया कि वार्ता के क्रम में एसोसिएशन की ओर से श्रम मंत्री को पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है। मांगो में मुख्य रूप से झारखंड राज्य के होमगार्ड की ड्यूटी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बंगाल राज्यों की तरह सुनिश्चित करने, झारखंड राज्य के होमगार्ड को बिहार राज्य के तर्ज पर कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ दिए जाने, झारखंड राज्य के होमगार्ड को कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिए जाने, होमगार्ड के प्रत्येक 4 वर्ष पर होने वाले पुनः नामांकन में संशोधन करने सहित गोड्डा जिला के अदानी पावर प्लांट, सदर अस्पताल, कृषि कॉलेज, मुख्य डाकघर आदि स्थानों पर होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति किए जाने आदि शामिल है।

## दुसाध कल्याण परिषद के बीएल पासवान ने स्थानीयता को परिभाषित करने पर दिया जोर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बीएल पासवान ने झारखंड की वर्तमान सरकार से स्थानीयता को जल्द परिभाषित करने की मांग की है। उन्होंने झारखंड अलग राज्य के गठन के पूर्व से यहां बिहार या अन्य प्रदेशों से आकर नौकरी-पेशा करने वाले या रहने वाले लोगों के बच्चों के भविष्य के लिए स्थानीयता के मुद्दे को महत्वपूर्ण बताया है।

उन्होंने कहा कि बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य का निर्माण 15 नवम्बर 2000 को हुआ। उसके बाद विधानसभा राज्यसभा लोकसभा पंचायत चुनाव नगर निगम के चुनाव कई बार हुए जिसमें लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग कर माननीयों को विजयी बनाया जो राज्य के मंत्री से लेकर विभिन्न पदों पर सुशोभित होते रहे।

लेकिन दूसरे राज्यों से यहां आए लोगों या नौकरी पेशा करने वाले सरकारी कर्मी जो सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं- वे स्थानीयता प्रमाण-पत्र के अभाव में अभी तक दर-दर भटक रहे हैं। पासवान ने कहा कि स्थानीयता के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में पीआईएल दायर किया गया लेकिन मुख्य रूप से पीआईएल नंबर 2919/02 जिसमें न्यायालय ने अपना अपना फैसला भी दिया। जिसके आधार पर पीआईएल नंबर 4080/02 दायर किया गया।

उक्त वाद में दिनांक 27.11.2002 को माननीय उच्च न्यायालय झारखंड द्वारा कतिपय आदेश पारित किए गए और उक्त आदेश के आलोक में राज्य सरकार द्वारा स्थानीय व्यक्ति को परिभाषित कर उनकी पहचान करने के लिए एक मंत्रिमंडलीय समिति गठित की गई थी और विचार विमर्श किया गया था। किन्तु कतिपय कारणों से इसे मूर्ति रूप नहीं दिया जा सका।

## दुमका : राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैंक अधिकारियों एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी की बैठक व्यवहार न्यायालय परिसर में बुधवार को आयोजित हुई। लोक अदालत नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 8 मार्च को आयोजित होगी। लोक अदालत शनिवार को सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित होगी। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल केसेस, एनआई एक्ट केसेस, एमएसीटी एक्ट, फैमिली कोर्ट केसेस, लेबर एक्ट, सिविल केसेस, बैंक रिकवरी केसेस, इलेक्ट्रिसिटी केसेस, फॉरेस्ट केसेस, एक्साईज केसेस आदि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। लोक अदालत का प्री काउंसलिंग सिटिंग जो 8 जनवरी से ही प्रारंभ है। जिसमें अब तक सैकड़ो वादों का निष्पादन किया जा चुका है। इस बावत प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निपटारा कर लाभ उठाने का अपील किया है। इस संबंध में उन्होंने आज बैंक अधिकारियों एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी संग बैठक कर छोटे कर्जदारों के मामले में बैंक लचीला व्यवहार अपनाये एवं बैंक अधिकारियों को अधिक से अधिक बैंक लोन आदि आपसी सुलह समझौते से निपटारा करवाने का अपील किया।

## पेज एक का शेष

### 17 छात्राओं ने पास की जेइइ मेन परीक्षा

सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत छात्राओं को 247 डिजिटल शिक्षा सहायता, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, और मॉडल टेस्ट श्रृंखला के माध्यम से तैयारी करवायी गयी थी। इस अभिनव पहल से न केवल जेइइ मेन परीक्षा में सफलता मिली, बल्कि यह आगे भी छात्राओं को आईआईटी और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए प्रेरित करेगा। खूंटी जिला प्रशासन इस सफलता को ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में देखता है और भविष्य में भी इसी प्रकार छात्राओं को सहयोग प्रदान करने के लिए संकल्पित है।

# भारत और फ्रांस के बीच 10 समझौतों पर हस्ताक्षर

## प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग पर सहमति



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा से भारत-फ्रांस संबंधों में मजबूती आई है। एआई सहयोग, परमाणु ऊर्जा और नवाचार सहित 10 समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों देशों ने भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 की शुरूआत की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत किया। द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्र में, भारत और फ्रांस ने पीएम मोदी की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान 10 समझौता समझौतों पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर भारत-फ्रांस घोषणा, भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026 के लिए लोगो का शुभारंभ और डिजिटल विज्ञान के लिए भारत-फ्रांस केंद्र की स्थापना शामिल है। पीएमओ के एक बयान के अनुसार, फ्रांसीसी स्टार्टअप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में 10 भारतीय स्टार्टअप की मेजबानी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी स्टार्टअप सुविधा के रूप में जाना जाता है। अन्य समझौता ज्ञापनों में उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर साझेदारी की स्थापना पर आशय की घोषणा शामिल है; परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई), भारत और सीएई, फ्रांस के बीच ग्लोबल सेंटर फॉर न्यूक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप (जीसीएनईपी) के साथ सहयोग के संबंध में समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण और जीसीएनईपी इंडिया और इंस्टीट्यूट फॉर न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएनएसटीएन) फ्रांस के बीच सहयोग के संबंध में भारत के डीएई और फ्रांस के सीईए के बीच एक समझौता। पीएमओ के बयान के अनुसार, दोनों देशों ने त्रिकोणीय विकास सहयोग पर एक संयुक्त आशय घोषणा पर भी हस्ताक्षर किए; मार्सिले में भारत के वाणिज्य दूतावास का एक संयुक्त उद्घाटन और पर्यावरण के क्षेत्र में पारिस्थितिकी संक्रमण, जैव विविधता, वन, समुद्री मामले और मत्स्य पालन मंत्रालय और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच एक आशय घोषणा।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने असाधारण रूप से मजबूत और बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम और वैश्विक एवं क्षेत्रीय मामलों पर द्विपक्षीय चर्चा की। उन्होंने संयुक्त रूप से मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर सुविधा का भी दौरा किया। पीएम मोदी ने फ्रांस द्वारा एआई एक्शन समिट के सफल आयोजन पर राष्ट्रपति मैक्रों को बधाई दी और फ्रांस ने अगले एआई समिट की मेजबानी के लिए भारत का स्वागत किया। बता दें कि यह पीएम मोदी की फ्रांस की छठी यात्रा थी, और जनवरी 2024 में भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन की भारत यात्रा के बाद हुई है।

## परीक्षा पे चर्चा: एग्जाम के दौरान टेक्नोलॉजी और गैजेट्स के उपयोग पर छात्रों से चर्चा करेंगे एक्सपर्ट्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्लैगशिप प्रोग्राम 'परीक्षा पे चर्चा' की लोकप्रियता देश में तेजी से बढ़ती जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत अब इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स टेक्नोलॉजी और गैजेट्स की भूमिकाओं पर छात्रों से चर्चा करेंगे।

'परीक्षा पे चर्चा' के गुरुवार को आने वाले एपिसोड में एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट गौरव चौधरी छात्रों को गाइड करेंगे कि कैसे टेक्नोलॉजी को पढ़ाई में सहायक के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी, परीक्षा के दौरान गैजेट्स की भूमिका, छात्रों के बीच अधिक स्क्रीन समय जैसे विषय छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामने आने वाली सबसे बड़ी दुविधाओं में से एक हैं।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि 13 फरवरी को गौरव चौधरी और राधिका गुप्ता ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न के तहत इस मुद्दे पर छात्रों से बातचीत करेंगे।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने परीक्षा के दौरान टेक्नोलॉजी और गैजेट की भूमिका पर आगामी एपिसोड के बारे में एक्स पर पोस्ट भी किया है।

मंत्रालय ने पोस्ट किया, 13 फरवरी को सुबह 10 बजे परीक्षा पे चर्चा के इस टेक और एआई संस्करण के लिए ट्यून इन करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने 10 फरवरी को दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा' के आठवें संस्करण का शुभारंभ किया, पहले एपिसोड के दौरान सुंदर नर्सरी में छात्रों के साथ बातचीत की।


परीक्षा पे चर्चा 2025 के दौरान, पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि टेक्नोलॉजी सीखने का एक शक्तिशाली उपकरण है और छात्रों को इससे विचलित होने के बजाय इसका प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए।

उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे टेक्नोलॉजी से न भागें, बल्कि अपनी परीक्षा की तैयारी को बढ़ाने के लिए इसका बुद्धिमानी से उपयोग करें।

प्रधानमंत्री ने छात्रों से अनावश्यक स्क्रीन टाइम की सीमा निर्धारित करने और डिजिटल जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, जो उनके शैक्षणिक विकास में योगदान देता है।

## पैक्स भी जल्द ही कर सकेंगी एयरलाइंस टिकटों की बिक्री

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश में रेलवे टिकटों की बुकिंग का काम कर रही प्राथमिक कृषि रिण समिति अब जल्द ही एयरलाइंस टिकटों की बिक्री भी करेंगी। श्री शाह ने आज यहां सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गई और वर्तमान में की जा रही पहलें विषय पर सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता के दौरान यह बात कही। समिति ने बैठक में सहकारिता मंत्रालय द्वारा स्थापना के बाद से सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए पहले की गई और मौजूदा पहलों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

श्री शाह ने कहा कि सरकार ने देश भर के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि दोनों संभव है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब देश भर की सहकारी समितियों की क्षेत्रवार जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए कदम उठाये गये हैं और आने वाले समय में देश की एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी जहां ये समिति उपलब्ध नहीं होंगी। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पैक्स को प्रासंगिक बनाने के लिए बनाए गये नियमों को देश के लगभग सभी राज्यों ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि इन समितियों को 20 से अधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है और अब वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केन्द्र सहित अन्य सेवाएं प्रदान करना शुरू कर चुकी हैं। श्री शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने मौजूदा बजट सत्र में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के गठन के लिए विधेयक पेश किया है और जल्द ही संसद से पारित होगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के गठन से सहकारी क्षेत्र में आने वाले पेशेवरों को तकनीकी शिक्षा, एकाउंटिंग और प्रशासन संबंधी जानकारी और प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षित जनसंसाधन उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कोऑपरेटिव सेक्टर को कॉर्पोरेट सेक्टर के समान ही अवसर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय, रिजर्व बैंक और आयकर विभाग के साथ मिलकर कॉर्पोरेट सेक्टर और कोऑपरेटिव सेक्टर के लिए टैक्स संरचना को एकसमान बनाने के लिए कदम उठाये हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि देश के सहकारिता क्षेत्र से जुड़े उद्यम कॉर्पोरेट जगत के साथ स्पर्धा के साथ आगे बढ़ेंगे और सरकार के सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करेंगे। श्री शाह ने परामर्शदात्री समिति को बताया कि सहकारिता से जुड़े राष्ट्रीय फेडरेशनों के त्वरित विकास के लिए कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड , इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड , राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और अन्य फेडरेशनों के साथ रोडमैप बनाने पर कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी पैक्स रेलवे टिकटों की बुकिंग का काम कर रहे हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही ये भी एयरलाइंस टिकटों की बिक्री कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में सहकारिता के विकास में क्षेत्रीय असमानता को देखते हुए सरकार सभी राज्यों में एक समान संतुलित विकास के लिए विशेष कदम उठा रही है।

बैठक में समिति के सदस्यों ने देश में सहकारी समितियों का सशक्तीकरण करने संबंधी मुद्दों पर अपने सुझाव दिए और सरकार द्वारा देश की सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों की सराहना की।

बैठक में केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल और मुरलीधर मोहोल, समिति के सदस्यों, केन्द्रीय सहकारिता सचिव और सहकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## यूएनआई में निवेश के प्रस्ताव पर एनसीएलटी की मुहर

### प्रतिष्ठित समाचार एजेंसी का होगा कायाकल्प

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) की ऋण समाधान योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी और इसके साथ ही देश की सबसे पुरानी एवं विश्वसनीय समाचार एजेंसियों में से एक यूएनआई वर्षों तक गंभीर वित्तीय संकट से जूझने के बाद अब अपना कायाकल्प करने जा रही है।

दिवाला एवं ऋण-शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत 64 साल पुरानी इस कंपनी के लिए प्रस्तुत समाधान योजना में निवेश के पर्याप्त प्रावधान हैं। इस योजना की स्वीकृति से इसके सैकड़ों पत्रकारों सहित लगभग 900 सेवारत और पूर्व कर्मचारियों को बड़ी राहत और खुशी मिलेगी। यूएनआई के लिए नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) पूजा बाहरी ने कहा, आज देश में आईबीसी प्रक्रिया के तहत समाधान का एक इतिहास रच दिया गया है, क्योंकि माननीय एनएलसीटी ने यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) को पुनर्जीवित करने के लिए द स्टेट्समैन लिमिटेड की ओर से प्रस्तुत समाधान योजना को मंजूरी दे दी है।

सुश्री बाहरी को न्यायाधिकरण ने 19 मई, 2023 को कंपनी की समाधान प्रक्रिया लाने के कार्य के साथ नियुक्त किया था। दिवालियापन के मामलों की अनुभवी सुश्री बाहरी ने कहा, आईबीसी क्या हासिल कर सकता है...यूएनआई (मामला) इस बात का एक प्रमुख उदाहरण है। आईबीसी का मुख्य उद्देश्य ही दिवालियापन में फंसी कंपनियों का का पुनरुद्धार और उनके परिचालन की निरंतरता सुनिश्चित करना है, इस मामले में अंततः यह लक्ष्य हासिल हो गया है। उन्होंने कहा कि यूएनआई दशकों से अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है, यह इस सुंदर कानून



(आईबीसी) की वजह से ही संभव हो पाया है कि हम ऐतिहासिक महत्व वाली इस संस्था (यूएनआई) के 'पुनरुत्थान' और 'समाधान' का आदेश प्राप्त कर सके हैं। यूएनआई फिर से सफलता के शिखर को छू सकती है और यही आईबीसी की असली ताकत है। उन्होंने इस बात को रखांकित किया कि देश की इस दूसरी सबसे बड़ी समाचार एजेंसी के सफल पुनरुद्धार में 900 से अधिक परिवारों की हिस्सेदारी है, जो फोटो सेवा के अलावा अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू भाषाओं में सैकड़ों अन्य मीडिया संगठनों और अन्य संस्थाओं को समाचार प्रेसित करती है। सुश्री बाहरी ने कहा, ह्य आज, भगवान की कृपा और कर्मचारियों और विभिन्न हितधारकों के महती प्रयासों और सहयोग से, हमने इतिहास रच दिया है।

एनसीएलटी ने सुश्री बाहरी को यूएनआई के मामले में आरपी नियुक्त कर संभावित निवेशकों को आईबीसी कानून के अनुसार कंपनी के पुनरोद्धार के लिए जरूरी धन लगाने के लिए आमंत्रित करने का काम सौंपा था।

आरपी ने इस प्रक्रिया के सफल समापन के बारे में कहा, इसमें बहुत मेहनत लगी है हमने कई बाधाओं को पार किया। इस तरह की सफलता की कहानी उन सिद्धांतों में हमारे विश्वास को मजबूत कर सकती है जिन पर आईबीसी को स्थापित किया गया था। यह इस बात को भी रेखांकित करती है कि सच्चे मूल्यों, नैतिकता और नैतिकता और सही इरादे के साथ, हम असंभव को प्राप्त कर सकते हैं। सुश्री बाहरी ने कहा, कई लोगों को लगता है कि आईबीसी अन्य पिछले कानूनों की तरह अप्रासंगिक हो सकती है, लेकिन मेरा दृढ़ विश्वास है कि यूएनआई जैसी संस्थाओं का पुनर्जीवित होना इस इस अनूठे कानून की खूबसूरती को प्रदर्शित करता है।

यूएनआई जैसी संस्थाओं के उद्धार होने तक आईबीसी एक महत्वपूर्ण कानून बना रहेगा। यूएनआई के संबंध में सफल समाधान प्रक्रिया का तात्पर्य है कि इससे न केवल अभी, बल्कि आने वाले कई दशकों तक हजारों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

वर्ष 1961 में स्थापित यूएनआई एक दशक से अधिक समय से गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रही थी, बावजूद इसके यह समाचार एजेंसी वर्तमान में देश भर में अपने 600 से अधिक मीडिया आउटलेट और अन्य संस्थाओं को समाचार और फोटो सेवाएं दे रही है जो एजेंसी के स्थायी ग्राहक हैं।

यूएनआई एशिया की एकमात्र विश्वसनीय समाचार एजेंसी है, जो उर्दू भाषा में भी सेवा प्रदान करती है और इस भाषा के अधिकांश समाचार पत्र और समाचार वेबसाइट यूएनआई पर निर्भर हैं।

## एक नजर में

### टोरेंट समूह का गुजरात टाइटन्स में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए करार

**नयी दिल्ली।** टोरेंट समूह ने खेल क्षेत्र में कदम रखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए इरेलिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक निर्णायक समझौता किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि यह लेन-देन नियामकीय स्वीकृतियों और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी सहित कुछ शर्तों के अधीन है। इस सौदे के तहत इरेलिया कंपनी फ्रेंचाइजी में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेगी, जिससे वह एक महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक भागीदार बनी रहेगी।

### ईडी ने पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के बेटे की 60 लाख रुपये की सम्पत्ति कुर्क की

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ ने पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के बेटे की 60 लाख रुपये की सम्पत्ति कुर्क की है। ईडी की ओर से कहा गया है कि पूर्व की सपा सरकार में मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति के बेटे अनिल कुमार प्रजापति की 60 लाख रुपये की सम्पत्ति को कुर्क किया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत की है। यह राशि मुंबई के वाडाला में स्थित 'वर्टु' प्रोजेक्ट में एक फ्लैट की बुकिंग के तौर पर मेसर्स बालाजी कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते में जमा थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने इससे पहले कार्रवाई करते हुए गायत्री प्रसाद प्रजापति और उनके परिवारिक सदस्यों करीबियों की करीब 50 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति जब्त कर चुकी है।

### मिल्कीपुर के नव निर्वाचित विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**अयोध्या।** मिल्कीपुर के नव निर्वाचित विधायक चन्द्रभानु पासवान ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। नवनिर्वाचित विधायक की मुख्यमंत्री से यह पहली मुलाकात है। मिल्कीपुर के चुनाव प्रबंधन में मुख्यमंत्री ने स्वयं बागडोर संभाल रखी थी। प्रदेश सरकार के सात मंत्रियों सहित प्रदेश के कई पदाधिकारियों ने लगातार मिल्कीपुर में कैम्प किया था। विधायक चन्द्रभानु पासवान के अनुसर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को साथ लेकर चलने की नसीहत दी। क्षेत्रवासियों के विकास के लिए बिना भेदभाव कार्य करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि मिल्कीपुर क्षेत्र की जनता के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहना उनकी प्राथमिकता है।

### मध्य प्रदेश ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस में भारत में अग्रणी: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मध्य प्रदेश ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस में भारत का अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ अब व्यापार और निवेश के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है। राज्य सरकार ने व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कई दूरदर्शी सुधार लागू किए हैं। यह पहल राज्य को न केवल देश के भीतर, बल्कि वैश्विक निवेश मानचित्र पर भी प्रमुख स्थान दिला रही है। राज्य सरकार ने व्यापारिक माहौल को अनुकूल बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम, डिजिटल अप्रूवल प्लेटफॉर्म, और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सेवाओं को लागू किया है।

### करोड़ों लोगों का आना, त्रिवेणी में डुबकी लगाना ही सनातन की सबसे बड़ी ताकत : सुनील शेट्टी



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में जिस तरह की व्यवस्था की गई है, वह अद्भुद एवं दिव्य है। करोड़ों लोगों का आना और मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाना वाकई ये सनातन की ही ताकत है। हर घंटे लाखों लोगों द्वारा डुबकी लगाकर निकल जाना। ऐसी व्यवस्था कहीं नहीं हो सकती। महाकुम्भ में आना और गंगा में डुबकी लगाना मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल है। यह बात बुधवार को संगम में डुबकी लगाने के बाद देश के प्रसिद्ध फिल्मी कलाकार सुनील शेट्टी ने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही सोचा कि प्रयागराज चल कर महाकुम्भ में शामिल हो सकें तो अच्छा रहेगा। जिसके लिए उन्होंने पांच-छह दोस्तों से बात की। फिर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्दी से बात हुई। उनके माध्यम से ऐसी व्यवस्था हुई कि सब कुछ आसानी से हो गया। एक कहावत है न कि गंगा नहा लिया, वाकई में आज मैंने यहां आकर यह अनूभूति की। उन्होंने प्रयागराज आने वाले करोड़ों भारतवासियों के प्रति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ही व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा के साथ ही त्रिवेणी संगम को नमन किया। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

## माघ पूर्णिमा पर 2 करोड़ लोगो ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी, एक महीने बाद घर लौटने लगे कल्पवासी

एजेंसी

- 46 करोड़ से ज्यादा अब तक लगा चुके संगम में डुबकी
- श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से बरसाए गए 25 क्विंटल फूल
- लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से कर रहे मॉनिटरिंग
- सुरक्षा के चाक चौबंद बंदोबस्त, चप्पे चप्पे पर सुरक्षाबल तैनात
- बेहतर प्रबंधन के लिये 15 जिलों के जिलाधिकारी, 20 आईएएस और 85 पीसीएस अफसर तैनात



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। बुधवार को गंगा, यमुना और अंतःसलिला सरस्वती के संगम तट पर देश-दुनिया के हर कोने से आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रयागराज की सड़कें चहुंदिश श्रद्धा पथ में तब्दील हो गईं। देश-दुनिया भर से संतों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों का सागर उमड़ा तो लगभग 6 किमी लंबे संगम तट पर कहीं तिल रखने भर की जगह नहीं बची। हर हर महादेव, जय गंगा मैया के गगनभेदी जयघोष के बीच कोई हाथों में ध्वज लिए संगम की ओर दौड़ता रहा तो कोई दंड-कमंडल, मनका लिए हुए लपकते पांवों से बढ़ता रहा। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल भी बरसाए गए।

**मंगलवार रात से ही भर गये घाट :** संगम तट पर माघ पूर्णिमा स्नान के लिए गंगा-यमुना के घाटों पर श्रद्धालुओं का खचाखच जमावड़ा मंगलवार रात से ही शुरू हो गया था। भीड़ प्रबंधन के चलते मेला क्षेत्र में वाहनों की आवाजा रोक दिए जाने की वजह से सड़कें हर तरफ पैदल पथ में तब्दील हो गईं। सिर पर गठरी, कंधे पर झोला हाथों में बच्चों और महिलाएं अपनों का हाथ थामे लोग संगम तट की ओर लंबे डग भरते रहे। फाफामऊ से अरैल के बीच संगम के लंबे दोनों तटों पर बने स्नान घाटों पर दो बजे रात से ही डुबकी लगनी शुरू हो गई। संगम तट की रेती पर बिछे पुआलों पर दूर-दराज से आए लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहले से स्नान की प्रतीक्षा करते-करते सो गए थे।

**कल्पवास का समापन :** पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ त्रिवेणी की रेत पर शुरू हुआ कल्पवास का माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ समापन हो गया। ब्रह्म मुहूर्त में त्रिवेणी में माघ पूर्णिमा की डुबकी लगाकर कल्पवासी अपने शिविर पहुंचे। कल्पवासियों ने तीर्थ पुरोहितों के सानिध्य में विधि विधान से दान और हवन का अनुष्ठान पूरा किया। तीर्थ पुरोहित अमित आलोक पाण्डेय बताते हैं कि वैसे तो शास्त्र में 84 तरह के दान का उल्लेख है, लेकिन जिसकी जो श्रद्धा होती है उसका दान तीर्थ पुरोहित स्वीकार कर लेते हैं। शैया दान, अन्न दान, वस्त्र दान और धन दान आदि का अनुष्ठान माघ पूर्णिमा को किया जाता है। किसी कारण वश अगर कोई कल्पवासी माघ पूर्णिमा को यह अनुष्ठान पूरा नहीं कर पाता है तो वह अगले दिन त्रिजटा का स्नान कर यहां से विदा हो जाता है। माघ पूर्णिमा में दस लाख से अधिक कल्पवासी महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर यहां से प्रस्थान कर गए।

**46 करोड़ से ज्यादा कर चुके स्नान :** महाकुंभ का आज 31वां दिन है। इससे पहले 4 स्नान पर्व हो चुके हैं। मेला प्रशासन के मुताबिक, बुधवार शाम 6 बजे तक 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। 13 जनवरी से अब तक करीब 46.25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान पर्व होगा। इससे पहले बसंत पंचमी के दिन करीब 2.57 करोड़ लोगों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई थी। यह स्नान महाकुम्भ के तीसरे अमृत स्नान के रूप में हुआ था। अनुमान है कि बुधवार को 2.5 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे।

**ट्रैफिक प्लान में बदलाव :** प्रयागराज जाने वाले रास्तों में जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव किया गया। शहर में वाहनों का प्रवेश बंद है। मेला क्षेत्र में भी कोई भी वाहन नहीं चलेगा। ऐसे में श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। प्रशासन पार्किंग से शटल बसें चला रहा है। महाकुम्भ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुम्भ सेंटर को बंद कर दिया गया है।

**सुरक्षा की चाक चौबंद इंतजाम :** संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़ पाए। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है।

भीड़ कंट्रोल के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के जिलाधिकारी, 20 आईएएस और 85 पीसीएस अफसर तैनात किए गए हैं। इधर, लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और कई सीनियर अफसर भी हैं।

**रेलवे ने 190 ट्रेनें चलाई :** रेलवे की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक, बुधवार 12 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक यात्रियों की सुविधा के लिए 190 ट्रेनें चलाई गईं। कुल 9.46 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया। इससे पहले 11 फरवरी को 343 गाड़ियां चलाई गईं। 14.69 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। अयोध्याधाम, गोरखपुर, वाराणसी और कानपुर जाने के लिये हर आधे घंटे में मेला स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही हैं। यात्रियों की सुविधा के? लिये प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज के अन्य रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे कर्मचारी यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का खास ख्याल रख रहे हैं। प्लेटफार्मों पर आकस्मिक चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध है।

**सुरक्षित तरीके से हो रहा स्नान :** प्रयागराज के जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदार ने कहा कि माघी पूर्णिमा का स्नान कल रात से ही सुरक्षित तरीके से हो रहा है। श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं। 322 से अधिक सिविल अधिकारी और 9 हजार से अधिक बल तैनात हैं। 60 से अधिक आरएएफ कंपनियां तैनात हैं, ट्रैफिक पुलिस भारी संख्या में तैनात है। अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं, अफवाहों पर ध्यान न दें। मेला स्पेशल ट्रेन और अन्य ट्रेनें सामान्य रूप से चल रही हैं। यह एक ऐतिहासिक अवसर है। मुख्यमंत्री और प्रशासन के निर्देश पर हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं कि लोगों को कोई परेशानी न हो। पिछले कुछ दिनों में जो ट्रैफिक जाम की समस्या थी, उसके लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है।